www.epaper.azadsipahi.in

24 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 11, अंक 36




भारत ने जीता पहला ब्लाइंड विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## रांची वनडे मैच में कप्तानी करते नजर आयेंगे केएल राहुल

- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में कप्तानी की मिली जिम्मेदारी
- घायल श्रेयस और शुभमन बाहर, कोहली-रोहित घरेलू इंटरनेशनल मैच में हुई वापसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रांची में 30 नवंबर को होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रिका वनडे क्रिकेट मैच में केएल राहुल कप्तानी करते दिखेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बीसीसीआइ ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। घायल कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान श्रेयस अय्यर और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इस सीरीज से बाहर हैं। वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे।

वहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते दिखायी देंगे। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया है। तीन वनडे की सीरीज 30 नवंबर से शुरू होनी है। टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से खेली जायेगी, लेकिन इसके लिए टीम घोषित नहीं की गयी।



**राहुल ने 2023 में की थी कप्तानी :** राहुल ने 2023 में आखिरी बार कप्तानी की थी। विकेटकीपर केएल राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। आठ में भारत को जीत और चार में हार मिली।

**जडेजा और पंत भी शामिल :** अक्षर बाहर, जडेजा को मौका, पंत भी शामिल ऑस्ट्रेलिया में वनडे सीरीज का हिस्सा रहे अक्षर पटेल को बाहर कर दिया गया। उनकी जगह रवींद्र जडेजा को शामिल किया गया। विकेटकी पर ऋषभ पंत को भी जगह मिली, वे विकेटकीपर राहुल के बैकअप के रूप में शामिल हैं। हालांकि, श्रेयस के बाहर होने के बाद उन्हें नंबर-4 पर भी मौका मिल सकता है। इस पोजिशन के लिए ऋतुराज गायकवाड, तिलक वर्मा और ध्रुव जुरेल भी दावेदार हैं। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया।

टीम में प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह के रूप में 3 तेज गेंदबाज हैं। मोहम्मद शमी को फिर एक बार मौका नहीं मिला। शुभमन के बाहर होने के बाद अब यशस्वी जायसवाल को रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करने का मौका मिल सकता है।

### भारतीय टीम

केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।

### दक्षिण अफ्रीका टीम

टेंबा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जकी, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, मार्को यानसन, केशव महाराज, ऐडन मार्करम, लुंगी एनगिडी, रायन रिकेल्टन, प्रनेलन सुब्रायन।

### आम लोगों के दरवाजे पर पहुंच रही हेमंत सोरेन सरकार

## शिविरों में उमड़ रहे हैं लोग आवेदनों का हो रहा निबटारा

- मंत्री से लेकर पार्टी नेता तक हो रहे शामिल
- गांडेय में विधायक कल्पना सोरेन हुई शामिल

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन सरकार एक बार फिर आम लोगों के दरवाजे पर है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू हुए 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की तीसरी कड़ी 'सेवा अधिकार सप्ताह' के तहत पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में झारखंड सरकार के मंत्री से लेकर पार्टी नेता और सरकारी अधिकारी भाग ले रहे हैं। रविवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, शहरी विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, विधायक कल्पना सोरेन और कई अन्य वरीय नेता अपने-अपने इलाकों में 'सेवा अधिकार सप्ताह' के शिविरों में शामिल हुए। छुट्टी का दिन होने के बावजूद इन शिविरों में आम लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। गांडेय विधानसभा क्षेत्र में आयोजित शिविर में विधायक कल्पना सोरेन ने लोगों से बातचीत की और योजनाओं की जानकारी दी। कल्पना सोरेन से मिल कर लोग काफी उत्साहित दिखे।



### क्या है पूरा कार्यक्रम

बता दें कि पिछले दो वर्षों से झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा राज्य भर में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें पंचायत स्तर पर सेवा शिविर लगाये जाते हैं, जिनमें सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निबटारा किया जाता है। पिछले दो साल में इन शिविरों में लाखों आवेदनों का ससमय निष्पादन किया गया। इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, सोना-सोबरन धोती-साड़ी, हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री पशुधन तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि जैसी कई लोक-हितकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। इस बार शिविरों में सबसे अधिक आवेदन राशन कार्ड और मंईयां सम्मान योजना के लिए आ रहे हैं। यह कार्यक्रम इसलिए खास है, क्योंकि जहां पहले राज्य के सुदूर इलाकों में कोई पदाधिकारी नहीं जाता था, वहां आज पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांध-बांध कर भेजा जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन एवं अबुआ वीर अबुआ दिशोम जैसी योजनाओं के अंतर्गत लाभ देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र भी निर्गत किये जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा है कि हमारा झारखंड एक विशाल पेड़ की तरह विराट है। हमारी सरकार इसी विशाल पेड़ की जड़ों को सींचने का काम कर रही है। झारखंड के अमर वीर शहीदों और महान क्रांतिकारियों के सपनों को साकार करते हुए राज्य को सतत विकास की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। झारखंड के विकास में, यहां के गरीब-गुरबा और शोषित, वंचित को ध्यान में रखा जा रहा है, आदिवासी-मूलवासी के हक-अधिकार का सम्मान किया जा रहा है। झारखंड को देश के विकसित राज्यों के समकक्ष ले जाने के क्रम में यहां के गांव, जंगल, जमीन, सभ्यता, और संस्कृति को भी ध्यान में रखा जा रहा है। राज्य और राज्यवासियों के विकास के लिए अनेकों लोक-कल्याणकारी योजनाओ को प्रारंभ किया गया है। राज्य की जनता तक लाभ पहुंचाने के लिए विकास कार्यों को हमें मिलकर आगे बढ़ाना है। सरकार की योजना को अंतिम पायदान पर खड़े जनता मालिक के दरवाजे तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य है। मैं चाहूंगा कि इस अभियान से जुड़कर आप सरकार की योजनाओं का लाभ लें एवं अपील करूंगा कि अपने आसपास के जरूरतमंद साथियों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### दुमका में पति-पत्नी विवाद का हुआ दर्दनाक अंत

## पत्नी और दो बच्चों की हत्या के बाद पति ने लगायी फांसी

- पति का शव घर के बाहर मिलने के कारण हत्या या आत्महत्या, बना संशय
- पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बरदेही गांव में रविवार की सुबह एक की परिवार के चार लोगों का शव बरामद हुआ है। घटना की जानकारी ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। बताया जा रहा है कि घरेलू झगड़े के बाद एक ही परिवार के चार लोगों की मौत का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार, गांव के बीरेंद्र मांझी ने अपनी पत्नी आरती कुमारी और दो मासूम बच्चों चार वर्षीय बेटी रूही और दो वर्षीय बेटे विराज की हत्या कर दी। इसके बाद उसने भी फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

बीरेंद्र का शव घर के बाहर खेतों में मिला, इसलिए आत्महत्या है या हत्या इसे लेकर संदेश बन रहा है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

### रात में हुआ झगड़ा, सुबह मिली चारों की लाश

मृतक के पिता मनोज मांझी ने बताया कि रात में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। आशंका जतायी जा रही है कि इसी विवाद ने गंभीर रूप ले लिया और गुस्से में बीरेंद्र ने पहले पत्नी और दोनों बच्चों की हत्या की। इसके बाद फांसी लगाकर जिंदगी समाप्त कर ली। रविवार की सुबह जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो परिवार के अन्य सदस्यों ने पड़ोसियों की मदद ली।

### घर के बाहर शव मिलने पर हो रहा संदेह

घर के भीतर मां और बच्चों के शव मिले। जबकि व्यक्ति की लाश घर के बाहर खेतों के पास मिली। शव देख कर ही पुलिस को सूचना दी गयी। शव मिलने की ऐसी परिस्थिति से संदेह भी हो रहा है कि जब पति ने पत्नी और बच्चों की हत्या कर दी। फिर खुद फांसी लगा ली, ऐसे में शव घर के बाहर कैसे मिला।

### बेटे की तबियत खराब, वेल्लोर ले जाने की थी तैयारी

घटनास्थल पर जुटे ग्रामीणों के अनुसार परिवार बेहद साधारण था। मृतिका आरती का मायका देवघर जिले के पालाजोरी में है। बताया गया कि बीरेंद्र शनिवार को ही पत्नी और बच्चों को मायके से वापस लेकर आया था। उसके बेटे विराज के दिल में छेद था। उसे इलाज के लिए वेल्लोर ले जाने की तैयारी चल रही थी।

### हत्या और आत्महत्या के एंगल से जांच

हंसडीहा पुलिस मौके पर पहुंची और चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हत्या और आत्महत्या के सभी संभावित कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल, परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि गांव के लोग नवान्न पर्व की तैयारी में जुटे थे, लेकिन अचानक आई इस खबर ने पूरे माहौल को शोक से भर दिया।

## बसिया में छह वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के बाद की हत्या

- आरोपी पकड़ाया, घर से मिला बच्ची का शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बासिया।** गुमला जिला के बसिया थाना क्षेत्र में एक छह वर्षीय बच्ची का गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी गयी। ग्रामीण को आशंका है कि हत्या के पूर्व बच्ची के साथ दुष्कर्म भी किया गया था।

ग्रामीण बता रहे हैं कि बच्ची शनिवार की शाम लगभग सात बजे से गायब थी। जिसकी खोज परिजन रातभर करते रहे। गांव के एक व्यक्ति शशि पहान को ग्रामीणों ने घर के बाहर सोये देखा, तो उन्हें हैरानी हुई।

परिजन उससे पूछताछ की तो वह सही ढंग से जवाब नहीं दे सका। इस पर महिलाओं को शक हुआ। उन्होंने जबरन घर का दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलते ही आरोपी भाग खड़ा हुआ। दरवाजा खोलने पर बच्ची मृत पड़ी हुई थी और उसका कपड़ा भी अस्त-व्यस्त था। इसकी सूचना स्थानीय लोगो ने पुलिस को दी। स्थानीय लोगों को आशंका है कि बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद आरोपी ने डर से बच्ची की हत्या कर दी है।

### शव को दफनाने के लिए खोदा गड्ढा

लोगों ने बताया कि स्कूल से लौटकर बच्ची अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी, तभी शाम को आरोपी शशि बिस्किट खरीदा ओर बच्ची को लेकर अपने घर की ओर चला गया। आरोपी शशि खड़िया पूर्व में अपनी पत्नी अनिमा को भी मारपीट कर घर से भगा दिया है। उसकी पत्नी दो माह से बाहर रह रही है। कहा जाता है कि वह शराबी और चोर प्रवृति का इंसान है। आरोपी शशि के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। लोगों ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के शव को छिपाने के लिए अपने आंगन में गड्ढा भी खोद रहा था। वह एक फुट तक गड्ढा खोद चुका था। इसबीच उसका भेद खुल गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## करंट से जंगली हथिनी की मौत

- हाथियों के झुंड की हथिनी खंबे से टकरायी, जिससे बिजली तार टूटा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला के चिनियां थाना क्षेत्र के चिनियां-धुरकी मुख्य मार्ग स्थित कारी-माटी चपकली रोड में रविवार अहले सुबह हाइटेंशन तार की चपेट में आने से जंगली हथिनी की मौत हो गयी। बताया जाता है कि यहां जंगल की ओर लौट रहे जंगली हाथियों के झुंड में शामिल एक हथिनी 11,000 वोल्ट के हाइटेंशन बिजली तार की चपेट में आ गयी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

ग्रामीणों के अनुसार सुबह-सुबह हाथियों का झुंड गांव में दिखायी दिया। वापस जंगल की ओर बढ़ते समय झुंड मे चल रही हथिनी अचानक 11 हजार वोल्ट के बिजली पोल से टकरा गयी। टकराने के साथ ही वी क्रॉस आर्म का नट-बोल्ट टूट पड़ा, जिससे विद्युत प्रवाहित तार ढीला होकर पोल के सहारे नीचे आ गया। उसी क्षण हथिनी तार की चपेट में आ गयी और पलभर में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग घटनास्थल पर उमड़ पड़े।

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले का मुआयना किया। प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि ग्रामीण सूचना पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां एक मृत हथिनी बरामद की गयी। प्रथम द्दष्टया मौत का कारण करंट लगने से प्रतीत हो रहा है।

## देश में 1 दिसंबर से केस लिस्टिंग की नयी व्यवस्था

- नये जस्टिस सूर्यकांत का शपथ ग्रहण समारोह आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत 24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के 53वें सीजेआइ के तौर पर शपथ लेने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने संकेत दिया है कि वे 1 दिसंबर को देश को सरप्राइज देंगे। उन्होंने केवल इतना इशारा किया कि सरप्राइज केसों की लिस्टिंग को लेकर है। लिस्टिंग की व्यवस्था इतनी अच्छी होगी, कि सब इसका स्वागत करेंगे। देश के सबसे बड़े ज्यूडिशियल ऑफिस का चार्ज संभालने से पहले, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डेजिग्नेटेड, जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उनका मेन फोकस देश की अदालतों में पेंडिंग केसों की भारी संख्या को कम करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के उन मामलों का निपटारा करेंगे, जो हाइकोर्ट में लास्ट स्टेज में हैं और सुप्रीम कोर्ट में लंबित होने के कारण लटके हैं।

## जी20 समिट : एआइ के गलत इस्तेमाल पर रोक जरूरी : मोदी

- अपराध और आतंकवाद में इसका इस्तेमाल खतरनाक

**एजेंसी**

**जोहांसबर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहांसबर्ग में हो रहे जी20 समिट के दौरान दुनिया के 20 वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इनमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों समेत कई बड़े अंतरराष्ट्रीय नेता शामिल रहे। मोदी ने रविवार को समिट के तीसरे सेशन में दुनिया को एआइ के गलत इस्तेमाल को लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है, इसलिए सभी देशों को मिलकर इसके लिए मजबूत नियम-कानून बनाने चाहिये। मोदी ने कहा कि एआइ पर अंतरराष्ट्रीय समझौता होना जरूरी है। इसमें तीन चीजें सबसे जरूरी होंगी। निगरानी, सुरक्षा और पारदर्शिता। उन्होंने कहा कि डीपफेक वीडियो-ऑडियो, अपराध और आतंकवाद में एआइ का इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। मोदी ने कहा कि अगर अभी कदम नहीं उठाये गये, तो एआइ का गलत इस्तेमाल समाज के लिए बड़ी समस्या बन सकता है। इसलिए समय रहते पूरी दुनिया को एकजुट होकर कार्रवाई करनी चाहिये। प्रधानमंत्री जी 20 शिखर सम्मेलन से इतर साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका नेताओं की बैठक में शामिल हुए। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हुए। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी बैठक में मौजूद रहे।



**दक्षिण अफ्रीका के बनाये घोषणा पत्र को मंजूरी मिली :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बॉयकॉट के बावजूद 20वीं जी20 समिट के पहले दिन शनिवार को सदस्य देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाये घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ। वहीं, ट्रंप ने आखिरी सेशन में 2026 की मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी। सूत्रों के मुताबिक दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया। अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा रविवार को जी-20 की अगली अध्यक्षता 'खाली कुर्सी' को सौंपा।

### दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने परंपरा तोड़ी

इस बार के जी20 समिट में दो बड़ी परंपराएं टूट गयीं और यही वजह है कि यह बैठक ऐतिहासिक रूप से अलग मानी जा रही है। पहली परंपरा मेजबानी सौंपने की है। हर जी20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, इस साल के मेजबानी देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' (अध्यक्षता का प्रतीक) सौंपता है। यह एक लाइव सेरेमनी होती है, जिसमें दोनों देशों के नेता आमने-सामने मौजूद रहते हैं। इस बार अमेरिका की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप शामिल नहीं हुए। उनकी गैरहाजिरी की वजह से दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने खाली कुर्सी को मेजबानी सौंपने का ऐलान किया है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## भारत और दक्षिण अफ्रीका वनडे क्रिकेट मैच

# रांची में होटल से लेकर स्टेडियम तक की सुरक्षा रणनीति तैयार





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आगामी 30 नवंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जायेगा। ऐसे में रांची पुलिस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों और बाहर से आने वाले वीआइपी गेस्ट की सुरक्षा को लेकर अपनी रणनीति तैयार करने में जुटी हुई है। इसको लेकर तय गाइडलाइंस के अनुसार रांची पुलिस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सुरक्षा के मापदंडों को पूरा कर रही है।

### मैच को लेकर तैयारी शुरू

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गयी है। स्टेडियम और उसके बाहर की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन, रांची पुलिस और जेएससीए प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठकें लगातार जारी हैं।

बता दें कि 27 नवंबर को दोनों टीमें ही रांची पहुंचेंगी और 28 नवंबर को स्टेडियम में अभ्यास करेगी। इस दौरान खिलाड़ियों की होटल से लेकर स्टेडियम तक की सुरक्षा का खाका तैयार किया जा रहा है। इस बार खिलाड़ियों की तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी। एयरपोर्ट, होटल और स्टेडियम के लिए दो हजार से अधिक पुलिसफोर्स की तैनाती की जायेगी।

### अतिरिक्त अफसर मांगे गये

रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्रिकेट मैच को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की डिमांड पुलिस मुख्यालय से की गयी है। 26 नवंबर तक अफसर और अतिरिक्त बल रांची में डिप्यूट कर देने की संभावना है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आइजी अभियान डॉक्टर माइकल राज ने बताया कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम किये जा रहे हैं। अतिरिक्त फोर्स भी राजधानी में तैनात किये जायेंगे।

**एक्स्ट्रा सीसीटीवी की व्यवस्था, ड्रोन किया जायेगा तैनात :** रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए सभी तरह की तैयारी की जा रही है। खासकर अक्सर यह देखा जाता है कि मैच खत्म होने के बाद शहर में हर तरफ जाम हो जाता है। ऐसे में ट्रैफिक के लिए विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है।

इस बार स्टेडियम तक पहुंचने वाले वाहनों को एक तय सीमा के अंदर ही जाने दिया जायेगा। पूरे स्टेडियम के आसपास के इलाकों की सेंट्रल मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन की तैनाती भी की जायेगी। सुरक्षा के मद्देनजर स्टेडियम और उसके बाहर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। साथ ही धुर्वा में ही कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। कंट्रोल रूम में 20 से अधिक कर्मचारियों को पुलिसकर्मियों के साथ तैनात करने की योजना बनायी गयी है।

### महिला बल की संख्या बढ़ायी जायेगी

सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि मैच के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के साथ-साथ स्टेडियम के भीतर इस बार महिला पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ायी जायेगी। इसकी तैयारी भी कर ली गयी है।

# कम समय में लंबी रेखा खींचना चाहती हैं डीजीपी

## लॉ एंड ऑर्डर और पुलिस कल्याण पर फोकस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्र कम समय में अपने काम के बूते लंबी रेखा खींचना चाहती हैं। डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय के कार्य संस्कृति को भी बदल दिया है। अधिकारी अब समय पर आ रहे हैं और समय पर ही जा रहे हैं। डीजीपी का पूरा फोकस लॉ एंड ऑर्डर, महिला सुरक्षा, नक्सल अभियान और पुलिस कल्याण पर है। डीजीपी बने उन्हें अभी कम समय हुआ है। कम समय में ही डीजीपी कई बड़े फैसले ले चुकी है। फाइलों का निपटारा तुरंत करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस क्लयाण के लिए उन्होंने कई आदेश जारी किये। शिकायत कोषांग का गठन भी कर दिया गया है। वे खुद नक्सल अभियान की समीक्षा करने चाइबासा गयी थीं। जिलों के एसपी से सीधे संपर्क में रहती हैं। एसपी स्तर के अधिकारियों से जिलों के संबंध में खुद जानकारी लेती हैं। डीजीपी ने जिला के एसपी को निर्देश दिया है कि आम लोगों से जरुर मिले। वे खुद पुलिस मुख्यालय पहुंचने वाले आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान भी करती हैं। डीजीपी चाहती हैं कि झारखंड में क्राइम नहीं हो। साइबर अपराधियों के खिलाफ भी नकेल कसने के निर्देश दिये गये हैं। कई बड़े साइबर अधिकारी इस दौरान पकड़े भी गये।

# कैमरून में फंसे झारखंड के 5 मजदूर

### वीडियो भेजकर सरकार से वतन वापसी की लगायी गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विष्णुगढ़।** झारखंड के प्रवासी मजदूर एक बार फिर विदेशी मिट्टी पर संकट में पड़ गये हैं। गिरिडीह और हजारीबाग जिलों के पांच मजदूर अफ्रीका के कैमरून में फंसे हुए हैं। मजदूरों का आरोप है कि जिस कंपनी में वे काम करने गये थे, वहां मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही रहने और खाने-पीने की मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करायी जा रही हैं। विदेश में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी व्यथा साझा की है और सरकार से जल्द मदद की अपील की है। यह वीडियो मजदूरों के हित में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली को भेजा गया, जिन्होंने इसे मीडिया के साथ साझा करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने रखी मांग

प्रवासी श्रमिकों के मुद्दों पर सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की है कि कैमरून में फंसे मजदूरों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए कूटनीतिक स्तर पर ठोस पहल की जाये। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब झारखंड के मजदूर विदेशों में फंसे हों।

उन्होंने याद दिलाया कि इसी महीने सरकार के प्रयास से ट्यूनीशिया में फंसे 48 मजदूरों की वतन वापसी करायी गयी है। वहीं, गिरिडीह के बगोदर क्षेत्र के पांच अगवा मजदूर सात महीने से नाइजर में फंसे हैं, जिनकी अब तक रिहाई नहीं हो सकी है। इसके अलावा गिरिडीह के डुमरी के प्रवासी मजदूर विजय कुमार महतो का शव एक महीने से सऊदी अरब में पड़ा है।

**फंसे हुए मजदूरों की पहचान**

सुनील महतो (ऊंचाघना, विष्णुगढ़, हजारीबाग)
सुकर महतो (ऊंचाघना, विष्णुगढ़, हजारीबाग)
चंद्रशेखर कुमार (करगालो, हजारीबाग)
डीलों महतो (हजारीबाग)
दिलचंद महतो (डुमरी, गिरिडीह)

# अयोध्या राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह कल

## स्वस्ति वाचन और पुष्प वर्षा से पीएम की होगी अगवानी

### गूंजेगी शंख और घंटा-घड़ियाल की ध्वनि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जाने का रूट एसपीजी की मंजूरी के बाद फाइनल हो गया है। पीएम मोदी 25 नवंबर को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से साकेत कॉलेज में बने हेलीपैड पर आयेंगे। यहां से रामपथ से होते हुए जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार से श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। साकेत महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर अयोध्या की वैदिक परंपरा के अनुसार पीएम मोदी के भव्य स्वागत के लिए स्वस्ति वाचन होगा। 501 बटुक ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन, संत-महंतों के शंखनाद और घंटा-घड़ियाल की पवित्र ध्वनि के मध्य प्रधानमंत्री का स्वागत किया जायेगा।

### सात स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा

साकेत महाविद्यालय से राम जन्मभूमि के गेट नंबर-11 यानी जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य द्वार तक रामपथ के दोनों ओर खड़े अयोध्यावासी पुष्पवर्षा के माध्यम से पीएम का अभिनंदन करेंगे। स्वागत के लिए 12 मंच बनाये जायेंगे। वहां से पुष्प वर्षा की जायेगी। स्वागत पथ पर सात स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन होगा। इस उत्सव में भारतीय परंपराओं, अध्यात्म और लोक कलाओं का प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर संगीत, नृत्य, लोक कलाओं और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी।



### शास्त्रीय कलाओं की छटा देखने को मिलेगी

भजन गायन से लेकर ब्रज की पारंपरिक लोक धुनों तक और प्रदेश के विभिन्न अंचलों के लोक गायन दल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरों में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। शहनाई, सारंगी, पखावज, बांसुरी, सरोद और सितार जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की विशेष प्रस्तुतियां आयोजन को आध्यात्मिक आभा से आलोकित करेंगी। संस्कृति विभाग के प्रयास से ध्वजारोहण कार्यक्रम के साक्षी बन रहे लोगों को प्रदेश के पारंपरिक लोक नृत्य और शास्त्रीय कलाओं की अद्भुत छटा देखने को मिलेगी। प्रदेश के विविध सांस्कृतिक रंग भव्य शोभायात्रा के रूप में नजर आएंगे। एक ही मंच पर मयूर, राई, फरूवाही, बधावा, अवधी, करमा, ढेढिया, धोबिया, कहरवा, वनटांगिया और बारहसिंहा जैसे लोकनृत्य इस आयोजन का विशेष आकर्षण होंगे। शास्त्रीय नृत्य की श्रेणी में कथक की मनोहारी प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेगी।

# दोबारा डायनासोर आ सकता है, पर बिहार में राजद नहीं : मांझी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार पर हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) सुप्रीमो जीतनराम मांझी ने तंज कसा है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि धरती पर डायनासोर फिर से आ सकता है, पर बिहार में राजद की अब वापसी नहीं होगी। विगत चुनाव में 143 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद राजद को मात्र 25 सीटों पर सफलता मिली। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने लालू यादव का सपना अधूरा रह गया। रविवार को केंद्रीय एमएसएमइ मंत्री जीतनराम मांझी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाला। मांझी के पोस्ट पर सियासत शुरू हो गयी। उन्होंने लिखा कि जो हश्र धरती पर डायनासोर का हुआ, आने वाले वक्त में वही हश्र बिहार में राजद का होगा।अब तो सब लोग कहने लगें हैं कि धरती पर दोबारा डायनासोर आ सकता है, पर बिहार में राजद के लोग नहीं आ सकते। मांझी ने इस पोस्ट को राजद और तेजस्वी यादव को भी टैग किया। इस बार के चुनाव में राजद के साथ सबसे बड़ा विरोधाभास यह रहा कि उसको पूरे राज्य में सबसे अधिक वोट शेयर, लगभग 23% मिला। लेकिन विधायकों की संख्या 25 पर ही अटक गयी। हेलीकॉप्टर को ट्रैक्टर बनाकर चुनाव लड़ने वाले तेजस्वी यादव के सारे दावे फेल हो गये। दूसरी ओर जीतनराम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा मात्र छह सीटों पर चुनाव लड़ी, जिसमें से पांच पर जीत दर्ज की। उनके बेटे संतोष कुमार सुमन को नयी सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया है। इसी वजह से मांझी को मौका मिल गया। राजद को 2020 के चुनाव में 75 पर जीत मिली थी और सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। उसका पांच साल बाद ऐसा बुरा हाल हो गया। मांझी ने चुनाव प्रचार के दौरान भी कहा था कि इस बार राजद की बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। एनडीए की प्रचंड जीत होगी और नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे।

# विधायकी गयी, तो तेज प्रताप फिर बन गये व्लॉगर, नया चैनल लांच किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार चुनाव में अपनी नयी पार्टी बनाकर चुनाव लड़ने वाले राजद सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप फिर से ब्लॉगर बन गये हैं। महुआ सीट से लड़ने वाले तेज प्रताप चुनाव हार गये। वह तीसरे नंबर पर रहे। उनकी पार्टी के भी सभी प्रत्याशियों की हार हुई। 14 नवंबर को बिहार चुनाव के नतीजे आये और 17 नवंबर को तेज प्रताप ने नया यू-ट्यूब चैनल बनाया है, जिसका नाम 'टीवाइ व्लॉग' है। इस पर अभी तक दो वीडियो अपलोड हुए हैं। चैनल के छह हजार से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इससे पहले तेज प्रताप 'एलआर व्लॉग' नाम से चैनल चलाते थे, लेकिन रिकवरी नहीं होने कारण अब उन्होंने नया चैनल बनाया है। चैनल के पहले वीडियो में उन्होंने डेयरी मिल्क प्रोडक्शन फैक्ट्री के बारे में बताया है, जिसमें दूध की पैकेजिंग, प्रोसेसिंग और तैयार होने की पूरी प्रक्रिया को सरल अंदाज में पेश किया है। इसे 50 हजार से ज्यादा लोग देख चुके हैं और साढ़े तीन हजार से ज्यादा लाइक्स हैं। इससे पहले वीडियो में संदेश देते हुए कहा था कि 'जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है'। उनके वीडियो पर यूजर्स खूब कमेंट्स भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, इंडिया का पहला यू-ट्यूबर है, जो वाइ सिक्योरिटी में चलता हो। तेज प्रताप सोशल मीडिया पर छाये रहते हैं। इससे पहले भी उनके वीडियो और रील्स वायरल हो चुके हैं और अब चुनाव से फुर्सत पाने के बाद अपना नया व्लॉगिंग चैनल शुरू किया है। बता दें बिहार चुनाव के दौरान ही उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से वाइ प्लस सिक्योरिटी मिली है। पिछली महागठबंधन की सरकार में वह वन पर्यावरण मंत्री थे। पहली बार 2015 में राजद प्रत्याशी के रूप में महुआ की सीट से जीते थे और फिर बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने थे। इसी साल तेज प्रताप के सोशल मीडिया अकाउंट से एक फोटो पोस्ट हुई थी। इसमें तेज प्रताप के साथ एक लड़की नजर आ रही थी। कैप्शन लिखा था कि मैं 12 साल से अनुष्का यादव के साथ रिलेशनशिप में हूं। कुछ देर बाद पोस्ट डिलीट हो गया। पांच घंटे बाद तेज प्रताप के अकाउंट से फिर एक पोस्ट हुआ। इसमें लिखा गया कि मेरा अकाउंट हैक हो गया है। ये फर्जी पोस्ट है और फोटो एडिट की गयी है। पोस्ट पर विवाद बढ़ने के बाद लालू यादव ने तेज प्रताप को पार्टी और परिवार दोनों से बाहर कर दिया था।

## सोनपुर मेले में 'प्रधान बाबू' का जलवा

# एक करोड़ के भैंसे की सबसे ज्यादा चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटना।** बिहार का सोनपुर मेला एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला है। इन दिनों मेले में 'प्रधान बाबू' नाम का भैंसा चर्चा में है, जिसकी कीमत मालिक ने एक करोड़ रुपये लगायी है। इस भैंसे के नाम से लेकर खुराक तक की चर्चा है। बीरबल सिंह बताते हैं कि भैंसे के जन्म के साल ही उनके पिता ब्रह्मदेव सिंह मुखिया बने थे। इसलिए इसका नाम 'प्रधान बाबू' रखा है। भैंसे के सीमन से हर साल 20 लाख से ज्यादा की कमाई होती है। हर दिन भैंसा आठ लीटर दूध पीता है। लोगों ने इसकी कीमत 50 लाख लगायी है, लेकिन मैं एक करोड़ से कम में नहीं बेचूंगा। ये मेरे बेटे जैसा है। मेले में 'प्रधान बाबू' के देखने वालों की भीड़ लगी है। सरसों के तेल से भैंसे की मालिश होती है। काले रंग का भैंसा 38 महीने का हो गया है। भैंसा करीब आठ फीट लंबा और पांट फीट ऊंचा है। बेहद शांत स्वभाव का है। भैंस की जाफराबादी नस्ल मूल रूप से गुजरात की है। इस नस्ल की भैंस अधिक दूध देती है। भैंसा मालिक ने बताया कि वह इसकी मां को गुजरात से लेकर आये थे। तब वह गर्भवती थी। हमारे घर में भैंसे जन्म हुआ। यह खाने में भूसा के साथ रोज केला, सेब और काजू खाता है। भैंसा से हर साल करीब 18-20 लाख रुपये कमाते हैं। बता दें कि सोनपुर मेले में 15 लाख रुपये के राजा और 11 लाख रुपये के सुल्तान घोड़े की भी चर्चा है। नौ नवंबर से शुरू हुआ सोनपुर मेला 10 दिसंबर तक चलेगा।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर भाजपा ने किया कटाक्ष

# दो साल तक अपनी ही योजना भूलकर सोयी रही सरकार: प्रतुल

### पहले तीन चरण में आये डेढ़ करोड़ से ज्यादा आवेदनों का क्या हुआ?

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार कोई योजना शुरू करती है। फिर भूल जाती है। फिर अचानक झटका लगता है तो याद आता है कि सरकार आपके द्वार जैसा कोई कार्यक्रम भी है। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार 2 वर्षों से अपनी इस योजना को भूल कर बैठी थी। जिस सरकार को अपनी ही घोषणाएं याद न रहें, वह जनता की समस्याएं क्या याद रखेगी?। प्रतुल ने कहा कि सबसे पहले राज्य सरकार को श्वेत पत्र जारी करके बताना चाहिए कि सरकार आपके द्वार के पहले तीन चरणों में आये हुए डेढ़ करोड़ से ज्यादा आवेदनों का क्या हुआ? 2021 में 35.95 लाख आवेदन, 2022 में 55.44 लाख आवेदन, 2023 में 58.26 लाख आवेदन आये थे। सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि कितने आवेदकों को न्याय मिला। ऐसा लगता है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सिर्फ एक रिसीविंग देने का जरिया बन गया है। पहले तीन चरणों में सबसे ज्यादा शिकायतें जमीन से संबंधित आये थे। लेकिन इस सरकार में तो अंचल कार्यालय लूट का अड्डा बन गया है। जिस सरकार में अंचल कार्यालय की बोली लगती हो वहां जनता को न्याय कहां मिलेगा। प्रतुल ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार आपके द्वारा नहीं बल्कि सरकार की एक फोटो-अपॉर्चुनिटी बनकर रह गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 25.9 °c | 13.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.08 बजे |



# भ्रष्ट - लापरवाह पदाधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के प्रोन्नत पदाधिकारियों की पोस्टिंग नहीं किये जाने पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है।

श्री मरांडी ने कहा कि यह बहुत अफसोस की बात है कि झारखंड के कुछ लापरवाह एवं तानाशाह अफसर राज्य को कानून के मुताबिक नहीं, बल्कि अपनी मनमर्जी से चला रहे हैं। ऐसा लगता है मानों सारे नियम कानून और सुविधाएं उनके फायदे और निजी लाभ के लिए बनायी गयी हों।

कहा कि हमें बताया गया है कि पुलिस विभाग में जिन अधिकारियों का डीएसपी में प्रोमोशन हुआ है, उनकी पोस्टिंग चार-पांच महीने से भी ज्यादा समय तक लंबित रखी जाती है। कई मामलों में तो पोस्टिंग उनके रिटायरमेंट के सिर्फ दो-चार दिन पहले की जाती है। इस वजह से ऐसे प्रोमोशन पाये लोगों को जो वास्तविक लाभ मिलना चाहिए, वो नहीं मिल पाता। कहा कि छोटे कर्मचारियों की स्थिति तो इससे भी बदतर है। उनके प्रोमोशन की फाइलें वर्षों तक विभागों की जटिल प्रक्रियाओं में फंसी रहती हैं। कई बार कर्मचारी न्यायालय से आदेश लेकर आते हैं, फिर भी उन्हें लाभ नहीं दिया जाता। इसके विपरीत, आइएएस/आइपीएस अधिकारी अपने प्रोमोशन और उसके लाभ को समय पर प्राप्त करने के लिए महीनों पहले ही सारी व्यवस्थाए सुनिश्चित कर लेते हैं।

कहा कि राज्य के कई कर्मचारी मिलते हैं, तो इस मुद्दे को लेकर अपनी पीड़ा से अवगत कराते हैं। इस वजह से उनमें भारी असंतोष है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग किया कि समय पर प्रोमोशन और लाभ की व्यवस्था में आइएएस/आइपीएस और राज्य कर्मियों के लिए छोटे-बड़े के दोहरे मापदंड एवं भेदभाव की प्रवृत्ति पर रोक लगे। कहा कि यह व्यवस्था सबके लिए समान और निष्पक्ष होनी चाहिए।

# पारदर्शी, दूरदर्शी, कल्याणकारी, संवेदनशील हेमंत सोरेन सरकार के आगे भाजपा पस्त : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी द्वारा अधिकारियों पर लगाए गए आरोपों पर पांडेय ने कहा कि भाजपा शासन में वर्षों तक कैडर समीक्षा लंबित रहने और फाइलों के गड़बड़ रहने की वजह से ही लंबे समय तक कई प्रक्रिया बाधित रहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने हजारों कर्मचारियों को लंबित प्रमोशन दिया है और पेंशन व सेवा लाभों को तेजी से निष्पादित भी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार से वेतन लेकर भाजपा के स्लीपर सेल के रूप में काम करने वाले कुछ अधिकारियों की चिंता में भाजपा नेता डूबे हुए हैं। उनके लिए ही भाजपा में बौखलाहट है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने न केवल पारदर्शी शासन स्थापित किया है बल्कि हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए समान अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। झारखंड में भाजपा की हर रणनीति बार-बार फेल साबित हो रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम



को लेकर भाजपा के आरोप पर उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से चुनी हुई हेमंत सरकार की हर लोकप्रिय योजना को बदनाम करने का षड्यंत्र रचना भाजपा की पुरानी आदत और राजनीतिक मजबूरी है। महासचिव पांडेय ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हेमंत सरकार के सबसे लोकप्रिय और सफल कार्यक्रमों में शामिल है। राष्ट्रीय स्तर पर विरोधियों ने भी अंतिम व्यक्ति के घर तक पहुंच कर सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के इस संकल्प की सराहना की है। इस कार्यक्रम की प्रगति पूरी तरह पारदर्शी है और इसका पूरा डाटा पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। सेवा की गारंटी की दिशा में पहली बार झारखंड में सरकार के स्तर से इतनी व्यापक पहल की गयी है। भाजपा को सेवा का अधिकार अधिनियम के बारे में जानकारी ही नहीं है। अगर होती तो मंईयां सम्मान योजना को लेकर बेतुका बयान जारी नहीं करती। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस कार्यक्रम की सफलता से असहजता है क्योंकि सरकार सीधे गांव -पंचायतों के अंतिम व्यक्ति के घर जाकर उन्हें उनका हक और अधिकार के प्रति न सिर्फ जागरूक कर रही है बल्कि उन्हें उनका हक दे भी रही है। बिचौलियों या दलालों के चंगुल से भोले भाले आदिवासी, मूलवासी, गरीब, पिछड़े, अल्पसंख्यकों को छुटकारा दिला कर हेमंत सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस प्रकार का संवेदनशील शासन पूंजीपतियों की पार्टी भाजपा के बूते की बात नहीं है। इतिहास में श्री हेमंत जी की यह पहल मिल का पत्थर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा को महिलाओं, कर्मचारियों या ग्रामीण जनता की चिंता नहीं, बल्कि अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन की फिक्र है। हकीकत यह है कि मंईयां सम्मान योजना की तर्ज पर भाजपा शासित राज्यों में योजनाएं शुरू की गयी हैं। ऐसे में भाजपा का भ्रामक आरोप सिर्फ और सिर्फ हर दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता से घबराहट में दिया गया है। महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के आरोपों को राजनीतिक हताशा की उपज बताया। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम है, और भाजपा को इससे तकलीफ इसलिए हो रही है क्योंकि वह अपने शासनकाल में महिलाओं के लिए एक भी स्वतंत्र आर्थिक सहायता योजना शुरू नहीं कर सकी।

# जनसुविधाओं के लिए अधिकारियों पर बनायेंगे कड़ा दबाव : सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने जनसुविधाओं के बेहद धीमे क्रियान्वयन और प्रशासनिक निष्क्रियता पर तीखा प्रहार करते हुए साफ कहा है कि आने वाले वर्ष में वे अधिकारियों पर काम कराने के लिए कड़ा दबाव बनायेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम के एक वर्ष पूर्ण होने पर बिष्टुपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि कई जरूरी योजनाएं प्रशासनिक उदासीनता के कारण पूर्ण नहीं हो पायी हैं, जबकि उनके लिए धन और प्रस्ताव पहले से उपलब्ध हैं। उन्होंने कदमा के कन्वेंशन सेंटर, बालीगुमा टंकी तक जलापूर्ति, और डीएम लाइब्रेरी के संचालन जैसे प्रमुख लंबित मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि भवन तैयार है, पर सेवाएं शुरू नहीं हुईं। देशबंधु लाइन क्षेत्र में बारिश के दौरान हुए जलजमाव की समस्याओं पर भी उन्होंने चिंता जतायी। उनके अनुसार कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए अब तक प्रशासनिक स्वीकृति ही नहीं मिली, जबकि इस बाबत सचिव से तीन बार वार्ता हो चुकी है। राय ने कहा कि जनता को सड़क, पानी, बिजली, सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं देना प्रशासन, नगर निगम और जेएनएसी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खराब सड़क या नाली ढूंढना कार्यकर्ताओं का काम नहीं, बल्कि प्रशासन के तंत्र की जिम्मेदारी है। नागरिक सुविधा मद में उपलब्ध राशि को उसी उद्देश्य में खर्च करने की सख्त सलाह देते हुए उन्होंने फंड के उपयोग की पारदर्शिता की भी मांग की। सामुदायिक भवनों के व्यावसायिक उपयोग पर उन्होंने नाराजगी जतायी और कहा कि इन भवनों का उद्देश्य जनता की सुविधा है, न कि निजी कमाई। उन्होंने जेएनएसी और मानगो नगर निगम को उनके मूल दायित्व जनसुविधाओं की बहाली पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल स्थिति, कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलना और आउटसोर्सिंग पर निर्भरता के बढ़ते बोझ को भी उन्होंने गंभीर मुद्दा बताया। राय ने कहा कि पुलिस थानों में बढ़ती अवैध वसूली की शिकायतों की वे अलग से जांच करेंगे।

# झारखंड में पहली बार ट्रांसजेंडरों के लिए समर्पित ओपीडी व्यवस्था लागू



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड ने सामाजिक न्याय और संवेदनशील स्वास्थ्य व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने घोषणा की कि रविवार से झारखंड के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष और सम्मानजनक ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी गयी हैं। सरकार द्वारा लागू की गयी इस नयी व्यवस्था के तहत ट्रांसजेंडरों को बिना किसी भेदभाव के परीक्षण और उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए विशेष संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किये गये हैं, ताकि उपचार प्रक्रिया अधिक मानवीय और सहज हो सके। साथ ही मनोवैज्ञानिक परामर्श और विशेष चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी की गयी है। इस पहल को देशभर के सामाजिक संगठनों ने ऐतिहासिक और अनुकरणीय बताया है। डॉ अंसारी ने कहा कि हर व्यक्ति सम्मान का अधिकारी है और ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा में समान अधिकार और स्थान दिलाना उनका संकल्प है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज आयेंगे दुमका
# झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट का करेंगे उद्घाटन









आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को दुमका आयेंगे। यहां वे दुमका एयरपोर्ट पर बने झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट का उदघाटन करेंगे। साथ ही सदर प्रखंड के आसनसोल पंचायत में आयोजित सेवा अधिकार सप्ताह यानी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की सारी तैयारियां अंतिम चरण में है।

## दुमका एयरपोर्ट पर आयोजित हो रहा है कार्यक्रम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम को लेकर एयरपोर्ट पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। एयरपोर्ट कैंपस में बने झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट में कॉमर्शियल पायलट के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए कई ग्लाइडर भी मंगवाये गये हैं। इस इंस्टीट्यूट का उद्घाटन सीएम के हाथों होना है। साथ ही सीएम सदर प्रखंड के आसनसोल पंचायत में सेवा अधिकार सप्ताह कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही तैयारियां अंतिम चरण में है। हवाई अड्डे पर ही विशाल पंडाल बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल के चारों ओर राज्य सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित होर्डिंग्स और पोस्टर लगाये गये हैं।

## उपायुक्त ने दी जानकारी

सूबे के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर दुमका उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जानकारी दी। डीसी ने बताया कि एकदिवसीय दौरे पर सोमवार को सीएम का आगमन हो रहा है। वे फ्लाइंग इंस्टीट्यूट का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही विकास की कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास और उद्घाटन का कार्यक्रम हवाई अड्डे से ही ऑनलाइन किया जायेगा। वहीं सीएम प्रोग्राम को लेकर सुरक्षा के भी यहां व्यापक इंतजाम किये गये हैं। रविवार को प्रशासन और पुलिस के वैसे अधिकारी जिन्हें ड्यूटी पर लगाया जा रहा है। उन सबों की एक बैठक आयोजित की गयी। जहां सारी व्यवस्था की ब्रीफिंग की गयी।

# कांग्रेस पार्टी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली करेगी

## वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में झारखंड से पांच हजार कार्यकर्ता लेंगे भाग

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांग्रेस 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली करेगी। इस रैली में झारखंड के विभिन्न प्रमंडलों से 5,000 से अधिक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रविवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में ये बातें कहीं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश भर के जिला अध्यक्षों को रैली में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। रैली का विभिन्न संचार माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश में वोट चोरी करके सरकारें बनायी जा रही हैं, चुनाव आयोग ने सरकार के इशारे पर पूरी चुनावी प्रक्रिया की गरिमा को दांव पर लगा दिया है, इसलिए लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें जनता की आवाज को बुलंद रखना होगा।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि पिछले वर्ष समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य की गठबंधन सरकार ने 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत की थी, जिसकी पूरे देश में सराहना हुई। लोक सेवा अधिनियम, 2011, जो पहले मध्य प्रदेश और फिर राजस्थान एवं झारखंड में एक साथ पारित हुआ, सार्वजनिक कार्यों को एक निश्चित समय-सीमा में पूरा करने की गारंटी देता है। इसमें समय-सीमा पूरी न होने पर दंड का भी प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप सरकार 21 से 28 नवंबर तक सेवा का अधिकार सप्ताह मना रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं, जिनके नेतृत्व में राज्य सरकार जन-जन तक पहुंच रही है। उन्होंने सभी वार्ड एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे इस 'सेवा का अधिकार सप्ताह' के तहत जन समस्याओं के समाधान के लिए पहल करें।

## भाजपा अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहती है : प्रदीप यादव

इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने इस देश के लोकतंत्र, संविधान और आम लोगों के मताधिकार की रक्षा के लिए जो लड़ाई शुरू की है, उसकी सफलता के लिए हम संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लूटतंत्र के जरिए अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहती है, जिसका हम विरोध करते हैं। कभी वोट चुराकर, कभी वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम कटवाकर, तो कभी विधायकों की खरीद-फरोख्त करके, भाजपा सरकार बनाती है। इस चोरी के विरोध में दिल्ली में होने वाली रैली में संविधान, लोकतंत्र और मतदान के अधिकार में विश्वास रखने वाले लोग शामिल होंगे। यह रैली सुनिश्चित करेगी कि यह देश लोकतांत्रिक व्यवस्था से चले।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनल शांति, केदार पासवान, राजन वर्मा मौजूद थे।

# खीस्त राजा पर्व पर निकली शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कैथोलिक मसीही समुदाय के खीस्त राजा पर्व पर निकली शोभायात्रा से राजधानी गुलजार रही। रविवार को पूर्वाह्न आस्था और अनुशासन के साथ बड़ी संख्या में विश्वासियों ने इसमें हिस्सा लिया। हाथों में मोमबत्तियां, क्रॉस और ध्वज लिए धर्मावलंबियों की लंबी कतार से ऐसा प्रतीत हुआ, मनो सड़कों पर सर्पकार लकीर सी खींच गयी हो। पुरूलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर से शोभायात्रा मनरेसा-हाउस, एक्सआइएसएस, जेवियर कॉलेज, सर्जना चौक होते हुए मेन रोड अल्बट एक्का चौक तक गयी। इसके बाद ओल्ड एचबी रोड, थड़पकना होते हुए लालपुर चौक, डंगरा टोली चौक होते हुए फतिमा नगर, डॉ कामिल बुल्के पथ के रास्ते लोयला मैदान पहुंची। यहां पवित्र सक्रामेंत की आराधना हुई। अगुवाई रांची महाधर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने की। कहा कि हमारे विश्वास में प्रभु खीस्त राजा है, हमारे मुक्तिदाता है।

## स्वागत को जुटे कांग्रेसी, दिया सद्भाव का संदेश

प्लाजा चौक पर कांग्रेस नेताओं ने शोभायात्रा में शामिल मसीही समुदाय का गर्मजोशी से स्वागत किया। साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे, डॉ राजेश गुप्ता और टिंकू वर्मा लोयला मैदान तक जुलूस में शामिल रहे। इस बीच विविध संस्थाओं की ओर से जगह-जगह शिविर लगाकर यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि धार्मिक शोभायात्राएं समाज में आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक समरसता को और मजबूत करती हैं। डॉ राजेश गुप्ता और टिंकू वर्मा ने भी सभी को शुभकामनाएं दी।

# मुनिश्री सुतीर्थ सागरजी ने किया पिच्छिका परिवर्तन, कहा
# अहिंसा और संयम की पहचान का प्रतीक है पिच्छी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिगंबर जैन मंदिर, जेजे रोड में प्रवास कर रहे मुनिश्री 108 सुतिर्थ सागर जी के आशीर्वचन का लाभ इन दिनों नित्य समाज को मिल रहा है। रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने सद्गुरु का दर्शन कर उनके प्रवचनों को आत्मसात किया। सुबह साढ़े आठ बजे मंगलाचरण के बाद मुनिश्री का पिच्छिका परिवर्तन हुआ। पुरानी पिच्छिका श्वेता सिद्धार्थ काशलीवाल परिवार को मिला। पाद प्रक्षालन का मौका नंदलाल, सुधीर कुमार, संदीप कुमार छाबड़ा परिवार को मिला। सुनील कुमार, अनील कुमार चांदूवाड़ परिवार ने मुनिश्री को शास्त्र भेंट कर स्वयं को धन्य किया। इसके बाद श्रावकों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए मुनिश्री ने जैन मुनिराजों के धारण की जाने वाली 'पिच्छी' (मयूर पिच्छिका) की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि यह उनकी अहिंसा के महाव्रत के पालन और संयम की पहचान का प्रतीक है। पिच्छी का प्राथमिक और सबसे महत्वपूर्ण उपयोग जीव रक्षा है। मुनिराज जब किसी स्थान पर बैठते हैं, सोते हैं या चलते हैं, तो उस जगह को पिच्छी से धीरे से साफ करते हैं, ताकि कोई सूक्ष्म जीव या कीड़ा उनके बैठने या पैर रखने से अनजाने में कुचला न जाये। मोर के पंख अत्यंत कोमल होते हैं, जिससे जीवों को नुकसान नहीं पहुंचता, वे बस हट जाते हैं। मुनिराज भौतिक वस्तुओं का त्याग करते हैं। पिच्छी उन कुछ स्वीकृत उपकरणों में से एक है, जो यह दर्शाता है कि वे न्यूनतम संपत्ति रखते हैं। यह मोर के उन पंखों से बनाई जाती है, जिन्हें मोर स्वयं स्वाभाविक रूप से छोड़ देता है। यह भी माना जाता है कि मोर एकमात्र ऐसा प्राणी है जो रतिक्रिया नहीं करता, बल्कि मोरनी मोर के आँसू पीकर गर्भवती होती है। इसलिए, ब्रह्मचर्य के आराधक मुनियों के लिए मोर पंख की पिच्छी विशेष रूप से उपयुक्त मानी जाती है। मोर के पंख धूल और अन्य कणों को आसानी से नहीं पकड़ते हैं, जिससे वे हमेशा अपेक्षाकृत साफ रहते हैं और बार- बार सफाई की आवश्यकता नहीं होती। जैन मुनिराजों की तपस्या का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि सर्दी हो गर्मी हो उनकी तपस्या में कोई अंतर नहीं आता। मुनिश्री ने महिलाओं से अनुरोध किया कि वह घर पर बच्चों को संस्कार दे। उनके प्रति अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वाह करें ताकि एक सुदृढ़ भविष्य का निर्माण हो सके। पूर्व अध्यक्ष पूरणमल सेठी, अध्यक्ष प्रदीप बाकलीवाल, मंत्री जीतेंद्र छाबड़ा, मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल, माणकचंद काला, नरेंद्र पांड्या, प्रमोद झांझरी, कैलाशचंद बड़जात्या, चेतन पाटनी, टिकमचंद छाबड़ा, सुबोध बड़जात्या, मनोज काला, सौरभ विनायक्या, राजेश छाबड़ा आदि मौके पर खास तौर से उपस्थित थे।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पवेलियन में भीड़
# रांची को शिक्षा और कौशल विकास का नया केंद्र बनाने की तैयारी तेज

- रांची को नॉलेज हब बनाने की झारखंड सरकार की मजबूत पहल
- झारखंड पवेलियन में प्रदर्शित रांची स्मार्ट सिटी मॉडल बना आकर्षण का केंद्र




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में इस वर्ष झारखंड पवेलियन का रांची स्मार्ट सिटी मॉडल मीडिया और दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित कर रहा है। नवीनतम तकनीक, भविष्य उन्मुख शहरी नियोजन और नागरिक-केंद्रित विकास दृष्टि के साथ यह मॉडल झारखंड सरकार की प्रगतिशील शहरी नीतियों का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है।

**रांची स्मार्ट सिटी एक अत्याधुनिक आधारभूत संरचना :** रांची स्मार्ट सिटी में अत्याधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, जिसके तहत 656 एकड़ में विकसित होने वाली ग्रीनफील्ड टाउनशिप सीबीडी, प्रस्तावित राजधानी परिसर, एयरपोर्ट और हटिया रेलवे स्टेशन के निकट एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थापित की जा रही है। यह क्षेत्र भविष्य में निवेश आकर्षित करने, तकनीकी संस्थानों, स्टार्टअप इकोसिस्टम और ज्ञान-आधारित उद्योगों को विकसित करने के लिए एक आदर्श केंद्र के रूप में उभर रहा है।

**रांची स्मार्ट सिटी में मिलेगी सभी मूलभूत सुविधाएं :** रांची को फ्यूचर-रेडी स्मार्ट सिटी बनाने के उद्देश्य से 37% भूमि को ओपन और ग्रीन स्पेस के रूप में सुरक्षित किया गया है। 247 गैस-इंसुलेटेड पावर स्टेशन और जल आपूर्ति नेटवर्क विकसित किया गया है, साथ ही, 16 एमएलडी क्षमता वाले एसटीपी के माध्यम से उपचारित जल का 40% हिस्सा गैर-पीने योग्य उपयोगों के लिए प्रस्तावित है, जिससे जल संरक्षण और सतत शहरी प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।इसके साथ ही अंडरग्राउंड वायरिंग मॉडल, रोडसाइड यूटिलिटी डक्ट सिस्टम, और अत्याधुनिक शहरी सेवाए शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-संतुलित बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

झारखंड को पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी प्रमुख शैक्षणिक एवं कौशल विकास केंद्र बनाने के लिए सरकार प्रयासरत

**रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के जन संपर्क पदाधिकारी :** अमित कुमार ने बताया कि रांची को शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक उभरते हुए ज्ञान-केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, रांची, जो सरकारी संगठनों, पीएसयू और आरएंडडी केंद्रों का प्रमुख स्थल है। अब शहर को ज्ञान-आधारित उद्योगों और आधुनिक शिक्षण संरचना के माध्यम से इस प्रकार विकसित किया जा रहा है कि अगले 5-10 वर्षों में झारखंड पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी प्रमुख शैक्षणिक एवं कौशल विकास केंद्र बन सके। उन्नत सुविधाओं, वैश्विक स्तर के टाउन प्लानिंग मॉडल और सतत विकास को बढ़ावा देने वाली नीतियों के साथ, रांची स्मार्ट सिटी आइआइटीएफ 2025 में झारखंड की नयी शहरी पहचान को प्रभावी रूप से प्रस्तुत कर रही है।

## झारखंड में छाये आंशिक बादल दिन में भी हो रहा ठंड का एहसास

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची सहित झारखंड के अधिकांश जिलों में रविवार को आंशिक बादल छाया रहा। बादल के चलते दिन में भी लोगों को ठंड का एहसास हुआ, जबकि शाम होते ही कनकनी महसूस की गयी। मौसम विभाग ने 29 नवंबर तक सुबह और रात में कुहासा छाने और दिन में आंशिक बादल छाये रहने की बात कही है। साथ ही अगले दो-तीन दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव नहीं होने की भी जानकारी दी। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री की कमी दर्ज की गयी, जबकि इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक दर्ज की गयी। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाया रहा। इससे दिन भर लोगों को ठंड का एहसास हुआ। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 30.5 डिग्री और सबसे कम तापमान लोहरदगा में 11.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री, जमशेदपुर में 29.1 और 15.4 डिग्री, डालटेनगंज में 28.6 और 12 डिग्री, बोकारो में 28.1 और 14.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# चांद गांव में धर्मांतरण के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने जनसभा की



- आदिवासी अस्तित्व बचाने का आह्वान, सरना माता जय के लगे नारे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम स्थित चांद गांव में धर्मांतरण के खिलाफ आदिवासी संगठन अब सड़कों पर उतर आये हैं। आरोप है कि झांसा देकर आदिवासियों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसके खिलाफ रविवार को आदिवासी सरना बचाओ महारैली के बैनर तले आदिवासी संगठनों का रांची के 10 माइल चौक के पास जतरा मैदान में जुटान हुआ। इस दौरान प्रशासन पर भी भेदभाव का आरोप लगाया गया। आदिवासी संगठनों ने चांद गांव तक रैली निकालने की तैयारी की थी, लेकिन प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण जतरा मैदान में जनसभा की गयी। जनसभा में भगवान बिरसा मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गयी। इस दौरान सरना माता और धरती माता की जय के नारे लगाये गये।

**आदिवासियों को खत्म करने की बड़ी साजिश :** आदिवासी सरना विकास समिति की मेघा उरांव ने कहा कि प्रशासन को बताना चाहिए कि किसने धर्मांतरण के लिए सभा लगाने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को खत्म करने की बड़ी साजिश चल रही है। दूसरे जगह से आकर लोग आदिवासियों को बरगला रहे हैं। सवाल उठाने पर अब खुद को बाबा के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। इसकी जानकारी एसडीओ और डीसी से लेकर राज्यपाल तक दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के मना करने पर चांद गांव तक रैली को टाल दिया गया लेकिन आंदोलन लगातार जारी रहेगा। आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने जमकर भड़ास निकाली। कहा गया कि नामकुम प्रखंड के लगभग 94 गांवों में से 34 गांवों में अब सरहुल नहीं मनाया जा रहा, क्योंकि वहां बड़ी मात्रा में लोग सरना से दूसरे धर्म में चले गये हैं। इसके कारण पारंपरिक पूजा-पाठ और रीति-रिवाज बंद होते जा रहे हैं। आरोप लगाया कि धर्मांतरण की सभा के बहाने आदिवासियों का धर्मांतरण हो रहा है, जिससे आदिवासी संस्कृति और सभ्यता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कई सरना प्रतिनिधियों ने कहा कि पाहन की बकास्त/भूईहरी जमीन पर बिना ग्रामसभा की अनुमति के सभा चलायी जा रही है, जो पांचवीं अनुसूची और ग्रामसभा के अधिकारों का उल्लंघन है।

**धर्म वापसी करने वाले ने बतायी आपबीती :** इस जनसभा में मांडर के निर्मल उरांव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि साल 2023 में उन्होंने सरना में वापसी कर ली थी। तब से उनके और उनके परिवार पर अत्याचार हो रहा है। उन पर कई बार हमले हो चुके हैं। इसकी जानकारी थाना को भी दी गयी लेकिन फिर भी हमलावरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लाचार होकर निर्मल उरांव ने जनसभा में पहुंचे आदिवासी नेताओं से मदद की गुहार लगायी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
Subscribe NOW

# आदिवासियों को बरगला कर धर्मांतरण कराया जा रहा : फूलचंद तिर्की




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इसाई मिशनरी लोभ-लालच देकर गरीब और असहाय आदिवासियों का धर्मांतरण करा रहे हैं। धर्म परिवर्तन का षड्यंत्र चलाया जा रहा है। उक्त बातें केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कही। वे रविवार को केंद्रीय धूमकुडिया, करम टोली में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बताया कि चर्च के लोग चंगाई सभा के माध्यम से भोले-भाले, दुःखी पीड़ितों और रूढी प्रथा को मानने वाले आदिवासियों को जाल में फसाते हैं। रोग से ग्रसित लोगों को बुलाकर कहा जाता है लंगड़ा चलेगा। बहरा सुनेगा। गूंगा बोलेगा जैसी बातों से प्रलोभन दी जाती है। इस तरह से आदिवासी परंपरा और संस्कृति से लेकर हक व अधिकार पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सरना समिति केंद्र सरकार से डिलिस्टिंग की मांग को लेकर 12 दिसंबर 2025 को राजभवन के समक्ष एक दिनी महाधरना दिया जायेगा। सरना समिति के संरक्षण ललित कक्षा, भुवनेश्वर लोहार, केंद्रीय महिला सरना समिति की अध्यक्ष निशा भगत, रांची जिला केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अमर तिर्की, केंद्र के प्रवक्ता एंजेल लकड़ा, महासचिव विनय उरांव, संजय तिर्की आदि बैठक में खास तौर से शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयासों के बावजूद तेज रफ्तार वाहनों का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला चतरा शहर के पाराडीह क्षेत्र का है, जहां एक अज्ञात अपाची बाइक ने विनोद यादव को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, विनोद यादव शाम को दवा लेने के लिए घर से निकले थे, तभी तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। दुर्घटना में वे सड़क किनारे नाली में जा गिरा, जबकि बाइक सवार मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायल विनोद को नाली से उठाकर चतरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इस हादसे के खिलाफ आक्रोशित ग्रामीणों ने चतरा-रांची मुख्य सड़क को घंटों जाम कर दिया।

# भारी मात्रा में शराब बरामद, आठ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** पुलिस ने चौपारण थाना क्षेत्र के टांडडीह गांव से भारी मात्रा में अवैध नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया है। शराब को बिहार भेजने की योजना थी, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया है। इस कार्रवाई में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सुचना मिली थी कि चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम टांडडीह स्थित कुमार चंदन के घर पर अवैध रूप से नकली शराब का भंडारण कर छोटी-छोटी गाड़ी से बिहार में खपाने की योजना बनायीं जा रही है। एसपी ने बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल को जानकारी दिया। जिसके बाद इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए ग्राम टांडडीह स्तिथ कुमार चंदन के घर पर



छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में भारी मात्रा में अवैध नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया और पकड़ाये व्यक्ति के निशानदेही पर अन्य स्थानों पर छापामारी कर अवैध नकली शराब बरामद किया गया। जिसके बाद चौपारण थाना कांड संख्या-323/2025 दर्ज किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में चुन्नू कुमार पिता रामप्रवेश प्रसाद ग्राम पकरिया थाना हिलसा जिला नालंदा, कुमार चंदन पिता अमरेंद्र कुमार सिंह ग्राम टांडडीह थाना चौपारण जिला हजारीबाग, रणविजय कुमार सिंह पिता सतराजीत सिंह ग्राम परसोनी थाना ईटखोरी जिला चतरा, मो असलम असारी पिता मो मुख्तार अंसारी ग्राम ईरबा थाना ओरमांझी जिला रांची, दीपक कुमार महतो पिता प्रित्तनाथ महतो ग्राम पारणडीह थाना राहे जिला रांची, रौबिन महतो पिता चंद्रकांत महतो ग्राम बुरुडीह थाना राहे जिला रांची, अरमान अंसारी पिता असलम अंसारी ग्राम ईरबा थाना ओरमांझी जिला रांची और प्रवीन कुमार महतो पिता विब्रुचरण महतो ग्राम झाबरी थाना सिल्ली जिला रांची शामिल हैं।

## बरामद सामान

160 पेटी 8 पीएम का 180 एमएल अंग्रेजी शराब, सभी पेटी में 48 पिस कुल 7680 पिस, 172 पेटी स्टार गोल्ड का 180 एम एल अंग्रेजी शराब सभी पेटी में 48 पिस कुल 8256 पिस, नकली शराब बनाने में उपयोग करने का विभिन्न ब्रांड का स्टीकर, सील, ढक्कन, एक स्कोर्पियन रजिस्टेशन संख्या-बीआर06पीई-8842, एक स्विफ्ट डिजायर गाडी, एक रिनॉल्ट डस्टसन गो प्लस गाडी, एक निसान टोरानो गाडी और कई कमपनी का स्मार्ट फोन शामिल है।

## छापामारी दल में

पुलिस निरीक्षक बरही अंचल चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि रवि रंजन, पुअनि दिव्य प्रकाश सिंह, पुअनि सुबिन्द्र कुमार राम, सअनि बादल कुमार महतो, सअनि कैलाश चंद्र महतो के अलावा तकनिकी शाखा और चौपारण थाना के रिजर्व गार्ड और चौकीदार शामिल हैं।

# विशाल ने थामा तनुश्री का हाथ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

## आनंदमार्ग चर्याचर्यनुसार कराया गया आदर्श विवाह

**रांची।** आगमन विवाह भवन, इटकी रोड में शनिवार की रात आनंदमार्ग चर्याचर्य के अनुसार आदर्श विवाह का खूबसूरत नजारा रहा। न तो दान-दहेज की कचकच और न ही जाति-पाति का बंधन। ताम-झाम के बैगर विशाल कुमार और तनुश्री ने ईश्वर को साक्षी मान परिणय सूत्र में बंधे। वर-वधु ने एक दूसरे के साथ शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक विकास के पथ पर जीवन भर साथ चलने की शपथ ली। प्रसिद्ध गायनोलॉजिस्ट डा करुणा शाहदेव, डा तापसी शाहदेव, प्रदुम्न जी ने खास तौर से विवाह समारोह में शामिल हो नवदंपति को आशीर्वाद दिया। विवाहिता जोड़े के उज्जवल भविष्य की कामना की। विशाल बजरा निवासी विनोद शर्मा और यशोदा देवी के सुपुत्र हैं, जबकि तनुश्री समस्तीपुर के अभय वर्मा और रूबी वर्मा की सुपुत्री है। आनंदमार्ग के वरिष्ठ पुरोधा आचार्य संपूर्णानंद अवधूत ने इसमें पौरोहित्य की भूमिका निभायी। आनंदमार्ग चर्याचर्य ग्रंथ के नुसार विवाह संस्कार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवाह प्रथा के जनक भगवान शिव ने जाति प्रथा को खत्म करने के लिए आर्य कन्या पार्वती, मंगोल कन्या गंगा और अनार्य कन्या काली से विवाह कर जाति प्रथा को खत्म करने का सर्वप्रथम कदम उठाया था। इसी कड़ी को श्रीश्री आनंदमूर्तिजी ने इस शैव विवाह के माध्यम से आगे बढ़ने का कार्य किया है, जिसका निर्वहन आनंदमार्गी पूरी निष्ठा से करते हैं। आनंद मार्ग प्रचारक संघ के संन्यासियों और आचार्यों के साथ बड़ी संख्या में अनुयायियों ने विवाह समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिला के भुक्ति प्रधान विजय कुमार ने बाराती और सराती सहित सभी को धन्यवाद दिया। वर और वधु को शुभकामना देने के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# खलिहान में लगी आग, दो सौ बोझा धान जलकर खाक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी किसान राम प्रवेश राम के खलिहान में रखा गया धान का बोझा जलकर खाक हो गया। भुक्तभोगी किसान ने तीन लोगों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि खेत से कटाई कर धान का बोझा खलिहान में रखा हुआ था। शनिवार की रात आग लगने से आसपास जगे। आवेदन में कहा गया है कि धान के बोझा में आग लगाने की घटना को पवन कुमार पासवान, तेतरी देवी व ऋतु कुमारी सभी ग्राम पथरा, थाना हुसैनाबाद के द्वारा लगाया गया है। इन्होंने पुरानी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया है। राम प्रवेश पासवान ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाये। आवेदन की प्रति अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद को भी दी गयी है और मुआवजे की मांग की गयी है।

# पुलिस ने तीन चोरों को किया गिरफ्तार



**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी कि घटना का 24 घंटा के अंदर उद्भेदन कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना इरगा पंचायत के पूर्णाडीह चौक पर विक्की कुमार पिता तुलसी साव के चौमीन दुकान में घटी जहां शनिवार कि रात्रि को दुकानदार का वीवो मोबाइल चोरी हो गया। दुकानदार ने शक के आधार पर पुलिस को चोरो का नाम बताते हुए दारु थाना में आवेदन दिया। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में बाल्मीकि कुमार पिता कुलेश्वर प्रसाद पेटो, श्याम प्रसाद पिता राजेंद्र प्रसाद भटवीघा और विशाल कुमार पिता कुलदीप कुशवाहा भटवीघा निवासी को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ किया जहां तीनों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए मोबाइल चोरी कि बात स्वीकार कर लिया। इनके पास से चोरी का मोबाइल भी बरामद हो गया। दारु थाना मे दर्ज कांड संख्या 115/25 मे आरोपी बनाते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# चंदवा में श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण को लेकर तैयारियां तेज, बनी रूपरेखा

## सभी मंदिरों में एक साथ होंगे दीप प्रज्वलित
## शाम 7 बजे होगा हनुमान चालीसा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में 25 तारीख को प्रस्तावित भव्य ध्वजारोहण समारोह को लेकर चंदवा में भी धार्मिक माहौल उत्साहपूर्ण दिख रहा है। इसे लेकर बुधवार को युवा भारत चंदवा की एक अहम बैठक प्रखंड मुख्यालय स्थित आईबी में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप ठाकुर ने की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच अध्यक्ष रविराज ने विस्तृत रूप से रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल उत्सव का हिस्सा नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था, परंपरा और हिंदुत्व से जुड़े भावनात्मक जुड़ाव का क्षण है। उन्होंने क्षेत्र के सभी मंदिर समितियों से सहयोग करते हुए 25 तारीख को आयोजित होने वाले पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार सुबह सभी प्रमुख मंदिरों में सफाई अभियान चलेगा। चंदवा व आसपास के कुल 28 मंदिरों के संयोजकों और सेवकों को इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया गया है। शाम 6 बजे सभी मंदिरों में एक साथ घी का दीप प्रज्वलन किया जायेगा। इसके बाद शाम 7 बजे पीपल नीचे स्थित श्री शनिदेव महाराज मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन होगा। कार्यक्रम से जुड़े 28 मंदिरों के संयोजकों की सूची भी बैठक में प्रस्तुत की गई, जिसमें श्री उग्रतारा मंदिर, देवी मंडप चंदवा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, सिद्धिविनायक मंदिर, रेलवे मंदिर, जगरनाथ मंदिर कामतागढ़ समेत सभी प्रमुख मंदिर शामिल हैं। अध्यक्ष रविराज ने कहा कि अयोध्या में ध्वजारोहण का अवसर ऐतिहासिक है। हम सभी मिलकर चंदवा को भी इस दिव्य माहौल में शामिल करेंगे।

# हेमंत सरकार काम कर रही है और बीजेपी बयानबाजी : अलोक दुबे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि पूर्व सीएम सिर्फ जुमलाबाजी करते हैं। झारखंड के वास्तविक विकास, जनता के अधिकारों या राज्य की जमीन से जुड़े दर्द से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। वे राजनीतिक आरोप लगाकर भ्रम फैलाने में लगे हैं, जबकि हेमंत सरकार जमीन पर काम कर करी है। झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र को किसने खोखला किया, यह प्रदेश की जनता जानती है। 17 वर्षों तक जिनका शासन रहा,डबल ईंजन की भी सरकार रही, लेकिन कभी भी उन्होंने न तो अस्पतालों में डॉक्टर बहाल किये, न मशीनें लगाईं और न ही स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का प्रयास किया। आज हेमंत सोरेन सरकार अस्पतालों के पुनर्जीवन, नयी भर्तियों और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर निरंतर काम कर रही है। भाजपा के नेता अस्पताल बनने की प्रक्रिया को बाधित कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने वालों को पहले अपने शासन के काले अध्यायों पर नजर डालनी चाहिए। बीजेपी के समय में नक्सलवाद चरम पर था, अपराध बेलगाम था और आम जनता भय में जीती थी। आज पुलिस मॉडर्नाइजेशन, नक्सल उन्मूलन और शांतिपूर्ण वातावरण बनाने की दिशा में ठोस काम हो रहा है, जिसका परिणाम जनता महसूस कर रही है। शिक्षा पर भाजपा का भाषण देना विडंबना है। जिनके समय में स्कूल बंद हुए, शिक्षकों की भर्ती रुकी और बच्चों के भविष्य से समझौता हुआ, उन्हें सवाल पूछने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। हेमंत सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की, शिक्षक बहाली को गति दी और सरकारी स्कूलों में नयी ऊर्जा लायी।

# श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में भजन और भंडारा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के श्रीराधा कृष्ण प्रणामी मंदिर, पुंदाग में रविवार को साप्ताहिक 239वां भजन और भंडारा का खास आयोजन किया गया। मौके पर मंदिर में विराजमान राधा राणी और मुरलीधर भगवान का मनोहारी श्रृंगार किया गया। पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने पूजन कर भोग लगाया। दोपहर बाद भजन और भंडारा का शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों की रस धारा का पान कर प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका चखा। विशाल जालान ने भक्तों के बीच आलू चिप्स का पैकेट बांटा। अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजू भैया, निर्मल जालान,मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, पूरणमल सर्राफ सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, सुरेश भगत, संजय सर्राफ आदि मौके पर खास तौर से उपस्थित थे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो मजदूर सहित तीन की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल के विश्रामपुर, रेहला व उंटारी थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात हुई अलग अलग सड़क दुर्घटना में घायल दो मजदूर व एक युवक की दर्दनाक मौत इलाज के दौरान हो गयी। वहीं तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को रात्रि नौ बजे रेहला थान क्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुर - बी मोड़ मुख्यपथ पर बरवाडीह गांव के समीप एक दंपत्ति अपने खेत से धान का बोझा ढो रहा था। सड़क पार करने के दौरान तेज गति से गुजर रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। दंपति को टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकल अनियंत्रित हो कर सामने से आ रही एक चारपहिया वाहन से टकरा गयी।

इस घटना में बरवाडीह गांव निवासी कन्हाई राम उनकी पत्नी गीता देवी, उंटारी थाना क्षेत्र के पनेरीबांध गांव निवासी अविनाश शर्मा और गटिआरवा गांव निवासी अजय गुप्ता घायल हो गये। रेहला पुलिस ने सभी घायलों को बिश्रामपुर सीएचसी लाया, जहां तीन घायलों के गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान कन्हाई राम (30) की मौत हो गयी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद कन्हाई राम का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दूसरी घटना एनएच 39 पर कधवन गांव के पास घटित हुआ। जहां रेहला थाना क्षेत्र के निमिया गांव निवासी हजरत अंसारी (45) टेंपू से उतर कर सड़क पार करने के दौरान चार पहिया वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बिश्रामपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं तीसरी सड़क दुर्घटना उंटारी रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। जिसमें विश्रामपुर चंद्रवंशी मोहल्ला निवासी नागेंद्र चंद्रवंशी का पुत्र मिथुन चंद्रवंशी (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची ले जाया गया था, इलाज के दौरान इसकी भी मौत रविवार को हो गयी। मृतक मिथुन चंद्रवंशी शादी का कार्ड देने अपने एक साथी के साथ उंटारी थाना क्षेत्र में रिश्तेदार के यहां गया था। जहां रेलवे क्रॉसिंग के समीप उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। उसका साथी भी घायल है,जिसका इलाज मेदिनीनगर में चल रहा है।

# श्रीजैन श्वेतांबर साधुमार्गी संघ की साध्वियों का मंगल प्रवेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रीजैन श्वेतांबर साधुमार्गी संघ 108 रामलाल जी मसा की 4 आज्ञानुवर्ती साध्वियों दीपिका समिया मसा, कामना मसा, सुधृति मसा, इहिता श्रीजी मसा का विहार के क्रम में राजधानी में मंगल प्रवेश हुआ। अध्यक्ष राकेश बच्छावत ने बताया कि साध्वीयां जी टाटानगर से विहार करके आ रही हैं। सभी दस दिनों तक शुभकरण बच्छावत के आवास में प्रवास करेंगी। इस दौरान नित्य सुबह 9 से 10 बजे तक प्रवचन होगा। दिन के 2 बजे से 4 बजे से तक धर्म चर्चा और शाम 5 बजे प्रतिक्रमण का कार्यक्रम चलेगा। संध्या बेला सिर्फ महिलाएं ही उपस्थिति रहेगी। प्रवास समाप्ति के बाद सभी विहार करते हुए कोरबा, छत्तीसगढ़ कि ओर प्रस्थान करेंगी। इधर सुबह श्रावकों को आशीर्वन प्रदान करते हुए शासन दीपिका समिया श्रीजी मसा ने जीवन रूपी रत्न के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हम सब भौतिक सुख प्राप्ति के चक्कर में पड़े हुए हैं। इस फेर में मानव जीवन के असली धन खो दे रहे हैं। हमारे इस जन्म में किये गए कर्मों के आधार पर आगे जन्मों कि गति निर्भर करेगी। मौके पर साध्वी श्रीजी ने नाना गुरुदेव की चिंतामणियों का भी पाठ कराया। आत्म शुद्धि के उपाय बताये। बारह भावना के महत्व के बारे में कहा कि जैन धर्म में मनुष्य के मन को शांत करने, बुरे विचारों को दूर करने और वैराग्य भाव उत्पन्न करने में है यह सहायक है। इन भावनाओं का निरंतर चिंतन से आध्यात्मिक उन्नति होती है। रांची ओसवाल संघ के अध्यक्ष सुभाष बोथरा, उपाध्यक्ष घेवरचंद नाहटा, मूल चंद जी सुराणा, बलबीर आदि ने प्रवचन कार्यक्रम में खास तौर से हिस्सा लिया।

# एआइ से आ सकती है तीसरी हरित क्रांति

भारत के किसान लंबे समय से देश की खाद्य सुरक्षा का भार अपने कंधों पर उठाये हुए हैं, लेकिन आज वे ऐसे चौराहे पर खड़े हैं जहां संकट और अवसर दोनों हैं। चुनौतियां गंभीर हैं। गिरता भूजल स्तर, अनियमित मॉनसून, घटती जोत और अनुसंधान प्रयोगशालाओं और ग्रामीण वास्तविकताओं के बीच बढ़ता फासला। फिर भी, इन चुनौतियों वाली उसी धरती में एक क्रांति का बीज छुपा है, जो न केवल ट्रैक्टरों और ट्यूबवेलों से, बल्कि इंटेलिजेंस से भी संचालित है। हरियाणा के मेवात में एक किसान की कल्पना कीजिए। उसके खेत में सेंसरों का एक छोटा सा नेटवर्क खामोशी से मिट्टी की नमी का स्तर मापता है। इस डेटा का मृदा स्वास्थ्य रेकॉर्ड, स्थानीय मौसम पूवार्नुमान और फसल की वृद्धि अवस्था के साथ क्रॉस-रेफरेंस किया जाता है। कुछ ही सेकंड में, उसे अपने फोन पर एक संदेश प्राप्त होता है - आज एक घंटे के लिए अपना पंप चलायें। एआइ द्वारा संचालित यह सरल प्रयास हजारों लीटर पानी बचाता है, बिजली की खपत कम करता है और मिट्टी की उर्वरता की रक्षा करता है। कई जिलों में एआइ आधारित सिंचाई और सलाहकार प्रणालियों ने पानी के उपयोग को प्रभावशाली रूप से कम करते हुए उपज में 40-50% की वृद्धि की है। यह केवल एक तकनीकी सफलता नहीं है, आर्थिक और पारिस्थितिक परिवर्तन है। मानवीय-तकनीकी साझेदारी कृषि में एआइ की असली शक्ति मानवीय बुद्धिमत्ता का स्थान लेने में नहीं, बल्कि उसे बढ़ाने में निहित है। किसान हमेशा से प्राकृतिक वैज्ञानिक रहे हैं - मिट्टी कैसी है, मॉनसून के पैटर्न और कीटों के व्यवहार को वे अनुभव से समझते हैं। मगर एआइ इस नॉलेज को परफेक्ट बनाती है। किसान अब अपनी भाषा में सवाल पूछ सकते हैं कि सिंचाई कब करनी चाहिए? कौन सा उर्वरक इस मिट्टी के लिए सही है? उपज कहां बेचनी चाहिए? इनका तुरंत उन्हें जवाब मिल सकता है। यह आर्टिफिशल इंटेलिजेंस भारत के गांवों में फैल रही एक शांत क्रांति है। भारत को आज एक इंटीग्रेटेड स्ट्रक्चर की जरूरत है। वह जरूरत है, एक पब्लिक डिजिटल स्ट्रक्चर। एक ऐसी पहल जो हरेक किसान, खेत और वैज्ञानिक को जोड़े। इसे एग्रीकल्चर मिशन नॉलेज कहा जा सकता है। इस तरह की पहल देश में तीसरी हरित क्रांति को शक्ति दे सकती है। जिस तरह से यूपीआइ ने भारत में फाइनैंशल इनक्लूजन की दुनिया को बदल डाला और दूसरे देशों के लिए भी यह मिसाल बना, कुछ वैसा ही एग्रीकल्चर मिशन नॉलेज के जरिये भी किया जा सकता है। जिस तरह से दूसरी हरित क्रांति ने हमें अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया, उसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आगे ले जाएगी।

**हरियाणा के मेवात में एक किसान की कल्पना कीजिए। उसके खेत में सेंसरों का एक छोटा सा नेटवर्क खामोशी से मिट्टी की नमी का स्तर मापता है। कुछ ही सेकंड में, उसे अपने फोन पर एक संदेश प्राप्त होता है - आज एक घंटे के लिए अपना पंप चलायें।**

अभिमत
आजाद सिपाही

सिख धर्म के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, ऐसे ही एक दिव्य व्यक्तित्व थे, जिनका जीवन, दर्शन और बलिदान आज भी संपूर्ण मानव सभ्यता को रास्ता दिखाने वाली ज्योति है। वह केवल एक सम्प्रदाय के गुरु नहीं थे बल्कि समूचे भारत की आत्मा के रक्षक थे। इसलिए उन्हें हिंद की चादर कहा गया जो धर्म, आस्था और मानवता की रक्षा करने वाली वह ढाल थे, जिसका तेज सदियों बाद भी उतना ही उज्ज्वल है। गुरु तेग बहादुर जी का जन्म 1 अप्रैल, 1621 को अमृतसर में गुरु हरगोबिंद साहिब के घर हुआ।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी : सत्य, सेवा और स्वतंत्रता के महायोद्धा

तरुण चुघ

भारत का इतिहास उन महान विभूतियों के त्याग, सत्य और साहस से आलोकित है, जिन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान दे दिया। सिख धर्म के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, ऐसे ही एक दिव्य व्यक्तित्व थे, जिनका जीवन, दर्शन और बलिदान आज भी संपूर्ण मानव सभ्यता को रास्ता दिखाने वाली ज्योति है। वह केवल एक सम्प्रदाय के गुरु नहीं थे बल्कि समूचे भारत की आत्मा के रक्षक थे। इसलिए उन्हें हिंद की चादर कहा गया जो धर्म, आस्था और मानवता की रक्षा करने वाली वह ढाल थे, जिसका तेज सदियों बाद भी उतना ही उज्ज्वल है। गुरु तेग बहादुर जी का जन्म 1 अप्रैल, 1621 को अमृतसर में गुरु हरगोबिंद साहिब के घर हुआ। बचपन से ही उनमें ध्यान, चिंतन, विनम्रता और त्याग के गुण सहज रूप से विद्यमान थे। प्रारंभिक नाम त्याग मल था, पर युद्ध में दिखाई अद्भुत वीरता के कारण उनका नाम तेग बहादुर अर्थात तलवार के धनी पड़ा।

गुरु तेग बहादुर जी ने गुरु नानक देव जी की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरे उत्तर भारत में व्यापक यात्राएं कीं। पंजाब, बिहार, बंगाल, असम और हिमालय तक फैले इन दौरों का मूल उद्देश्य था मनुष्य को जाति-पाति, ऊंच-नीच और संकीर्णताओं से ऊपर उठाकर मानव धर्म अपनाने का संदेश देना। उनकी वाणी में जीवन की अनित्यता, भय से मुक्ति, सत्य के मार्ग पर अडिग रहने और वैराग्य के महत्व का अद्भुत संगम मिलता है। उनके 116 शब्द गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं, जिनमें मानव मन की कमजोरियों, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार पर गहरा प्रहार है। 1664 में गुरु पद ग्रहण करने के बाद उनका जीवन समाज के लिए और भी समर्पित हो गया। यह वही दौर था जब सम्राट औरंगजेब ने पूरे भारत में जबरन धर्मांतरण की नीति लागू कर रखी थी। मंदिर तोड़े जा रहे थे, धार्मिक स्वतंत्रता कुचली जा रही थी और सबसे अधिक अत्याचार कश्मीर के हिंदू पंडितों पर हो रहा था। अत्याचारों से ग्रस्त कश्मीरी पंडितों का एक प्रतिनिधिमंडल आनंदपुर साहिब पहुंचा और गुरु तेग बहादुरजी से रक्षा की गुहार लगायी। यह क्षण भारतीय इतिहास का अनोखा अध्याय है जब एक समुदाय दूसरे समुदाय से अपनी आस्था की रक्षा के लिए समर्थन मांग रहा था और वह समर्थन उन्हें पूर्ण निर्भीकता और करुणा के साथ प्राप्त हुआ।

**गुरु तेग बहादुर जी का नाम भारत की राष्ट्रीय चेतना में उस प्रकाश स्तंभ की तरह है जो अंधकार और भय के सामने कभी मंद नहीं पड़ता।**



**आज का भारत गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों को नये युग की शक्ति के रूप में देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 400वें प्रकाश पर्व को राष्ट्रीय आयोजन का रूप देकर गुरु परंपरा को वैश्विक गरिमा प्रदान की। लाल किले की प्राचीर से आयोजित भव्य कार्यक्रम में उन्होंने गुरु जी के बलिदान को भारतीय आत्मा का सर्वोच्च उदाहरण बताया।**

गुरु तेग बहादुरजी ने परिस्थिति की गंभीरता समझते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए यदि किसी एक के बलिदान की आवश्यकता है तो तेग बहादुर तैयार है। उन्होंने अपने 9 वर्षीय पुत्र गोबिंद राय से पूछा कि इस समय मानवता की रक्षा के लिए कौन बलिदान दे सकता है। बालक गोबिंद राय का उत्तर इतिहास में दर्ज हो गया- पिता जी! आपसे बढ़ कर कौन होगा? इस उत्तर ने गुरु तेग बहादुरजी के निर्णय को शहादत के अमर मार्ग की ओर अग्रसर कर दिया। उन्होंने घोषणा की कि यदि औरंगजेब उन्हें मुसलमान बना ले तो पूरे हिंदू समाज का धर्मांतरण संभव हो जायेगा। यह चुनौती औरंगजेब की नीतियों के विरुद्ध सबसे बड़ा प्रतिरोध थी, जिसने मुगल सत्ता को नैतिक रूप से झकझोर दिया। गुरुजी भाई मति दास, भाई सति दास और भाई दयाला सहित दिल्ली लाए गये। तीनों को अमानवीय यातनाएं देकर शहीद किया गया। अंततः 24 नवम्बर 1675 को चांदनी चौक में, जहां आज सीसगंज गुरुद्वारा स्थित है, गुरु तेग बहादुरजी का सार्वजनिक रूप से शीश कलम कर दिया गया। यह बलिदान केवल धार्मिक इतिहास ही नहीं, मानव इतिहास का भी अद्वितीय उदाहरण है, जहां किसी ने अपने धर्म के नहीं बल्कि दूसरे धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया। वह हिंदू धर्म के रक्षक कहलाये, पर वास्तविकता यह है कि वह मानव धर्म के सच्चे रक्षक थे। गुरु तेग बहादुर जी ने जबरन धर्मांतरण को अपने अदम्य साहस से रोका और अपनी शहादत देकर लोगों में अपने धर्म और परंपराओं के प्रति दृढ़ आस्था जगाई।

आज का भारत गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों को नये युग की शक्ति के रूप में देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने 400वें प्रकाश पर्व को राष्ट्रीय आयोजन का रूप देकर गुरु परंपरा को वैश्विक गरिमा प्रदान की। लाल किले की प्राचीर से आयोजित भव्य कार्यक्रम में उन्होंने गुरु जी के बलिदान को भारतीय आत्मा का सर्वोच्च उदाहरण बताया। इस अवसर पर 100 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी किया गया जो राष्ट्र की ओर से गुरु परंपरा को सम्मान का प्रतीक है। इसके अलावा, मोदी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर को रिकॉर्ड समय में खोलकर गुरु नानक और गुरु परंपरा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। आज जब विश्व धार्मिक उग्रवाद, संकीर्णता, हिंसा और असहिष्णुता की चुनौतियों से जूझ रहा है, गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं और भी प्रासंगिक हो जाती हैं। गुरु तेग बहादुर जी का नाम भारत की राष्ट्रीय चेतना में उस प्रकाश स्तंभ की तरह है जो अंधकार और भय के सामने कभी मंद नहीं पड़ता। वह हमें याद दिलाते हैं कि धर्म केवल पूजा नहीं बल्कि मानवता की रक्षा का संकल्प है। हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर महाराजजी को कोटि-कोटि नमन।

**(लेखक : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### साधु चरण महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के दिवंगत ईचागढ़ विधायक साधु चरण महतो की पांचवीं पुण्यतिथि पर आदित्यपुर के श्रीडूंगरी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को श्रद्धांजलि सभा में भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने घाटशिला उपचुनाव को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा घाटशिला की जनता को एक बार फिर धोखा मिला है और आने वाले समय में इसका पश्चाताप होगा। श्री साहू ने आरोप लगाया चुनाव प्रचार थमने के बाद 36 घंटे के भीतर सरकारी तंत्र और प्रशासन का खुला दुरुपयोग किया गया। भाजपा समर्थकों को क्षेत्र से बाहर जाने के निर्देश दिये गये, जबकि बाहरी लोगों को बुलाकर सत्ता पक्ष ने चुनाव परिणाम को प्रभावित किया। धनबल–बाहुबल और प्रशासनिक दखल ने जनादेश को गलत दिशा में मोड़ा। उन्होंने कहा इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता जनता के बीच सक्रिय रहेंगे और पार्टी की नीतियों को घर–घर पहुंचाते रहेंगे। बिहार चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए साहू ने कहा वहां की जनता ने जातिवाद से ऊपर उठकर विकास को चुना है जो राष्ट्रीय राजनीति के लिए सकारात्मक संदेश है। इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के सांसद विद्युत वरण महतो, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह देव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत, पत्नी गंभीर

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के हुदु पंचायत स्थित पालोबेड़ा गांव में दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। रविवार तड़के गिट्टी लदा एक अनियंत्रित हाइवा गांव के निवासी 35 वर्षीय बिरबल मुर्मू के घर पर पलट गया। हादसे के समय परिवार घर में सो रहे थे। घटना के दौरान मलबे में दबकर बिरबल मुर्मू और उनकी दो वर्षीय पुत्री की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी शेफाली मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन्हें इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार लीडिंग कंस्ट्रक्शन द्वारा हरीभंगा से कालाझोर तक सड़क निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही कांड्रा थाना प्रभारी विनोद मुर्मू दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।दुर्घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देंखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है ठेकेदार व प्रोप्राइटर की लापरवाही से यह हादसा हुई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा जब तक ठेकेदार पर हत्या का मामला दर्ज नहीं किया जाता और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा नहीं मिलता, वे शव उठने नहीं देंगे। मौके पर प्रशासन मौजूद रहे और लोगों को समझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन खबर लिखे जाने तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

### चारबंदिया में दो दिवसीय युवा सम्मेलन

**आनंदपुर (आजाद सिपाही)।** संत जोसेफ चर्च चारबंदिया में आयोजित दो दिवसीय युवा सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में युवाओं को संस्कृति, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक चुनौतियों और नशामुक्ति जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शराबबंदी पर आधारित नाटक और झांकी प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहे। मुख्य अतिथि फादर जॉर्ज किंडो ने सोशल मीडिया के सही उपयोग, गलत प्रलोभनों से बचाव और संस्कारों के संरक्षण पर युवाओं को प्रेरित किया। समापन के अवसर पर खीस्त राजा की झांकी निकाली गई। कार्यक्रम में फादर जेम्स सुरीन, फादर हलन बोदरा, फादर अलेक्स डोडराय और बड़ी संख्या में मसीही समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील जोड़ा रन-ए-थॉन में 4,600 से अधिक धावकों ने की भागीदारी

**प्रशांत चौधरी और बसंती कुमारी ने जीता 10 के का खिताब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ा।** जोड़ा नगर पालिका क्षेत्र के सेंट्रल प्लेग्राउंड में रविवार को आयोजित टाटा स्टील जोड़ा रन-ए-थॉन के दूसरे संस्करण में देशभर से 4,600 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हरा आज, हरा-भरा कल थीम पर आयोजित इस रन-ए-थॉन को कई प्रशासनिक अधिकारियों और टाटा स्टील के वरिष्ठ अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 10 के श्रेणी में उत्तर प्रदेश के प्रशांत चौधरी और झारखंड की बसंती कुमारी ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। 7 के में यूपी के धीरज कुमार और ओडिशा की बसंती मंडिया विजेता रहीं। 5 के श्रेणी में झारखंड के उदय मेलगांडी और ओडिशा की ममता कुमारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। विशेष 2 के रन में 84 दिव्यांग प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कुल पुरस्कार राशि 5,67,000 रुपये रही। कार्यक्रम की सराहना करते हुए क्योंझर के डीएफओ डी डी हनुमंता ने कहा ऐसी दौड़ें स्वास्थ्य जागरूकता और मैराथन संस्कृति को प्रोत्साहित करती हैं। जोड़ा नगर पालिका अध्यक्ष जगदीश कुमार साहू ने इसे समुदाय को जोड़ने वाली पहल बताया। टाटा स्टील के महाप्रबंधक अतुल भटनागर ने कहा यह आयोजन सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी ने घोषणा की कि हर प्रतिभागी के नाम एक पौधा लगाया जायेगा। कार्यक्रम में सुपरबाइकर समूह ह्यराइड विद प्राइड ने भी धावकों का उत्साह बढ़ाया।




# मैराथन दौड़ में हजारों प्रतिभागी हुए शामिल, विजेताओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो के नेतृत्व में सांसद खेल महोत्सव के तहत 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ का सफल आयोजन किया गया। रविवार आयोजित मैराथन दौड़ में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो के साथ जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू, पद्मश्री और द्रोणाचार्य अवॉर्डी पूर्णिमा महतो, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और जेसीए सचिव सौरव तिवारी, अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट अवतार सिंह सहित खेल और सामाजिक जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। इस अवसर पर सांसद और उपस्थित अतिथियों ने धावकों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे आयोजन किये जा रहे हैं। खेल जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और समाज को मजबूत करने का माध्यम है। मौके पर प्रतिभागियों को टी-शर्ट प्रदान की गयी और दौड़ के बाद जलपान की व्यवस्था की गयी। वहीं विजेताओं को मेडल, प्रमाणपत्र और नगद पुरस्कार दिये गये। पुरुष वर्ग में मुकेश कुमार प्रथम, सृजन मिश्रा द्वितीय और आर्यन मुखी तृतीय रहे। महिला वर्ग में शोभा महतो प्रथम, दिल्कि पारियां द्वितीय और गिया हेंब्रम तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम पुरस्कार 20,000 रुपये, द्वितीय 15,000 रुपये, तृतीय 10,000 रुपये और चतुर्थ-पंचम स्थान पर 5,000 रुपए दिये गये। आयोजन को सफल बनाने में टाटा स्टील फाउंडेशन, क्रीड़ा भारती, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, सिंहभूम एथलेटिक्स एसोसिएशन सहित भाजपा पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



### सालगाझुड़ी स्टेशन पर लोकल ट्रेनों का ठहराव बंद, ग्रामीणों में रोष



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सालगाझुड़ी रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेनों का ठहराव बंद किये जाने के विरोध में संयुक्त ग्राम समन्वय समिति की बैठक बामनगोड़ा दुर्गा पूजा मंडप में मुख्य संयोजक राम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में हुई। रविवार को बैठक में विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों, मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं, ऑटो चालकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया। 25 नवंबर को समिति चक्रधरपुर डीआरएम को ज्ञापन सौंपेगी। मांगे पूरी नहीं होने पर 15 दिन बाद सालगाझुड़ी स्टेशन पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जायेगा। इसके बाद भी समाधान नहीं मिलने पर प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री से दिल्ली में मुलाकात करेगा और अंतिम चरण में एक दिवसीय रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दी गयी। ग्रामीणों ने स्टेशन पर सभी लोकल ट्रेनों का ठहराव बहाल करने, अंडर ब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा करने, टिकट काउंटर शुरू करने, प्लेटफॉर्म व विश्राम शेड निर्माण, सालगाझुड़ी से गोविंदपुर तक पहुंच पथ और बारीगोड़ा फाटक के पास ओवरब्रिज निर्माण की मांगें रखीं। उल्लेखनीय है फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन के बाद भी कुछ दिनों से स्टेशन पर सभी लोकल ट्रेनों का ठहराव बंद है, जिससे हजारों यात्री, मजदूर व दुकानदार परेशान हैं।

### पोटका विधायक ने घाटशिला में भूमिज समाज के प्रतिनिधियों संग की बैठक



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पोटका विधायक संजीव सरदार ने घाटशिला के विभूति बिहार होटल में भूमिज समाज के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान पोटका विधायक ने झामुमो विधायक सोमेश चंद्र सोरेन को घाटशिला उपचुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए समाज द्वारा दिये गये मजबूत समर्थन और सक्रिय सहयोग पर आभार व्यक्त किया। रविवार को बैठक में उन्होंने समाज को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने, जाहेरथान और हड़शाली की घेराबंदी, भूमिज समाज को संस्थागत रूप से मजबूत करने और शहीद पार्क निर्माण जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक संजीव सरदार ने कहा शिक्षा, संस्कृति और एकजुटता समाज की प्रगति के तीन मजबूत स्तंभ हैं। समाज से जुड़े हर विकासात्मक कार्य और समस्या के समाधान को प्राथमिकता पर पूरा किया जायेगा। विधायक श्री सरदार ने समाज ने कहा सरकार और संगठन मिलकर भूमिज समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत हैं। बैठक में झंटू सिंह, रघु सरदार, शंभु सिंह, बलराम सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह, सुनील सरदार सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्यगण मौजूद रहे।

# अग्निवीर की तैयारी कर रहे दो युवकों की हाइवा पलटने से दबकर हुई मौत

## थाना और गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग को हजारों ग्रामीणों ने घेरा, घंटों रखा जाम

- एसडीओ और डीएसपी के आश्वासन के बाद हटा जाम, शुरू हुआ आवागमन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका/गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के मानपुर ग्राम स्थित रंका-रमकंडा मुख्य मार्ग पर रविवार की सुबह दौड़ लगा रहे दो युवकों के उपर छरी लदा हाइवा तेज रफ्तार में आकर पटल जाने से दबकर दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। उनकी पहचान राजू कुमार (21) और अनिल कुमार (20) के रूप में हुई है। दोनों ग्राम मानपुर टोला केड़िया महुआ के रहने वाले था। जोनों सेना (अग्निवीर) में भर्ती होने की तैयारी कर रहे थे। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर घंटों हंमाला किया। इसकी सूचना पाकर रंका थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गयी और जेसीबी मशीन की मदद से छरी हटवाकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। प्रत्यक्षदर्शी एवं स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो दोनों युवक प्रतिदिन की तरह रविवार को भी अग्निवीर भर्ती परीक्षा की तैयारी के लिए सुबह रंका-रमकंडा मुख्य मार्ग पर दौड़ने निकले थे। सुबह छह बजे दौड़ लगा रहे थे। तभी



सड़क जाम कर हंगामा करते ग्रामीणों को समझाती पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी।

तेज रफ्तार में आ रहा ओवरलोड छरी लदा हाइवा अचानक अनियंत्रित होकर उनके उपर ही पलट गया। जिससे दोनों युवक वाहन के नीचे दब गए। ग्रामीणों का कहना है कि हाइव की रफ्तार इतनी तेज थी कि पलटने के बाद उसके नीचे दबे दोनों युवकों को तुरंत बाहर भी नहीं निकाला जा सका। उधर, हादसे की खबर क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह फैल गयी। देखते ही देखते मानपुर केड़िया महुआ और आसपास के गांव से हजारों लोग घटनास्थल और रंका थाना पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव करते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग करने लगे। सुबह छह से शुरू हुआ तनावपूर्ण माहौल धीरे-धीरे गंभीर होता गया। देखते ही देखते हजारों लोग थाना परिसर और एनएच 343 गढ़वा-रंका मार्ग एवं रंका रमकंडा मार्ग को जाम कर दिये। जिससे सड़क मार्ग पूरी तरह अवरूद्ध हो गया और वाहनों की आवाजादी पूरी तरह ठप हो गयी। जिसे करीब 10 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतार लग गई।

### खबर पाते ही मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

उधर, घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमा सक्रिय हो गया। थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी, पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, सीओ शिवपूजन तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रहित रंजन सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप मौके पर पहुंच गये। अधिकारियों ने मृतक परिजनों से बातचीत कर हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया और भीड़ को शांत करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि प्रशासनिक प्रक्रिया में सहयोग करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक और वाहन मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिजनों को सरकारी नियमों के तहत मिलने वाली सभी सहायता दिलाई जाएगी।

### उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी के आश्वासन पर समाप्त हुआ सड़क जाम

दूसरी ओर, ग्रामीणों ने बताया कि मृतक दोनों युवक अनुशासित और मेहनती स्वभाव के थे। प्रतिदिन सुबह दौड़ने के लिए सड़क पर निकलते थे। उनके मौत से पूरे मानपुर क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं, मौत के बाद दोनों युवकों के घरों में चीख पुकार का माहौल है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि मृतक के परिवार को मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। जिसके आलोक में पुलिस प्रशासन की ओर से दोनों मृतक के परिजनों को 50-50 हजार रुपए डीएसपी रोहित रंजन सिंह की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी रुद्र प्रताप की उपस्थिति में दिया गया। साथ ही छरी क्रशर वालों से दो-दो लाख रुपए दिलवाने एवं सरकारी नौकरी दिलवाने का आश्वासन डीएसपी एवं एसडीएम द्वारा दिया गया। उधर, पूर्व बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष सह झामुमो केंद्रीय सदस्य नितेश सिंह ने मृतक के परिजनों को 10-10 हजार रुपए सहयोग के रूप में दिया। इसके बाद लोगों ने जाम हटा लिया, जिससे आवागमन बहाल हो सका। इस मौके पर मानपुर पंचायत के मुखिया हासिम अंसारी, पूर्व मुखिया असमुद्दीन अंसारी, झामुमो के बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला उपाध्यक्ष रोशन पाठक, भंडुल पाठक, प्रखंड अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, जिला सह सचिव आशीष कुमार गुप्ता, खरडीहा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, पूर्व सचिव इरफान अंसारी, अहमद अली अंसारी, चंदन रवि और मुकेश तिवारी आदि मौजूद थे।

# इस सर्दी हम जरूरतमंदों तक गरमाहट स्नेह और खुशियां पहुंचाएं : एसडीएम

## एसडीएम की अपील पर पहले ही दिन पांच हजार से अधिक गर्म कपड़ों की हुई व्यवस्था

'कॉफी विद एसडीएम' में वस्त्र व्यवसायियों के साथ बैठक, लिया गया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' की 50 कड़ी पूरी होने के अवसर पर रविवार को विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के थोक वस्त्र विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया था। एसडीएम एवं वस्त्र विक्रेताओं के बीच हुए आत्मीय संवाद के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन-समाज सहभागिता आधारित पहल 'आईए खुशियां बांटें' शुरू किया जाए। जिसमें जरूरतमंदों तक मदद के लिए सामूहिक हाथ बढ़ाया जाए। चूंकि, जाड़े का मौसम आ गया है इसलिए मुहिम के पहले चरण में जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े पहुंचाने का प्रयास शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में गढ़वा के वस्त्र विक्रेता संघ के सदस्यों और थोक वस्त्र व्यवसायियों ने एसडीएम के इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए स्वैच्छिक रूप से जरूरतमंदों के लिये अपनी-अपनी सामर्थ्य अनुसार गर्म कपड़े उपलब्ध करवाने की पेशकश की। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि समाज हमेशा प्रशासन से बड़ी और समर्थ इकाई है। सभी कल्याणकारी सरकारी योजनाओं को प्रशासनिक पदाधिकारी धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं, लेकिन उस सबके अलावा यदि सामाजिक संस्थाएं और समाज के सक्षम लोग भी अपने-अपने स्तर से अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की मदद को हाथ बढ़ाते हैं तो इस सामाजिक प्रशासनिक गठजोड़ से परिणाम और भी सुखद आ सकते हैं। समाज की मदद से जरूरतमंदों तक खुशियां पहुंचाना केवल वस्त्र वितरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके जीवन की हर मुश्किल में मदद कर हर संभव खुशी और सुरक्षा देने का काम किया जायेगा। दूसरी ओर, वस्त्र विक्रेता संघ ने अपने स्तर से सहयोग उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। मुहिम के पहले ही दिन गढ़वा के बाबा कमलेश, राजघराना, साबिर गारमेंट्स, एनके वस्त्रालय, गोल्डन ड्रेसेज, माही हैंडलूम, शुभम ड्रेसेज, अजंता हैंडलूम, श्याम फैशन, सलीम साड़ी सेंटर, उत्तम कमलापुरी आदि ने अपने-अपने स्तर से 5000 से अधिक गर्म कपड़े मुहैया कराने की पेशकश की। एसडीएम ने कहा कि सिर्फ वस्त्र विक्रेता ही नहीं, बल्कि समाज के अन्य सक्षम वर्गों, शैक्षणिक संस्थाओं, नौकरी-पेशा लोगों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आमजनों से भी इस मुहिम में जुड़ने का अनुरोध है।

# जरही में आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में मिले 629 आवेदन, 94 का हुआ त्वरित निष्पादन

**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जरही पंचायत सचिवालय में रविवार को सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन बीडीओ देवलाल करमाली, सीओ जयशंकर पाठक, ज़िला परिषद सदस्य मोहन पासवान, मुखिया महेंद्र चौधरी और बीडीसी प्रतिनिधि पवन गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का निष्पादन करना और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाना है। इस दौरान बीडीओ और सीओ ने बारी-बारी से विभिन्न स्टॉल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाना है। कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित ना रह जाए इसके लिए सरकार आपके द्वार पर चलकर आई है। वहीं, शिविर में विभिन्न विभागों से कुल 629 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 94 का तुरंत निष्पादन कर दिया गया। वहीं, 535 आवेदन लंबित हैं, जिन पर आगे कार्रवाई की जाएगी। आवेदनों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत सर्वाधिक 332, अबुआ आवास योजना के 76, मनरेगा के 69, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 27, सर्वजन पेंशन योजना के 35 और राशन कार्ड संबंधी 15 आवेदन शामिल हैं। इसके अलावा भी कई विभागों से ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज की गईं। शिविर में मुख्य रूप से बीपीआरओ विकास कुमार, मनरेगा बीपीओ रंजन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



## धुरकी में भी सरकार आपके द्वार का आयोजन, मिले 560 आवेदन

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** पंचायत सचिवालय परिसर में रविवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मुखिया महू अंसारी ने की। इसकी शुरूआत जिला खनन पदाधिकारी राजेन्द्र उरांव, सीओ विमल कुमार सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान, उप प्रमुख धर्मेंद्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष शैलेश यादव और पूर्व झामुमो अध्यक्ष धीरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराना है। बताया कि विभिन्न विभागों के साथ ही राशन, स्वास्थ्य, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, बिजली सुधार, जलापूर्ति, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, भूमि-राजस्व से जुड़ी समस्याएं सहित अन्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि ग्रामीणों को प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। जिला खनन पदाधिकारी राजेन्द्र उरांव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी रूप से पहुंचे।

# भवनाथपुर के विधायक सबसे बड़े झूठेः घूरन राम



कहा- वादा करके भी भवनाथपुर में अब तक नहीं लगाया पावर प्लांट

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विधायक अनंत प्रताप देव के एक वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के बाद भी पावर प्लांट नहीं लगने पर भवनाथपुर मंडल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले क्षेत्र के भाजपा नेता, कार्यकर्ता भवनाथपुर शिवपुजन पेट्रोल पंप पर एकत्रित हुए। जहां से बाइक जुलूस निकाल कर बजार होते हुए टाउनशिप स्थित भानु प्रताप शाही के आवास के बगल में स्थित हेलिपैड कार्यक्रम स्थल पहुंचे। वहां, सभा की गयी। इस दौरान सरकार विरोधी नारे लगाये गये। विरोध प्रदर्शन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सह भाजपा नेता घूरन राम ने मुख्यमंत्री और भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव पर जमकर जुबानी हमला बोला। कहा कि भवनाथपुर के विधायक सबसे बड़े झूठे हैं। विधायक से भी बड़ी राज्य की गठबंधन सरकार है। उन्होंने कहा कि यदि भवनाथपुर में पावर प्लांट नहीं लगा तो विधानसभा का भी घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगें। कहा कि भानु प्रताप शाही वो शख्स है जो आने वाले दिनों में झामुमो को खदेड़ कर बंगाल की खाड़ी में भेज देंगें। उन्होंने सरकार-झामुमो को चेताते हुए कहा कि विधायक के कार्यों की झूठी तालियां बजवाना बंद कर जल्द से जल्द पावर प्लांट लगवाने का काम करें। इस मौके पर घूरन राम, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, अनिल चौबे, मधुलता कुमारी, लक्ष्मण राम, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव आदि ने भी सरकार और विधायक को जनता से किये वादों को पूरा नहीं करने पर झूठा करार दिया। मौके पर कृपाल सिंह, प्रमोद शुक्ला, केतार मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, राजिव रंजन तिवारी, संगिता देवी, मनोज सिंह, संजय यादव, मधुलता कुमारी, अजय सोनी, प्रेम प्रकाश रमण और राजा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सत्येंद्र नाथ के विधायक बनने पर गढ़वा में गुंडा माफिया राज पर लग चुका है लगाम : रितेश तौबे

विधायक के कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर मिठाई खिलाकर भाजपाईयों ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी को उनके कार्यकाल के एक साल पूरा होने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस पर विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने गढ़वा-रंका विस क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक है। गढ़वा में गुंडा-माफिया राज पर लगाम एक हद तक लग चुका है। भ्रष्ट अफसर बोरिया बिस्तर समेटने लगे हैं। कहा कि पिछले पांच वर्षों तक गढ़वा को खुलेआम लूटा गया। जनता का कोई काम नहीं होता था। महिला व्यवसायी से लेकर ठेकेदार तक कोई सुरक्षित नहीं था। लोग भयभीत माहौल में रहने को मजबूर थे। जमीन-बालू से लेकर अन्य कई तरह का माफिया तंत्र चल रहा था, लेकिन जब 2024 में गढ़वा की जनता ने परिवर्तन लाया और सत्येंद्र नाथ को विधायक के रूप में चुना तब से सुकुन से रह रही हैं। गढ़वा में धीरे-धीरे व्यवस्था ठीक हो रही है। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर झामुमो ने इससे पहले भी जीतने पर पावर प्लांट लगाने का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। इस पर झामुमो के लोग मौन रहते हैं। राज्य के पेयजल मंत्री गढ़वा विधानसभा से होते हुए पिछले पांच साल में भी पेयजल समस्या दूर नहीं कर पाए। पर जबसे भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी बने लगातार जनहित में काम हो रहा है। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामशीष तिवारी और अविनाश पासवान आदि उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए शैलेंद्र पाठक बने प्रतियोगिता मैनेजर

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राजस्थान में 25 नवंबर से चार दिसंबर तक खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आयोजन भारत सरकार के खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण साई और राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल के मिले जुले प्रयासों से आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए गढ़वा जिले के स्पोर्ट्स एडमिनिस्ट्रेटर शैलेंद्र पाठक को कंपटीशन मैनेजर नियुक्त किया गया है। साइकिलिंग खेल का संचालन गेम्स के दौरान शैलेंद्र पाठक के देखरेख में संपन्न होगा।

## गढ़वा जिला कबड्डी जूनियर बालक-बालिका टीम का चयन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला कबड्डी संघ की ओर से रविवार को मुख्य देव प्लस टू विद्यालय करमदीह हाई स्कूल के मैदान में चयन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ वेद प्रकाश दुबे ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना है। सभी खिलाड़ियों को जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने का आशीर्वाद भी दिया। इसमें 150 खिलाड़ी बालक एवं बालिका ने भाग लिया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक वर्ग में 16-16 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों का 25 नवंबर से चार दिसंबर तक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। जिसकी समाप्ति के बाद पांच दिसंबर को गढ़वा जिला कबड्डी जूनियर बालक एवं बालिका टीम का फाइनल सिलेक्शन होगा। गढ़वा जिला कबड्डी संघ की ओर से चार सदस्य चयन टीम बनायी गयी थी, जिसमें नेशनल प्लेयर पंकज कुमार, हरेंद्र पासवान, निर्भय कुमार और संतोष मौर्य शामिल थे। इसकी जानकारी गढ़वा जिला कबड्डी संघ के सचिव राजू उरांव ने दी।

# श्रीनगर-पंडुका पुल निर्माण कार्य फिर शुरू अप्रैल 2028 तक कार्य पूरा होने का लक्ष्य

## झारखंड-बिहार को जोड़ने वाली इस परियोजना से घटेगी दूरी, रोजगार -विकास की खुलेंगी राहें

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के श्रीनगर गांव स्थित सोन नदी पर बनने वाला बहुप्रतीक्षित श्रीनगर-पंडुका पुल का निर्माण कार्य फिर से शुरू हो गया है। उक्त पुल झारखंड और बिहार को सीधे जोड़ेगी। बतातें चलें कि पिछले 15 महीनों से बंद पड़ी यह परियोजना पुनर्निविदा के बाद पुनः प्रारंभ कर दी गई है। पुल निर्माण कार्य को अप्रैल 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्य निष्पादन की जिम्मेदारी बीके गुप्ता इंफ्रास्ट्रक्चर को सौंपी गई है। इस बार पुल निर्माण की पुनर्निविदा एक अरब 53 करोड़ रुपये की राशि से की गई है। पूर्व संवेदक बृजेश अग्रवाल को गुणवत्ता दोष और अनियमितताओं के कारण काली सूची में डालते हुए कार्य मुक्त कर दिया गया था। बिहार के कई जनप्रतिनिधियों की शिकायत पर एनआईटी (राष्ट्रीय गुणवत्ता जांच दल) ने जांच की और निर्माण में गंभीर खामियों की पुष्टि की। जांच के बाद काम रोक दिया गया था। पुल की 2.15 किलोमीटर लंबी संरचना में प्रतिशत से अधिक पिलरों का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। निर्माण के दौरान पिलरों में आई दरारों को दूर करने के लिए संरचना में जैकेट लगाने या एनआईटी से बात कर अन्य तकनीकी समाधान पर विचार किया जा रहा है। पुल के बन जाने से बिहार तक की 120 किलोमीटर की दूरी घटकर मात्र 15-20 किलोमीटर रह जाएगी। इससे दोनों राज्यों के बीच परिवहन, व्यापार और आवागमन को बड़े स्तर पर लाभ होगा। इस अवसर पर डूमरसोता के मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा ने कहा कि पुल निर्माण से 'दो राज्यों के दिलों का रिश्ता' मजबूत होगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। जबकि मझिगावां की मुखिया रीता देवी ने कहा कि पुल बनने से दूरी कम होगी और डेहरी ऑन सोन पहुंचना आसान हो जाएगा। मरीजों को इलाज के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। डूमरसोता के ग्रामीण अरुण कुमार दुबे का कहना है कि पुल निर्माण से युवाओं के लिए नए रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। वहीं मझिगावां के ग्रामीण सत्यनारायण चौबे के अनुसार, पुल बनने से कृषि उपकरणों के आवागमन में सुविधा होगी और कृषि उपज के आयातझ्रनिर्यात में वृद्धि होगी।



## कांडी और लमारी कला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दो पंचायत कांडी और लमारी कला में रविवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' का सफल आयोजन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेश प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। जिला नोडल पदाधिकारी महेश्वर कुमार, बीडीओ राकेश सहाय, प्रमुख नारायण यादव, जिला पार्षद नेहा कुमारी, मुखिया विजय राम, मुखिया शशि कुमारी और बीडीसी कमला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कांडी पंचायत में कुल 789 आवेदन मिले। इनमें जाति प्रमाणपत्र तीन, आय प्रमाणपत्र 12, जन्म प्रमाणपत्र दो, नया राशन कार्ड/नाम जोड़ना 32, दाखिल खारिज 18, भूमि धारण प्रमाणपत्र तीन, पेंशन 21, मनरेगा जॉब कार्ड 16, पशुधन योजना 23, बाल विकास 10, आवास योजना 250, मंईयां योजना 275 और अन्य 124 आवेदन शामिल हैं। जबकि लमारी कला पंचायत में कुल 632 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पेंशन 23, मईया सम्मान योजना 203, राशन कार्ड 19, मनरेगा 37, दाखिल-खारिज पांच, जाति दो, निवास एक, श्रम विभाग दो, पशुपालन 48 और अबुआ आवास के 292 आवेदन शामिल हैं। इस दौरान लमारी पंचायत कार्यक्रम में चार महिलाओं उषा देवी, सुर्ती देवी, वर्षा देवी और पूजा कुमारी की गोदभराई की गई। विधायक नरेश प्रसाद सिंह और बीडीओ राकेश सहाय ने तीन बच्चों आदया सिंह, प्रिया कुमारी और प्रियांशु कुमारी को खीर खिलाकर मुहजुठी की रस्म पूरी की। इस दौरान 10 असहाय लोगों के बीच कंबल और 20 लोगों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही मनरेगा जॉब कार्ड भी बांटे गए। मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि विजय राम एवं रिंकू सिंह ने अतिथियों का अंगवस्त्र और फूलमाला से स्वागत किया। मौके पर पंचायत सेवक शाहिद अंसारी, नीतीश कुमार, प्रधान लिपिक अजित कुमार, हरिनाथ चंद्रवंशी और विनोद चंद्रवंशी आदि थे।

# मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने चोरी की घटना में शामिल दो अपराधी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैक्लुस्कीगंज।** छठ पूजा की सुबह हेसालोंग स्थित वायु सेना कमांडर अविनाश प्रसाद के घर में हुई चोरी का खुलासा मैकलुस्कीगंज पुलिस ने कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को चोरी हुए जेवरात के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छठ पूजा की सुबह जब कमांडर अभिनाश प्रसाद अपने परिवार और मां के साथ घर में ताला लगा कर स्थानीय हेसालौंग तालाब स्थित छठ घाट के लिए गये थे। पूजा के बाद लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर से सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल फोन गायब पाये गये।

घटना के बाद कमांडर की मां नीलमणि प्रसाद ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी, जिसके आधार पर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में खलारी के पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धन्नजय बैठा एव पुलिस अवर निरीक्षक बिरजू प्रसाद द्वारा सशत्र बल के साथ पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और इनपुट के आधार पर पर छापेमारी शुरू कर दी। इसी क्रम में धमधमिया क्षेत्र में अपराधियों के छिपे होने की संभावना को देखते हुए छापामारी किया गया। छापेमारी में क्रम में चोरी की घटना के अभियुक्त इस्लाम, पिता छोटे खान उर्फ छोटे, निवासी बिल्सी रोड परौली, जिला बदायूं तथा अफताब अंसारी, पिता दिलदार अंसारी, निवासी न्यू मंगरदाहा बहेरा, जिला चतरा निवासी को धमधमिया के पास घेराबंदी कर दोनों अपराधियों को पकड़ा गया। पुलिस ने अपराधियों के पास से चोरी गया सोने का मंगलसूत्र, चांदी के सिक्के, पायल, कटोरी, बिछिया, बेरा एव मोबाइल फोन बरामद किये गये। छापेमारी में मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी धनजंय बैठा तथा पुलिस अवर निरीक्षक बिरजू प्रसाद तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# टीकर में डेढ़ लाख टकिया फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाईस्कूल मैदान में 22 वां एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता को लेकर हरी मंदिर प्रांगण में रविवार को बैठक कर तैयारी की समीक्षा की गयी। आर एफसी टीकर के अध्यक्ष खगेंद्र नाथ प्रामाणिक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टाईसिट, खिलाड़ियों का एंट्री, सुरक्षा आदि पर विचार विमर्श किया गया। खेल का उद्घाटन राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव के हाथों कराने का भी सहमति बनाया गया। आयोजन समिति के गुरुदयाल प्रामाणिक ने बताया कि आगामी 14 दिसंबर 2025 को फुटबॉल खेल प्रतियोगिता के विजेता टीम को डेढ़ लाख एवं ट्राफी, द्वितीय उप विजेता टीम को एक लाख 21 हजार एवं ट्राफी तृतीय एवं चतुर्थ स्थान पाने वाले टीमों को 25-25 हजार एवं ट्राफी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि खेल शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर तैयारी का समीक्षा किया गया।

मौके पर राधानाथ प्रामाणिक, माणिक घोष, अनिल सिन्हा, अभिराम उरांव, जगदीश उरांव, दिवाकर वैवर्त, अमित सिन्हा, बैद्यनाथ दास, देवेंद्र मांझी, बासुदेव चटर्जी, मुकेश साहू, कार्तिक प्रामाणिक, बनमाली रजक आदि उपस्थित थे।

# खलारी में मसीही विश्वासियों ने ख्रीस्त राजा पर्व पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

**हम सभी का कर्तव्य है कि हम प्रभु यीशु का अनुसरण करे : फादर ऑस्कर टोप्पो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी के मसीही विष्वासियों ने रविवार को ख्रीस्त राजा पर्व के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाला। खलारी के सभी युनिट से ईसाई महिला, पुरूष व बच्चे उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी के निकट एकत्रित हुए। जहां पवित्र सैक्रामेंट की वंदना की गई। वहां से पवित्र सैक्रामेंट को वाहन में लेकर ढोलक, नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान लोग प्रभु यीशु का भक्ति गीत गा रहे थे। ख्रीस्त राजा के जयकारा के साथ फूलों से पवित्र सैक्रामेंट का स्वागत किया जा रहा था। शोभायात्रा ख्रीस्त राजा चर्च खलारी पहुंचा। जहां पर फादर ऑस्कर टोप्पो के द्वारा मिस्सा अनुष्ठान कराया गया।

इस मौके फादर फादर हिलारियुस तिग्गा एवं फादर अर्थर भी उपस्थित थे। वहीं फादर ऑस्कर टोप्पो ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु प्रेम व शांति का राजा है। स्वर्ग एवं संपूर्ण ब्रह्मांड का स्वमित्व उनका है। उनका आधिपत्य अनादि एवं अनंत है। साथ ही उनका शासन प्रेम, सेवा एवं सत्य से संचालित होता है। उन्होने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि हम प्रभु यीशु का अनुसरण करे और हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए कि किस तरह प्यार कर सके और दूसरे की सेवा कर सके। इस दौरान सभी के बीच परमप्रसाद वितरण किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सिस्टर निर्मला सैमुअल, सिस्टर हेलेन, सिस्टर द्विव्या नवरांगी के अलावा डॉ. आर कुजूर, बिनीता तिग्गा, नीलम टोप्पो, तेरेसा कुजूर, नेली प्रभा तिर्की, ज्योति कुजूर, नोरबीता टोप्पो, सरोज, एलबीना भेंगरा, रॉबर्ट, नितिन कुजूर, अनूप मुंडा, नरेश करमाली, मरियनुस किंडो, सी कुजूर, लिबीन तिग्गा सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे।

# बजरंगदल खलारी प्रखंड की बैठक संपन्न 6 दिसंबर को शौर्य बाइक संचलन का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** बजरंगदल खलारी प्रखंड बैठक रविवार को खलारी पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश तिवारी ने कि। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 दिसंबर को खलारी पहाड़ी मंदिर से शौर्य बाइक संचलन निकाला जाएगा। साथ ही संचलन का मार्ग, समय और व्यवस्थाओं पर बैठक में विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया गया। वहीं तय किया गया कि बाइक रैली खलारी के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से समन्वय स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में उपस्थित जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने बताया कि इस शौर्य बाइक संचलन का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति, धार्मिक जागरूकता और युवाओं में सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करना है। उन्होंने कहा कि यह संचलन अयोध्या मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा और समाज में एकता व सद्भाव का संदेश देगा। बैठक का संचालन प्रखंड संयोजक अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश तिवारी, प्रखंड सह मंत्री अशोक जी, संपर्क प्रमुख दीपक कुमार, विशाल नायक, मनी, विजय प्रसाद, ओमप्रकाश कश्यप, दीपक वर्मा, दीपू कुमार, गुड्डू राम, बलवीर कुमार, यशवर्धन ठाकुर, राज ठाकुर, चंदन कुमार, अमन कुमार यादव, बादल कुमार, संजीव कुमार, उमेश कुमार, दीपक अरोड़ा, प्रेम साहू, अंकित कुमार, संजय चौहान, सुनील सिंह, रमेश सिंह मौजूद थे।

# युक्ता जैन को मिला गोल्ड मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** लगन और एकनिष्ठ परिश्रम से कैसे सफलता हासिल होती है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बुंडू निवासी मनोज कुमार पाटनी और गुणमाला पाटनी की सुपुत्री युक्ता जैन हैं। युक्ता फोरेंसिक साइंस ऑनर्स में गोल्ड मैडल हासिल की हैं। 2019 में बुंडू के ही साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा के बाद युक्ता ने 2022-25 सत्र में झारखंड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी में फोरेंसिक साइंस विषय में नामांकन लिया था। उन्होंने अपने कठिन मेहनत के बल पर न केवल अपना व अपने परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। युक्ता को बैच का टॉपर बनने पर झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार और देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दीक्षांत समारोह में संयुक्त रूप से गोल्ड मैडल, प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। युक्ता की इस स्वर्णिम सफलता पर साउथ प्वाइंट के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने हर्ष जताते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। युक्ता सीबीआई या सीआईडी में फोरेंसिक विभाग में क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर बनना चाहती हैं।

# मैं जनता का विधायक, विकास ही मेरा लक्ष्य है : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरा वर्ष जनता के विश्वास, सहयोग और समर्थन को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिए गए भारी समर्थन ने न सिर्फ उनकी जिम्मेदारी बढ़ाई है, बल्कि तोरपा के विकास को नई दिशा और गति भी प्रदान की है। विधायक ने स्पष्ट किया कि उनकी प्रतिबद्धता हमेशा से ह्लजनता का विधायक, जनता के लिए विधानसभा मेंह्व की भावना पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास ही मेरा लक्ष्य है। कई घोषणाएं और वादे पूर्ण किये जा चुके हैं, जबकि कुछ कार्य प्रगति पर हैं, जिन्हें निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास जारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अबुआ सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

# खूंटी में बढ़ा सड़क हादसों का ग्राफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति बेहद गंभीर होती जा रही है। बीते एक वर्ष में 160 सड़क हादसों में 158 लोगों की मौत ने जिले को भयाक्रांत कर दिया है। लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं के चलते श्मशान और कब्रिस्तान में बढ़ी गतिविधियाँ यहां सड़क सुरक्षा की वास्तविक स्थिति को उजागर करती हैं। मुरहू प्रखंड के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि केवल मुआवजा देने भर से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने परिवहन विभाग पर मनमाने तरीके से समय-सारणी बनाने, बिना सर्वेक्षण के परमिट जारी करने और बस मालिकों के बीच खतरनाक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उप प्रमुख के अनुसार अनियंत्रित बस समय-सारणी के कारण संचालकों में तेज गति से यात्रियों को उठाने की होड़ लग जाती है, जिसके परिणामस्वरूप हादसों में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति करोड़ों रुपये खर्च होने की बात करती है, जबकि परिवहन विभाग बिना सुरक्षा मानकों की समीक्षा किए परमिट जारी कर रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी परमिटों और समय-सारणियों की तुरंत समीक्षा की जाए, प्रत्येक मार्ग का भौतिक सर्वे हो और दुर्घटना प्रभावित रूटों पर बसों की संख्या नियंत्रित की जाये।

# सेवा शिविर में उमड़ रही ग्रामीणों की भीड़, कई मामलों का हुआ निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत रविवार को आज तपकरा एवं फटका पंचायत भवन में पंचायत स्तरीय सेवा का अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्रों के आवेदन एवं उनके निष्पादन हेतु अलग-अलग स्टॉल लगाये गये, जिनमें ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

**शिविर की विशेष व्यवस्था :** शिविर में उन ग्रामीणों और बुजुर्गों के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया, जिन्हें आवेदन भरने में कठिनाई हो रही थी। हेल्प डेस्क पर मौजूद कर्मियों ने उनका आवेदन भरने में पूरी सहायता की। कई बुजुर्ग पेंशन संबंधी जानकारी के लिए पहुंचे, जिनकी जाँच के दौरान पता चला कि वे पहले से ही पेंशन योजना के लाभुक हैं, परंतु जानकारी के अभाव में अनभिज्ञ थे। उन्हें उनके बैंक खाता नंबर, बैंक का नाम व शाखा की जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिसे जानकर वे अत्यंत प्रसन्न हुए। पेंशन के कई नए आवेदनों पर मुखिया एवं पंचायत सचिव की अनुशंसा के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चन्द्र झा ने मौके पर ही स्वीकृति देकर लाभुकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। अंचल अधिकारी पूजा बिनहा ने पूर्व में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करते हुए जाति, आवासीय एवं आय प्रमाणपत्रों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों को सेवा का अधिकार कानून के तहत समयबद्ध रूप से सेवाएं उपलब्ध कराना है। शिविर में भूमि से संबंधित दाखिल खारिज, सीमांकन, भू-धारण प्रमाणपत्र आदि के आवेदन भी स्वीकार और निष्पादित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने तपकरा शिविर का संचालन किया जबकि फटका शिविर की जिम्मेदारी अंचल अधिकारी पूजा बिनहा ने संभाली। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, मुखिया पुष्पा गुड़िया और रोशनी गुड़िया ने ग्रामीणों को संबोधित किया तथा प्रमाणपत्र एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया। ग्रामीणों ने इस सेवा शिविर को जनहित में अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावकारी बताया।

# धनबाद में हुए आठवें राज्य सम्मेलन में शामिल हुए पिपरवार के सीटू कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयला नगरी धनबाद मे संपन्न हुए सीटू के तीन दिवसीय आठवां राज्य सम्मेलन मे सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कई सीटु कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। जानकारी के अनुसार सीटू के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव इस्लाम अंसारी के नेतृत्व मे युनियन के लोग इस सम्मेलन मे शामिल हुए। यह सम्मेलन 21 नवंबर से 23 नवंबर तक धनबाद मे आयोजित था,जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए इस्लाम अंसारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा श्रम कानून में परिवर्तन कर चार लेबर कोड लागू कर दिया है, जिसे इस मंच से विरोध करते हैं,जो इस देश के किसान मजदूर के हित में नहीं है। यह कानून बड़े-बड़े उद्योगपति और पूंजीपतियों के पक्ष में है। इस कानून में मजदूरों को आंदोलन करने का अधिकार छीन लिया गया है। मजदूरों का कार्य करने का घंटे का सीमा समाप्त कर दिया गया है। मजदूरों को जो श्रम कानून के द्वारा अधिकार मिला था उसे समाप्त कर दिया गया है। इन मुद्दों पर काफी चर्चा हुई। यह सम्मेलन एक ऐसे समय पर हो रहा है जो संगठन को बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। आज पूरे देश एवं राज्य में एमडीओ मोड में खदान खोली जा रही है, जो पूरी तरह ठेका मजदूरों के द्वारा संचालित किया जायेगा। ऐसी स्थिति में ठेका मजदूरों को एकजुट करके बड़ा आंदोलन करने की जरूरत है,साथ ही साथ हाई पावर कमेटी के द्वारा वेतन मजदूरों को मिले इसकी लड़ाई पूरे राज्य और देश में लड़ने की तैयारी सीटू कर रही है। श्री अंसारी ने कहा कि झारखंड के चतरा एवं हजारीबाग जिला में एमडीओ मोड में काफी नई खदानें खोली जा रही है। ग्रामीणों की भूमि जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है। जमीन के बदले उचित नौकरी और मुआवजा भी नहीं मिल रहा है। इसके खिलाफ सीटु संगठन बड़ा आंदोलन की तैयारी में है। उन्होंने चतरा और हजारीबाग जिला में यूनियन को मजबूत करने पर जोर दिया, जिससे विस्थापित ग्रामीण एवं ठेका मजदूरों को हक एवं अधिकार मिल सके। इस सम्मेलन में पिपरवार क्षेत्र से इस्लाम अंसारी, अजेस मुंडा एवं मोहम्मद जुल्फान शामिल हुए।

## महत्वपूर्ण खबरें

### खूंटी क्लब के रक्तदान शिविर में चार यूनिट रक्त संग्रह किया गया




खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी क्लब एवं सदर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को खूंटी क्लब परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड बैंक के प्रभारी एवं सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आनंद किशोर उरांव टीम के साथ शामिल हुए और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान चार लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मौके पर क्लब के सचिव गणपत कुमार भगत ने कहा कि खून का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए जरूरत के समय किसी की जान बचाने के लिए सभी लोगों को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। खूंटी क्लब ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए यह शिविर आयोजित किया, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ाने का संदेश भी गया। शिविर के सफल संचालन में क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, ओमप्रकाश मिश्रा, कृष्णचंद्र मिश्रा, महेश चौधरी, राज कुमार गुप्ता, किशोर साहू, सुदामा साहू, श्यामकिशोर भगत, संतोष गुप्ता, मनोज लहकार, जीतेंद्र भगत, प्रदीप भगत,संजय मिश्रा सहित कई सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

### संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन का बैठक



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के कुकडू हाट मैदान में संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन चांडिल अनुमंडल का एक बैठक अजित सिंह मुण्डा की अध्यक्षता में हुई। वहीं श्यामल मार्डी ने कहा कि आज आदिवासी खतरे में है। केंद्र और राज्य सरकार हमें छलने का काम कर रहे हैं। हमारी हासा,भाषा ,जल जंगल जमीन पर खतरा मंडरा रहा है, हमें एक होकर अपनी अस्तित्व व अस्मिता को बचाने का लड़ाई लड़ना होगा।बैठक में कुकडू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से उमेश सिंह मुण्डा को अध्यक्ष,सतीश? हांसदा को सचिव, मनोरंजन सिंह को कोषाध्यक्ष चयनित किया गया। कार्यकारी सदस्य के रूप में कर्ण मुर्मू, नारायण हांसदा, संजीत टुडु, रवि,नरेश सिंह मुण्डा का चयन किया गया। इस मौके पर टुंपा हांसदा,रघु सिंह पातर, भृगु सिंह पातर,मकर बास्के, पशुपति सिंह, बुद्धेश्वर टुडु, श्यामल मार्डी आदि उपस्थित थे।

### कवि बिनंद सिंहदेव संस्थान का झूमर एवं कला महोत्सव आयोजित



मुरी (आजाद सिपाही)। कवि बिनंद सिंहदेव सेवा संस्थान सिल्ली के द्वारा दो दिवसीय कला एवं झूमर महोत्सव का उद्घाटन किया गया। इस महोत्सव में पांचपरगना क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों के कलाकारों ने भाग लिया। सिल्ली प्रखंड के लगभग सभी बीस पंचायतों के कलाकार ढोल नगाड़े और गाजे बाजे को लेकर छाता टांड़ मैदान में पहुंचे हुए थे। स्थानीय राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने बताया कि इस कार्यक्रम को करने का उद्देश्य है कि कलाकारों को एक मंच मिले, उन्हें अपनी कला को प्रदर्शित करने का मौका मिले और अपनी छुपी हुई प्रतिभा को निखार सके। सिल्ली के कलाकार सरोज सिंह, मधुसुदन कोइरी, सुरेश कोइरी, राजेंद्र कोइरी, दीनानाथ कोइरी ने कहा कि आज का कार्यक्रम की शुरूआत काफी उत्साह भरा रहा इस तरह के कार्यक्रम से ग्रामीण कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है। कार्यक्रम का समापन सोमवार को होगा।

### खेलगांव रांची में अस्मिता सॉफ्ट टेनिस लीग 2025-26 का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। खेलो इंडिया के तहत अस्मिता सॉफ्ट टेनिस लीग 2025-26 का आयोजन खेलगांव रांची में किया गया, जिसमें टेनिस टूर्नामेंट में बिरसा चिल्ड्रन एकेडमी बुंडू की बच्चियों ने लहराया जीत का परचम। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया के तहत बिरसा चिल्ड्रन एकेडमी के 29 बच्चियों ने भाग लिया, जिसमें से सभी बच्चियों ने पहले और दूसरे राउंड में विजेता रही, जबकि फाइनल राउंड में पहुंचने वाली खिलाड़ियों में नैना कुमारी रिंकी कुशवाहा अर्चना कुमारी श्रेया कुमारी को मेडल ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देख कर सम्मानित किया गया। बाकी सभी पार्टिसिपेट खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। चारों बच्चियों की सफलता पर बिरसा चिल्ड्रन एकेडमी के निर्देशक भुवनेश्वर प्रमाणिक ने हर्ष जताते हुए उन्हें विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने हेतु बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। खेल शिक्षक एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने चारों बच्चियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उन्हें और बेहतर करने की शुभकामनाएं दी।

### रोहन सिंह मुंडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुडू के एदेलहातु ग्राम निवासी ग्राम प्रधान पूर्व जिला परिषद विनय कुमार सिंह मुंडा के बेटे रोहन सिंह मुंडा ने जुलाई 24 में आयोजित बैचलर ऑफ साइंस ऑनर्स कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं साइबर सिक्योरिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी स्कूली शिक्षा बुंडू सूर्य मंदिर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी में हुई। उनकी सफलता तो पिछले साल ही हो गई थी परंतु यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह इस साल मनाया गया। उनकी उपलब्धि से एदेलहातु पंचायत एवं आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय है उनके पिता विनय कुमार सिंह मुंडा उर्फ बंटी मुंडा ने कहा कि उनके पुत्र ने इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# रातू के संडे मार्केट में सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

## ग्रामीणों ने घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का किया विरोध

- इंजीनियर के बजाय प्रतिनधि कर रहे का कार्य की निगरानी, मजदूरों के भरोसे हो रहा निर्माण
- जिप अध्यक्ष ने की सड़क निर्माण का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क निर्माण कार्य का जायला लेती जिप अध्यक्ष निर्मला भगत एवं अन्य।

**रातू।** प्रखंड के कठीटांड-ठाकुरगांव मार्ग स्थित संडे मार्किट स्थित सिंह मोड़ से आंनदमयी नगर तक तीन 3.4 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क निर्माण को लेकर दो साल पहले ही शिलान्यास किया गया था। पर कार्य 22 नंवबर 2025 से शुरू किया गया था। हालांकि सड़क निर्माण के शुरू होते ही वहां मौजूद दर्जनों ग्रामीणों ने कार्य की स्थिति देख इसका विरोध करते हुए हंगामा कर दिया। ग्रामीण कार्य स्थल पर संवेदक एवं इंजीनियर को बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने पीसीसी पथ निर्माण में मानकों की अनदेखी एवं घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया। कहा कि निर्माण में कई तकनीकी खामियां भी है। सड़क की मोटाई निर्धारित मापदंड 6 इंच के स्थान पर मात्र तीन-चार इंची रखी जा रही है। घटिया निर्माण की सूचना रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत को दी गयी। इसके बाद मौके पर पहुंची जिप अध्यक्ष ने सड़क निर्माण का निरीक्षण किया और खुद इसकी मोटाई की माप की जहां मात्र तीन इंची से भी कम मोटाई पायी गयी। उन्होंने लोगों को इसकी जांच कराने की बात कही।

### इंजीनियर के प्रतिनिधि करते हैं देखरेख

मजदूरों से इंजीनियर के बारे में पूछताछ करने पर पता चला कि अपने प्रतिनिधि के रूप में वह एक व्यक्ति को भेजते हैं। उन्हीं के बताये गये मानकों के अनुरूप काम होता है। उनका जैसा आदेश होता है उसी के अनुरूप काम किया जाता है।

### ठेकेदार और संवेदक नदारत, मजदूरों के भरोसे सड़क निर्माण

**जिप अध्यक्ष निर्मला भगत ने जब संवेदक एवं इंजीनियर से बात करना चाहा तो कार्य स्थल पर न तो इंजीनियर मौजूद थे और न ही संवेदक थे। ग्रामीणों का कहना है कि मजदूरों के भरोसे सड़क निर्माण किया जा रहा है। जबकि सड़क निर्माण में इंजीनियर की मौजूदगी जरूरी है। कार्यस्थल पर इंजीनियरों की निगरानी न होना सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा करती है। ग्रामीणों ने इंजीनियर व संवेदक की मिलीभगत से घटिया सड़क निर्माण कर राशि का बंदरबांट करने का भी आरोप लगाया।**

## थाना प्रभारी ने किया ईंट-भट्ठों का निरीक्षण, दिया जरूरी दिशा निर्देश

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी शुभम कुमार ने रविवार को क्षेत्र के ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया। उन्होंने भट्ठा संचालकों से अवैध कोयला खरीदने पर कार्रवाई करने की बात कही। साथ ही कहा कि भट्ठों में बाइक, टर्बो एवं हाइवा से अवैध कोयला आने की सूचना मिलेगी तो भट्ठा संचालकों पर मामला भी दर्ज किया जाएगा। थाना प्रभारी ने भट्ठा संचालकों से बाल मजदूरी नहीं कराने का भी निर्देश दिया। इस दौरान बंसरी, हिसरी, इटहे, तुरमुली, मनातू आदि गांवों में अवस्थित ईंट भट्ठों का निरीक्षण किया। इस मौके पर पुनि दिलीप कुमार, राकेश कुमार यादव और अरुण यादव आदि मौजूद थे।

## सतकनादु इलेवन स्टार को हरा कर ब्रांड जंगल ओरमांझी ने जमाया खिताब पर कब्जा



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** ईदुल अंसारी सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में ब्रांड जंगल ओरमांझी की टीम ने 2-0 से इलेवन स्टार सतकनादु को हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को दो लाख रुपए एवं शील्ड, उपविजेता इलेवन स्टार सत कनादु को 1.5 लाख रुपए एवं शील्ड, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाले दीपक ब्रदर्स और चारीहुजिर की टीम को 25-25 हजार रुपए देकर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश कुमार बैठा, पूर्व जिला परिषद सदस्य ऐनुल हक अंसारी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान, अशोक महतो, आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक ईदुल अंसारी, अध्यक्ष हाजी नेयाज अंसारी, उपाध्यक्ष रेयाजुल अंसारी, सचिव अफजल हुसैन, अनीश अख्तर, मुखिया उज्वल पहान, ग्राम प्रधान राजनीचंद्र पहान, मोहम्मद मंजर आदि ने सम्मानित किया गया।

## लापुंग के माड़ी दर्मीटोली में भालू ने दो व्यक्तियों को किया घायल



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** माड़ी दर्मी टोली के दो लोगों को भालू ने हमला कर घायल कर दिया। उनकी पहचान चंपू उरांइन (65) और झालू उरांव (60) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह 5.30 बजे उठ कर दोनों शौच के निकले थे, तभी अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। भालू ने चंपू उरांइन के पैर और सिर पर काट लिया। जबकि, झालू उरांव के सिर और चेहरे को नोच दिया। जिससे दोनों मौके पर ही अचेत हो गये। बाद में दोनों को गैरसरकारी वाहन की मदद से रिम्स अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम नहीं पहुंची थी।

## लापुंग में मडुआ की खेती करनेवाले किसान सरकार की प्रोत्साहन राशि योजना से वंचित



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** मडुवा की खेती में लापुंग दूसरे स्थान पर है। झारखंड सरकार मोटे अनाज की फसल को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ तीन हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दे रही है। पर किसानों के हितैषी प्रखंड के कृषि पदाधिकारी मो आरिफ, बीटीएम आनंद टोप्पो, जनसेवक और किसान मित्र द्वारा सही से प्रचार-प्रसार नहीं किये जाने के कारण कुछ किसान ही इसका लाभ उठा पा रहे हैं। बतातें चलें कि प्रत्येक गांव में सैकड़ो एकड़ में मंडुआ की खेती होती है। लापुंग में लगभग 87 राजस्व गांव है। जिसके हजारों किसान इस लाभ से वंचित हुए। प्रखंड कृषि पदाधिकारी का कहना है कि वे समय से इनकी जानकारी नहीं दे सके, किसान से जुड़े किसान मित्र एक्टिव भी हैं।

## ओरमांझी में स्वर्णा बैंक्विट हॉल का उद्‌घाटन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शंकर चौक में रविवार को स्वर्णा बैंक्विट हॉल का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्‌घाटन मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाइक और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीण क्षेत्र में विवाह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह बैंक्विट हॉल स्थानीय लोगों और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए सुलभ होगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, शशि मेहता सतनारायण तिवारी, दुर्गा शंकर साहू, सुरेंद्र महतो, सुनील नायक आदि उपस्थित थे। बैंकेट हॉल प्रोपराइटर सुरेश महतो ने बताया कि यह बैंक्विट हॉल आम लोगों को उचित मूल्य पर उपलब्ध होगा।

## तीरंदाजी में नेशनल चैंपियन बनी बेबी कुमारी का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा ग्राम निवासी मुनेश्वर सिंह घटवार की पुत्री और बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र जोन्हा की प्रशिक्षु तीरंदाज बेबी कुमारी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित 69वें स्कूल नेशनल गेम्स के अंडर 14 इंडियन राउंड तीरंदाजी बालिका वर्ग में नेशनल चैंपियन बनी है। इस प्रतियोगिता में उसने तीन गोल्ड मेडल हासिल किए हैं। रविवार को अपने गांव राजाडेरा पहुंचने पर उसका शानदार तरीके से स्वागत किया गया। पूर्व मुखिया मोतीराम मुंडा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तीरंदाज बेबी कुमारी का स्वागत पूर्व पुष्पगुच्छ देकर किया। बेबी की इस उपलब्धि पर राजाडेरा एवं जोन्हा के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बेबी के पिता मुनेश्वर सिंह घटवार, कोच रोहित कुमार, महावीर महतो सहित टीम सदस्य सुनीता टूटी, आलोमणी महतो और रचना टुटी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसएसबी 26वीं बटालियन के जवानों ने 'मिलेट्स मेला 2025' का किया आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सशस्त्र सीमा बल 26वीं बटालियन की ओर से शनिवार को अनगड़ा मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय मिलेट्स मेला-2025 का आयोजन किया गया। जिसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथि कमांडेंट राजीव भट्ट ने किया। मिलेट्स मेला का उद्देश्य बाजरे, जौ, ज्वार के बारे में जागरूकता बढ़ाना, पौष्टिक, किफायती और जलवायु-अनुकूल खाद्य विकल्प के रूप में इसके उपयोग को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कमांडेंट राजीव भट्ट ने मिलेट्स मेला में उपस्थित अधिकारियों, जवानों एवं बल के अन्य सदस्यों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य में सुधार लाने और स्थायी कृषि पद्यतियों के माध्यम से किसानों को सहायता प्रदान करने में बाजरे के महत्व पर प्रकाश डाला। 26 वीं वाहिनी के सभी समवाय के विभिन्न स्टॉलों पर बाजरा आधारित खाद्य उत्पाद, स्थानीय उपज और मूल्यवर्धित वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। मेला में बड़ी संख्या में एसएसबी कर्मी और उनके परिजनों ने भाग लिया। यह पहल सामुदायिक विकास, पोषण जागरूकता, सुरक्षा बलों और स्थानीय समुदायों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए एसएसबी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर जागरूकता सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य एवं आजीविका लाभ के लिए दैनिक आहार में बाजरे को शामिल करने की अपील की गई। कार्यक्रम में 26वीं वाहिनी के कमांडेंट राजीव भट्ट के मार्गदर्शन में अधिकारियों, अधीनस्थ कर्मचारियों और उनके परिजनों ने सक्रिय भागीदारी निभाया।

## जेएलकेएम ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजाडेरा चिन्तुबेड़ा निवासी सुंदरी देवी की विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गई थी। मृतका के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। इसे देखते हुए जेएलकेएम के वरिष्ठ नेता फलिंद्र करमाली ने मृतका के दशकर्म के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया। रविवार को पार्टी के कोषाध्यक्ष दीपक कुमार महतो मृतका के घर पहुंचे और परिवार को ढाढस बंधाया। उन्होंने खाद्य सामग्री परिजनों को सौंपते हुए कहा कि आगे भी पीड़ित परिवार की सहायता के लिए पार्टी हमेशा तत्पर रहेगी। मौके पर जेएलकेएम के कृष्णमोहन लोहरा, मनोज सिंह घटवार, जनक महतो, रामपोदो सिंह और सुरेन महतो आदि मौजूद थे।

## नियमावली में सुधार करते हुए मांगों को पूरा करें नहीं तो करेंगे आंदोलन : डिप्लोमा अभियंता संघ




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड अभियंत्रण सेवा नियुक्ति नियमावली 2016 में संशोधन के खिलाफ डिप्लोमा अभियंता संघ ने नामकुम महुआ टोली स्थित भवन में संवाददाता सम्मेलन आयोजित की। संगठन के महामंत्री सुभाष कुमार ने कहा कि हमारे मौलिक अधिकारों को छीनने की कोशिश की जा रही है। पर अब डिप्लोमा अभियंता अपने अधिकारों के लिए जागरूक हो चूकें है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विपक्ष में थे, तब उन्होंने नियमावली को गलत बताते हुए उनकी सरकार बनने पर त्रुटियों को दूर करने की बात कही थी। उनसे आग्रह होगी की अभियंत्रण सेवा नियुक्ति नियमावली की त्रुटियों को सुधारते हुए हमारे अधिकारों को दे। संघ ने न्यायालय में प्रक्रियाधीन झारखंड अभियंत्रण सेवा नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2025 को कैबिनेट में पारित कराते हुए चार दिसंबर से पहले लागू करने, पूर्व में कैबिनेट बैठक में तकनीकी त्रुटियों का हवाला देकर संचिका पर निर्माण विभाग को लौटा दिया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए मांगों को पूरा करने, ग्रेड पे 4600, हर चार साल में ग्रेड पे 4600, 4800, 5400 करने, सेवा संपुष्टि व प्रोन्नति समय पर करने की मांग की। संघ ने कहा कि जल्द अगर सरकार की ओर से मांगों पर विचार नहीं किया गया तों आंदोलन को बाध्य होंगें। विकास कार्यों का चक्का जाम करेंगें। मौके पर अध्यक्ष दिलीप कुमार मरांडी, उपाध्यक्ष रामलखन सिंह, उप महामंत्री अनिमेष अंशु, गुप्तेश्वर राम, अमित कुमार यादव सहित सभी क्षेत्रीय सचिव, जिला शाखा व संगठन सचिव, विभिन्न जिलों से संघ के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## समाजसेवी की मां का निधन, पूर्व विधायक ने जतायी संवेदना



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कोलाद गांव निवासी समाजसेवी बाजी मुंडा की मां जम्बी देवी (90) के निधन पर खिजरी के पूर्व विधायक आरके पाहन एवं खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। जम्बी देवी पिछले एक वर्ष से बीमार चल रही थी। रविवार को उनका निधन घर में ही हो गया। इसकी सूचना पाकर अशोक मुंडा के नेतृत्व में पूर्व विधायक आरके पाहन ने नामकुम प्रखंड के कोलाद गांव स्थित आवास पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए और पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों को सांत्वना दी। पूर्व विधायक आरके पाहन ने कहा कि स्व जम्बी देवी काफी सरल एवं धार्मिक विचारधारा वाली महिला थी। सामाजिक सरोकर से भी उनका काफी लगाव था। हम सबके लिए वे अभिभावक स्वरुप थी। भगवान पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को इस दुख से उबरने की शक्ति दे। वहीं, मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने कहा कि जम्बी देवी हम लोगों के लिए अभिभावक स्वरुप थी और समाजहित में सोचती थी। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में उबरने की शक्ति दे। अंतिम संस्कार में सांसद प्रतिनिधि शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, किरण मुंडा, रवि सागर, धनंजय मुंडा, संदीप मंडल, सुनील केरकेट्टा, राजीव रंजन, अनमोल लकड़ा के साथ भाजपा खिजरी मंडल के कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

### पेनाल्टी शूटआउट में रोन्हे ने रानी खटगा को एक गोल से हराकर मैच-खिताब पर जमाया कब्जा

## ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं: पूनम

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के साहेर पंचायत के डोमटोली मैदान में एनवाईसी समिति साहेर डोमटोली के बैनर तले तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शुरु हुआ। जिसमें कुल 16 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को रोन्हे फुटबॉल क्लब और रानी खटगा फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य पूनम देवी एवं अन्य अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को कीक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। निर्धारित समय सीमा में मैच गोल रहित रह। इसके बाद पेनल्टी शूट आउट से रोन्हे की टीम ने रानी खटगा को एक गोल से हराकर जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगड़ी प्रखंड के जिप सदस्य पूनम देवी, समाजसेवी बजरंग महतो, साहेर पंचायत के पसस गुलरेज अंसारी, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, सामाजिक कार्यकर्ता विजय नाथ शाहदेव, त्रिमूर्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष राजमोहन महतो सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता टीम को एक बड़ा खस्सी और 15 हजार रुपए नगद , जबकि उप विजेता टीम को छोटा खस्सी एवं 10 हजार रुपए नगद और तृतीया एवं चतुर्थ स्थान में रहने वाली टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिप सदस्य पूनम देवी ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमारे ग्रामीण युवाओं में गजब का खेल जज्बा और प्रतिभा है। बस इन्हें उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्लेटफार्म की आवश्यकता है। हम प्रदेश सरकार से ग्रामीण युवाओं के खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए खेल योजनाएं बनाने की मांग की है। इस दौरान टूर्नामेंट को सफल बनाने में सरना समिति के अध्यक्ष जितेंद्र खलखो, दिवाकर नाथ शाहदेव उर्फ राका, रोहित नाथ शाहदेव, दीपक महली, दिलीप उरांव, विष्णु तिर्की, अजय महली, इमरान अंसारी, संदीप तिर्की, रमेश उरांव, निखिल उरांव, मनोज उरांव, भोला तिर्की, दीपक उरांव, नितेश उरांव, सूर्य मल्हार, अनिल उरांव और एनवाईसी समिति साहेर डोमटोली के सभी सदस्य आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राथमिक खंड के छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत शनिवार को रांची-ओरमांझी स्थित बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में चिड़ियाघर एवं मच्छली घर का भ्रमण किया। इस दौरान शुतुरमुर्ग, भालू, बंदर, दरियाई गेंडा, बाघ, जंगली हाथी, लोमड़ी, हिरण, बारहसिंगा, शेर, मगरमच्छ, कछुआ, तेंदुआ आदि जानवरों, कई पक्षियों एवं मछली घर में विभिन्न देशों के दर्जनों जातियों की रंग-बिरंगे मछलियों को देखकर रोमांचित हुए। वहीं, ओरमांझी स्थित रुक्का डेम का भी आनंद उठाया।**

## पेसा कानून एवं वनाधिकार पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा सह अनगड़ा वन अधिकार मंच की ओर से रविवार को राजाडेरा चमघटी में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पेसा कानून 1996, वन अधिकार कानून 2006, सिकमी रैयत, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि के बारे में विशेष जानकारी दी गई। इसमें अनगड़ा के सभी मुखिया, ग्राम प्रधान एवं समानित सदस्यों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने लोगों को पेसा अधिनियम, इसमें निहित प्रावधानों एवं पांचवीं अनुसूची के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही रूढ़ीजन्य परंपराओं का पालन करने की बात कही। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष किष्टो कुजूर, मुखिया संघ अध्यक्ष कृष्णा मुण्डा, प्रखण्ड स्तरीय ग्रामसभा मंच के अध्यक्ष बिरसा उरॉव, ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष रवि उरॉव, झारखंड अंदोलनकारी सतीश महतो आदि उपस्थित थे।

# नियमों को ताक पर रखकर नागफेनी टोल प्लाजा में हो रही धांधली

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आंजन धाम यानी नागफेनी टोल प्लाजा इन दिनों धांधली के लिए फिर सुर्खियों में है। यह टोल प्लाजा जिला मुख्यालय से महज 17 किलोमीटर की दूरी पर एनएच 43 पर स्थित है। आरोप है कि इस टोल प्लाजा के ठेकदार अपने कर्मियों से नियम विरुद्ध जबरन वसूली करवा रहे हैं।

## शुरू से ही विवादित रहा है यह टोल प्लाजा

जब से यह टोल प्लाजा शुरू हुआ तभी से विवादों में है। पहले भी स्थानीय छूट को लेकर यहां विवाद हो चुका है। फिर कई सामाजिक संगठनों के मुखर हो कर आवाज उठाने एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद आधार कार्ड दिखा कर स्थानीयता प्रमाणित करने पर सहमति बनी और टोल प्लाजा में स्थानीय निजी वाहन में सवार लोगों के आधार कार्ड देख कर स्थानीयता की छूट देने की पहल हुई।



## स्थानीय लोगों के फास्ट टैग से जबरन काट लिए पैसे

कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक चलता रहा। पर अचानक इस टोल प्लाजा में फिर से जबरदस्ती वसूली शुरू हो गई है। टोल प्लाजा के कर्मी धांधली पर उतारू हैं। रविवार को गुमला से रांची जाने वाले सैकड़ों वाहनों का फास्टैग से चार्ज काट लिया गया। कई वाहन चालकों और गणमान्य लोगों से टोल प्लाजा कर्मियों से तीखी बहस भी हुई। कई चालकों एवं पीड़ित लोगों ने बताया कि टोल प्लाजा में बतौर मैनेजर कार्यरत कर्मी का कहना है कि पहले जो कंपनी टोल वसूली का काम ली थी उससे कहीं ज्यादा रकम में इसका टेंडर लिया गया है। इसलिए स्थानीय हो या बाहरी टोल चार्ज तो सभी का कटेगा ही। किसी को भी नि:शुल्क जाने नहीं दिया जाएगा। अगर लोकल हैं तो कम से कम 340 रुपया का पास बनवाना पड़ेगा।

## क्या कहती है टोल प्लाजा की नियमावली

टोल प्लाजा की नियमवाली के अनुसार नियम में साफ कहा गया है कि एनएचआई के नियमानुसार 20 किमी के अंदर आने वाले निजी वाहनो को अपने पहले टोल प्लाजा पर कोई शुल्क देय नहीं है। जबकि नागफेनी स्थित आंजन धाम टोल प्लाजा से गुमला शहर से महज 17 किमी पर स्थित है। हैरत की बात तो यह है कि एनएचआई की ओर से पांच किमी पहले हवाई अड्डा तक ही सड़क बनाई गई है। इस प्रकार गुमलावासी एनएचआई का मात्र 13 किमी सड़क का उपयोग कर रहे हैं। एक और महत्वपूर्ण नियमावली के अनुसार अगर किसी भी कारण वाहन चालकों या बैठे यात्रियों को टोल प्लाजा में 10 सेकंड से अधिक प्रतीक्षा करनी पड़ती है तो टोल प्लाजा वाहन चालकों या बैठे यात्रियों से पैसे नहीं ले सकता। पर इस प्लाजा में लगे कर्मी स्कैनर लेकर 10 मिनट 15 मिनट तक स्कैन करते रहते हैं और जबरन पैसा वसूलते हैं।

## किसी पदाधिकारी को कोई चिंता नहीं

किसी भी पदाधिकारी को इस बात की चिंता नहीं की टोल प्लाजा में जबरन अवैध वसूली की जा रही है। हैरत की बात है कि जब जिला परिवहन पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एनएचआई के पदाधिकारी से बात करनी पड़ेगी। वह इस मामले को कल तक देखते हैं। जबकि एनएचआईन पदाधिकारी फोन नहीं उठाते।

## मैंनेजर नहीं दिखा पाया कोई आदेश

राहगीरों ने जब 340 रुपया का पास बनवाने को लेकर केंद्र सरकार से पारित गजट दिखाने को कहा, तो मैनेजर उधर-उधर देखने लगा। फिर एक फाइल लाया, जिसमें पैसे काटने संबंधि कोई निर्देश नहीं था।

# अधिवक्ता निजाम चौधरी गुमला कब्रिस्तान में हुए सुपुर्द-ए-खाक

## बेहद विनम्र और शालीन व्यक्ति थे निजाम चौधरी : शहजाद अनवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हरदिल अजीज, अधिवक्ता निजाम चौधरी (84) रविवार को गुमला कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक हो गये। सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से उनके जनाजे को विदाई दी। अधिवक्ता निजाम चौधरी का निधन इलाज के दौरान रांची में हो गया था। जैसे ही यह खबर गुमला पहुंची उनके आवास रजा कॉलोनी में बड़ी संख्या में उनके चाहने वाले पहुंचने लगे। उनके जनाजे की नमाज गुमला कब्रिस्तान में मौलाना मुफ्ती कासिद रजा ने पढ़ाई। पूर्व अंजुमन इस्लामिया के सचिव शहजाद अनवर ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया। कहा कि अधिवक्ता निजाम चौधरी हमारे पिता तुल्य और अभिभावक की तरह थे। उन्हें निजाम चौधरी के साथ अंजुमन इस्लामिया में बतौर सेक्रेटरी 3 वर्ष काम करने का मौका मिला है। निजाम चौधरी अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर अब्दुल गफ्फार अंसारी, पूर्व सदर



सैयद नुरुल हुदा, पूर्व सदर सलीम खान आदि के साथ बरसों अंजुमन इस्लामिया मदरसा इस्लामिया, मुसाफिरखाना और उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल आदि में सेवा देते रहे। इतना ही नहीं, अधिवक्ता निजाम चौधरी गुमला लॉ कॉलेज के संस्थापक और लॉ कॉलेज में बरसो बरस लेक्चरर के तौर पर कार्य किया। उनकी जीवन शैली बहुत ही सादा और शालीन थी। उनके दो बेटे आफताब चौधरी और चांद चौधरी गुमला कोर्ट में अधिवक्ता हैं। वहीं, शोक प्रकट करने वालों में अंजुमन इस्लामिया के सभी शाखा के पदाधिकारी, अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी, सेक्रेटरी मकसूद आलम, अधिवक्ता ताहा, हाजी रियाज अनवर, कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, आशिक अंसारी, समीम खान गुलाम हसनैन शमीम वारसी, सलाउद्दीन अंसारी, शमश उल जोहा उर्फ बाबर, मोहम्मद इम्तियाज उर्फ मिनी, अत्ताउल्लाह अंसारी, हाजी फैयाज मास्टर, सैयद मोहम्मद जावेद, सैयद जुन्नू रैन, आफताब लाडले मोहम्मद लड्डन, खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू, इरफान अली, हाजी आफताब, हाजी एहसान, हाजी आजाद, मास्टर मंटू, इरफान अली, हनीफ रब्बानी, अक्की खान, मोहम्मद जुबेर खान, अनवर खान, पीर मोहम्मद अंसारी, नुरुल हुदा, अहमद मास्टर, गुलाम हसनैन और हाफिज गुलाम गौस आदि शामिल थे।

## मंदिर से शादी कराकर निकलते समय हुआ हादसा

# बाइक के धक्के से वृद्ध पुजारी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के देवाकी बाबाधाम मंदिर के समीप बाइक की टक्कर से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान सिरकोट ग्राम निवासी शिव शंकर पाठक के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर पुलिस साथ घटनास्थल पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर थाने ले आयी। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बाइक और चालक को भी थाने ले गयी। जानकारी के अनुसार मृतक शिव शंकर पाठक पेशे से पुजारी थे। देवाकी बाबा धाम मंदिर में शादी कार्यक्रम कराकर घर जाने के लिए मंदिर से बाहर निकल रहे थे। तभी आदर की ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल शिव शंकर पाठक को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ऑटो पलटने से छह घायल, दो गंभीर



**जारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बारडीह मोड में ऑटो के पलट जाने से उसमें सवार छह लोग घायल हो गए। रविवार की सुबह सभी बारडीह चर्च में आयोजित खीस्त राजा के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इस हादसे में सीकरी अंबा टोली निवासी संजीता कुजूर (14) और खीस्त सुनीता टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों जारी के आरसी मध्य विद्यालय में कक्षा छठी के विद्यार्थी हैं। इसमें संजीता कुजूर की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। वहीं, अन्य घायलों का नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया, जबकि दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एक ऑटो में आधा दर्जन लोग सवार होकर बारडीह चर्च में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तेज रफ्तार और कोहरा के कारण बार डीह मोड के पास ओटो अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

# औचक छापामारी में 6000 घनफीट बालू का मिला अवैध भंडारण, जब्त



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध खनन के विरुद्ध छापामारी अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में रविवार को घाघरा थाना क्षेत्र के मौजा आरंगी में जिला प्रशासन की टास्क फोर्स की टीम ने संयुक्त निरीक्षण कर औचक छापामारी की। जिसमें घाघरा सीओ, गुमला वन परिसर पदाधिकारी, वन प्रमंडल और खनन निरीक्षक गुमला शामिल थे। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने वन भूमि से लगे प्लॉट पर लगभग 6000 घनफीट बालू अवैध रूप से भंडारित बालू पाया, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि यह भंडारण पूरी तरह अवैध था और बिना किसी वैध अनुज्ञप्ति या बंदोबस्ती के किया जा रहा था। विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया कि स्थानीय पूछताछ में यह जानकारी मिली कि यह अवैध भंडारण संजय उरांव, अनिल उरांव, अनिल उरांव और दिनेश गोप द्वारा किया जा रहा था। टीम ने पाया कि अवैध रूप से बालू का उत्खनन और भंडारण करने से न केवल सरकारी राजस्व की हानि हो रही थी, बल्कि राष्ट्रीय संपत्ति का भी क्षरण हो रहा था। अवैध खनन, भंडारण और परिवहन की यह गतिविधि खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 एवं झारखंड लघु खनिज नियमावली, 2004 के साथ ही झारखंड मिनिरल इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज 2017 के भी विपरीत है। इसके अलावा वन भूमि का उपयोग किया जाना भारतीय वन अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। जिनके विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पदाधिकारी ने कहा कि बालू का अवैध खनन-भंडारण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## महिला ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के वृंदा कुसुम टोली में कीटनाशक खाकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान प्रमिला देवी (42) के रूप में हुई है। रविवार की दोपहर एक बजे पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। उधर, मृतक की बेटी नेहा देवी ने बताया कि शनिवार की रात खाना खाकर सभी सोने जा रहे थे। तब सब ठीक-ठाक था। मां ने सुबह जल्दी उठकर धान काटने जाने को कहा और सोने चली गयी। इसी बीच उसने घर में रखी कीटनाशक खा ली।

# पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक, संघर्ष तेज करने को लेकर चर्चा

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति की बैठक रविवार को माघी बगीचा मे हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कलेश्वर साहु ने की। इसमें पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष निलांबर साहू शामिल हुई। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग आजादी के बाद से ही उपेक्षित है। पिछड़ा वर्ग के लोग झारखंड अलग राज्य आंदोलन में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। पर नवंबर 2000 मे झारखंड राज्य निर्माण के बाद पिछड़ी जाति के आरक्षण में भी भेदभाव किया गया। जिसमें गुमला सहित सात जिला को पिछड़ी जाति आरक्षण शून्य कर दिया गया। कहा कि सरकार पूरे राज्य में पिछड़ी जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण तय करें। इसके लिए हमें मिलकर जमीन स्तर पर संघर्ष करना होगा। प्रखंड अध्यक्ष कलेश्वर साहू ने कहा कि पिछड़ी जाति के युवा पढ़ा लिखा है। संगठन में युवाओ को जुड़ कर हक अधिकार के लिए लड़ना होगा। इस दौरान अनिल कुमार यादव को प्रखंड उपाध्यक्ष एवं प्रदीप कुमार साहू को प्रखंड महासचिव बनाया गया। मौके पर अधिवक्ता विंदेश्वर साहू, सुरेश साहू, हरिश्चंद्र साहू, जुल्फिकार अंसारी, प्रदीप कुमार साहू, राम कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

# खीस्त राजा शांति और प्रेम के प्रतीक हैं : फादर नोबोर मिंज

**बसिया/डुमरी (आजाद सिपाही)।** कोनबीर नवाटोली स्थित संत अन्ना चर्च में रविवार को ईसाई समुदाय की ओर से खीस्त राजा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चर्च के फादर नोबोर मिंज की अगुवाई में विशेष प्रार्थना और मिस्सा पूजा करायी गयी। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर प्रार्थना में सहभागी बने। कार्यक्रम की शुरूआत चर्च परिसर में भव्य शोभा यात्रा निकालकर की गई। इसमें शामिल लोगों ने प्रभु यीशु के दिए शांति, प्रेम और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान पूरे चर्च परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु से समाज में शांति, आपसी प्रेम, सत्य और भाईचारा बनाए रखने की प्रार्थना की। फादर नोबोर मिंज ने अपने संदेश में कहा कि खीस्त राजा शांति और प्रेम के प्रतीक हैं। वे धरती पर सत्य, न्याय और मानवता का संदेश लेकर आए थे। उन्होंने हमेशा लोगों को न्याय दिलाने का कार्य किया। इस मौके पर फादर अमृत, फादर सिप्रियन कुल्लू सहित सैकड़ों ईसाई समुदाय के लोग उपस्थित रहे। उधर, नवाडीह आरसी चर्च के तत्वाधान में खीस्त राजा तीर्थ यात्रा पर्व मनाया गया। इस दौरान फादर ब्यातुष किंडो ने मिस्सा पूजा संपन्न





कराई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु सत्य और जीवन के राजा हैं। यीशु ने न्याय, शांति और भाईचारा से रहना सिखाया। उन्होंने धन, सोना, चांदी से सेवा कार्य नहीं किया, लेकिन अपनी ईश्वरीय शक्ति से कार्य किया और इस कार्यों को देखकर हम क्रिस्तन भाई-बहन आज उनको राजा कहते हैं। यशु क्रिसत ने क्रूस ढोकर मुक्ति दिलाई और क्रूस के ऊपर से उन्होंने पड़ोसी प्रेम की शिक्षा दी। हम सबको इश्वर से मेल कराया। इसलिए आज उसी की शिक्षा, क्षमा, दया, प्रेम और शांति का राज्य को संदेश देते हैं। इससे पूर्व में पवित्र संक्ररेत को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई, जो चर्च परिसर से सीपी चौक, क्रूस चौक, जितियाटोली होते हुए चर्च परिसर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। इस मौके पर फादर पिंगल कुजूर, फादर देवनिश तिर्की, डिकन समीर एक्का, सिस्टर वेरनासिया, ज्योति, सचिन, रंजीत, लीविन आदि उपस्थित थे।

# प्रेम, क्षमा और मानवता ही प्रभु यीशु का वास्तविक राज्य : विशप

## पूरे गुमला जिले की 39 पल्लियों में प्रार्थना सभाएं, समूहगान, आराधना और शोभायात्राएं निकाली गईं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला रविवार को खीस्त राजा पर्व की भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठा। अहले सुबह से ही चर्चों में घंटियों की मधुर ध्वनि गूंजने लगी। श्रद्धालुओं की भीड़ विभिन्न पल्लियों में उमड़ पड़ी। मुख्य समारोह संत पात्रिक महागिरजाघर में आयोजित हुआ। जहां पल्ली पुरोहित फादर अविनाश लकडा एवं फादर डेविड एक्का द्वारा विशेष प्राथना किया गया। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकली गयी, जिसमें हजारों लोग प्रभु यीशु की स्तुति करते हुए शामिल हुए।

वहीं, मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित धर्मप्रांताध्यक्ष बिशप स्वामी लीनुस पिंगल एक्का ने कहा कि प्रभु यीशु का शासन किसी भौतिक साम्राज्य पर आधारित नहीं, बल्कि प्रेम, क्षमा और न्याय पर टिका है। कहा कि खीस्त राजा हमें सिखाते हैं कि सत्ता का वास्तविक स्वरूप सेवा में है। यदि हम प्रेम और क्षमा को जीवन का आधार बना लें तो समाज स्वतः सुंदर, शांतिपूर्ण और ईश्वर के उद्देश्य के अनुरूप बन जाएगा। बिशप ने युवाओं को विशेष रूप से सत्य, ईमानदारी और परोपकार की राह अपनाने की प्रेरणा दी तथा सभी धर्मों को समान दृष्टि से देखने की अपील की।



## पुरोहितों ने दिया मानवता और सेवा का संदेश

फादर सुशील, फादर अविनाश, फादर एमानुएल, फादर नवीन, फादर अरविंद, फादर डेविड, फादर मनीष, फादर अंजलुस,सिस्टर ललिता, सिस्टर हिरमिला सहित विभिन्न पल्लियों के पुरोहितों ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु का बलिदान मानवता की अमूल्य धरोहर है। कहा कि अत्याचार करने वालों को भी क्षमा कर उन्होंने संसार को अद्भुत उदाहरण दिया। यही कारण है कि वे राजाओं के राजा कहलाते हैं। पुरोहितों ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे दीन-दुखियों की सेवा को जीवन का हिस्सा बनाएं और समाज में प्रेम एवं भाईचारा मजबूत करें।

## 39 पल्लियों में पर्व का भव्य आयोजन

पूरे गुमला जिले की 39 पल्लियों में प्रार्थना सभाएं, समूहगान, आराधना और शोभायात्राएं निकाली गईं। लोग हाथों में मोमबत्तियां, क्रॉस और पवित्र जल लिए प्रभु की स्तुति-गान कर रहे थे। कई स्थानों पर महिलाओं और युवाओं ने सामूहिक नृत्य-भजनों से वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।साथ ही झांकी की प्रस्तुति की।

## कलात्मक झांकियां बनी केंद्र आकर्षण

संत पात्रिक मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा सिसई रोड, थाना चौक, लोहरदगा रोड होते हुए पटेल चौक पहुंची और पुनः महागिरजाघर परिसर में समाप्त हुई। विभिन्न मुहल्लों एवं टोलों द्वारा बनाई गई झांकियां और रथ यात्रा श्रद्धालुओं-दर्शकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। वहीं, विभिन्न चौक-चौराहों एवं सड़कों के किनारे प्रभु यीशु के जन्म, बलिदान और पुनरुत्थान पर आधारित झांकियों ने सभी को भावुक कर दिया। उधर, टॉवर चौक के समीप सर्वधर्म सद्भावना मंच के सदस्यों ने फादर क्रिस्टोफर के नेतृत्व में शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर आपसी मेल-जोल, सद्भाव और प्रेम का संदेश दिया।

## खीस्त राजा शोभायात्रा का सर्व धर्म सद्भावना मंच ने किया भव्य स्वागत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ईसाई धर्मावलंबियों की ओर से निकाले गये खीस्त राजा जुलूस सर्व धर्म सद्भावना मंच ने श्रद्धा और उमंग के साथ स्वागत किया। उर्स लाइन कॉन्वेंट से निकली शोभायात्रा सिसई रोड, थाना रोड होते हुए महावीर चौक और टावर चौक तक पहुंची। सर्व धर्म सद्भावना मंच के अध्यक्ष एएमपी श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद सहित कई पदाधिकारियों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। फादर क्रिस्टोफर लकड़ा ने बताया कि यीशु मसीह को राजा मानकर उनके बलिदान की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर शहर के पुरोहितों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने शांति और सद्भाव का संदेश दिया।

# खीस्त राजा पर्व पर ईसाइयों ने निकली भव्य शोभायात्रा

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** ईसाई समुदाय ने खीस्त राजा पर्व धूमधाम से मनाया। रविवार को ईसाई समुदाय के लोगों ने राजा खीस्त का सुसज्जित रथ के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकाली, जिसमें चैनपुर पारिस क्षेत्र के कई गांव से सैकड़ो लोग शामिल हुए। इस दौरान डीन फादर जेभिरियानुस किण्डो की अगुवाई में स्थानीय बारवे स्कूल मैदान से शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में बच्चे-बुजुर्ग-महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक बस स्टैंड मेंन रोड थाना रोड ब्लॉक चौक चर्च रोड होते हुए संत जॉन चर्च तक गई। वहां उपस्थित लोगों ने रथ का भव्य स्वागत किया। वहीं इस बीच



जगह-जगह चौक-चौराहों में धर्म विश्वस्यों द्वारा बाईबल से आधारित झांकी का मंचन कर संदेश दिया गया। उधर, खी राजा पर्व को लेकर पूरे नगर को आकर्षक रूप से साज सज्जा की गई थी। जगह-जगह तोरण द्वारा सजाए गए थे। इधर, चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से शांति के लिए प्रार्थना की। शोभा यात्रा में फादर पवन, फादर राजेंद्र तिर्की, फादर अजीत, फादर सीरिल, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ आदि शामिल रहे। वहीं सुरक्षा के मध्य नजर चैनपुर पुलिस जगह-जगह तैनात रही।

## नया लेबर कोड लागू करना मजदूर विरोधी : ब्रजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** ऑल इंडिया इंटक के सचिव और झारखंड प्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की नया लेबर कोड लागू करना मजदूर के हक में नहीं है, केंद्र सरकार के द्वारा कुछ वर्षों से मजदूर विरोधी रवैया देखी जा रही थी लेकिन अंतत 21 नवंबर को केंद्र सरकार द्वारा चार नए लेबर कोड को लाकर यह साबित कर दिया है की वर्तमान केंद्र सरकार मजदूर विरोधी है, किसान विरोधी है और वह सिर्फ उद्योगपतियों को फायदा के लिए ही इस तरह का कानून बनाया है। नया लेबर कोड लागू होने से मजदूरों की सैलरी ग्रेच्युटी और पेंशन पर भी प्रभाव पड़ेगा उनको घर ले जाने के लिए वेतन भी कम हो जाएंगे यहां तक की इसका सीधा-सीधा असर ग्रेच्युटी पर भी पड़ेगा। श्री सिंह ने आगे कहा है की जो नया कानून बनाया गया है वह 300 से कम मजदूर वाले फैक्ट्री को फायदा दिलाने के लिए बनी है ताकि उनके करीबी लोगों को फायदा हो और उद्योगपति लाभान्वित हो सके तथा मजदूरों को किसी तरह का फायदा नहीं होगा। नया कानून लागू होने पर द्विपक्षीय वार्ता भी संभव नहीं हो पायेगा, क्योंकि वह एक से ज्यादा यूनियन को वार्ता के लिए बुलाएंगे ही नहीं और जहां एक से ज्यादा यूनियन रहेगी वहां अपने मनपसंद यूनियन को ही तर्जिह देंगे और उनसे वार्ता करेंगे।

## 20 दिनों से जलापूर्ति ठप रहने पर नाराज ग्रामीणों ने ट्रांसपोर्टिंग रोकी

जलापूर्ति कराने एवं धूल गर्दा से निजात दिलाने की मांग पर अड़े ग्रामीण महाप्रबंधक के आश्वासन पर ट्रांसपोर्टिंग शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत कैलूडीह स्थित जीटीएस आउटसोर्सिंग कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य बहियार के मुखिया गिरिजा देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रविवार को ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। मुखिया गिरिजा देवी ने बताया कि जीटीएस आउटसोर्सिंग प्रबंधन मनमाने ढंग से ओबी डंपिंग कर रहे हैं। जिससे आसपास के क्षेत्र के लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है। ओबी डंप के कारण इतना धूल कण उड़ता है कि लोग विभिन्न बीमारियों से त्रस्त है। यहां के बच्चे एवं बुजुर्ग काफी परेशान है। बिना जल छिड़काव किया अंधाधुन हाइवा सड़कों पर दौड़ती है। हैवी ब्लास्टिंग किये जाने से आसपास का इलाका थर्रा उठता है। बीसीसीएल से मिलने वाली सारी सुविधाओं से यहां के ग्रामीण वंचित है। पिछले तीन महीना से पेयजल आपूर्ति ठप है। यहां की आम जनता की समस्या को सुनने वाला कोई नहीं है। बीसीसीएल प्रबंधन केवल दमन करना जानती है। आज ग्रामीणों का सब्र टूट गया और ग्रामीण सड़क पर उतरकर विरोध करना शुरू कर दिया तब प्रबंधन निंद्रा से जागी। ट्रांसपोटिंग ठप होने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गयी। आनन-फानन में प्रबंधन ग्रामीणों को समझाने बुझाने आ पहुंचे। ट्रांसपोटिंग ठप कि सूचना पाकर गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर आउटसोर्सिंग पहुंचे। ट्रांसपोटिंग ठप कर रहे ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने अपनी दर्द को महाप्रबंधक के सामने रखा। महाप्रबंधक ने एक सप्ताह के अंदर समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वसन दिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। महाप्रबंधक के आश्वासन के बाद ट्रांसपोटिंग कार्य शुरू कराया जा सका।

ट्रांसपोटिंग रोकने वाले ग्रामीणों में रघुनाथ दसोंधी, हिमांशु गुप्ता, दीपक गुप्ता, अमर यादव, अमोद सिंह, सुभाष रजवार, शशि रजवार, राजबल्लभ, जितेंद्र पांडे, श्याम दसौंधी, मिथलेश रवानी, मुन्ना रवानी आदि शामिल थे।

## वरिष्ठ साहित्यकार नारायण सिंह का निधन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हिंदी के वरिष्ठ अनुवादक साहित्यकार बीसीसीएल की गृह पत्रिका कोयला भारती के तीन दशक से संपादक रहे लोकप्रिय विद्वान नारायण सिंह नहीं रहे शनिवार को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के दौरान उनका निधन हो गया। धनबाद कोयलांचल के साहित्य के क्षेत्र में यह बड़ी ही दुखद घटना है। उन्होंने पूरे 45 वर्ष साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की विशेष कर धनबाद कोयलांचल साहित्य जगत में उनकी तूती बोलती थी। धनबाद कोयलांचल में साहित्य के क्षेत्र में उनकी रचनाएं आज भी याद ताजा कर देती है। नारायण सिंह मूल रूप से ग्राम गोंसिया छपरा (बलिया) के निवासी थे। साहित्यकार सिंह को बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश और देश के लंबी ख्याति और प्रसिद्धि प्राप्त की है । जिनकी 50 कहानी 157 निबंध लेख और समीक्षा कई समाचार पत्रों में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इनकी 17 पुस्तक प्रकाशित और विमोचित हुई हैं। सामाजिक साहित्यकार जागरुकता मंच धनबाद के जिला संस्थान की ओर से आज शोकसभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। लोकसभा की अध्यक्षता राजेश राय, डॉ संगीता नाथ, डॉ नीरा प्रसाद, डॉ रत्ना वर्मा, राज संस्था के जिला उपाध्यक्ष रविंद्र उपाध्याय, वरिष्ठ साहित्यकार प्रमिला श्री तिवारी, रिंकू दुबे, वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी, सरिता पांडेय, सोनी शर्मा, ममता सिंह, सुमन मिश्रा, विद्युत प्रकाश, वरिष्ठ शिक्षक इंद्रदेव शर्मा ,वरिष्ठ शिक्षक विनोद महतो तथा प्रो (डॉ) श्याम किशोर प्रसाद आदि उपस्थित थें।

## बेलगड़िया टाउनशिप में लाइफ लाइन हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर




**झरिया/ धनबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार को झरिया के लाइफ लाइन अस्पताल के द्वारा बेलगडिया टाऊनशिप में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और दवा वितरण का आयोजन किया गया। जिससे स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर काफी लाभ उठाया। लोगों ने बताया कि लाइफ लाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर ओपी अग्रवाल का यह बहुत अच्छा प्रयास है कि आज यहां पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसका लाभ आज विभिन्न मर्ज से ग्रसित जरूरतमंद मरीजों ने लिया। स्थानीय लोगों ने यह भी बताया कि बेलगाड़िया टाउनशिप में लगभग 40 हजार लोग निवास कर रहे हैं मगर यहां पर चिकित्सा के नाम पर कोई भी सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र नहीं खोला गया है जिससे स्थानीय लोगों को इलाज के लिए धनबाद जाना पड़ता है। इस संबंध में डॉक्टर ओपी अग्रवाल ने बताया कि बेलगड़ीया टाउनशिप में हमारे अस्पताल लाइफ लाइन के द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर के साथ मुफ्त दवा वितरण का आयोजन किया गया। बताया की जांच के क्रम में इमिनिया, ब्लड शुगर, बीपी का रोगी ज्यादा पाया गया जिससे परामर्श के आलावा दवा भी दी गयी। इस शिविर में डॉक्टर डी कुमार डॉक्टर, डॉ शमशेर आलम के अलावा स्वास्थ्य जांच की पूरी टीम मौजूद थी।

## बोकारो से नियमित विमान सेवा की मांग नागरिक अधिकार मंच ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो हवाई अड्डा अविलंब चालू कराने को लेकर नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में रविवार को मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में बोकारो हवाईअड्डा के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुकुल ने कहा कि हवाईअड्डा का 85 फीसदी कार्य तो पांच साल पहले ही पूरा हो चुका था। बाकी बचा 15 फीसदी कार्य ही विलंब का कारण है जो जानबूझकर नहीं किया गया। मुकुल ने आगे कहा कि आश्चर्य इस बात का है कि पांच सालों में दो एंबुलेंस नहीं खरीदी जा सका। आग बुझाने वाली दो गाड़ी चाहिए तो मात्र एक ही खरीदी गयी। सतनपुर पहाड़ी पर अबतक लाइट नहीं लगी। हवाई अड्डा बाउंड्री से सटी झोपड़पट्टियों को कुछ दिनों पहले उजाड़ा गया था, मगर वे फिर से बसने लगी हैं। मंच को ऐसा लगता है कि बोकारो के डीसी चाह तो रहे हैं कि हवाई अड्डा का लंबित कार्य जल्द पूरा हो। मगर दूसरी एजेंसियां इन्हें पूरा सहयोग नहीं कर रही हैं। मुकुल ने मंच के माध्यम से डीसी से अनुरोध किया कि त्वरित कार्य निष्पादन हेतु वे प्रमुख सामाजिक संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों तथा हवाई अड्डा से संबंधित सभी संस्थाओं के साथ एक बैठक करें ताकि जनता का उनपर भरोसा बढ़े। उन्होंने आगे कहा कि अगर सारा कार्य 1 जनवरी 26 तक पूरा हो जायेगा तो मंच डीसी से मिलकर उन्हें बधाई देने का काम करेगा। नहीं तो इस मुद्दे को लेकर बड़े आंदोलन की शुरूआत की जायेगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से मृणाल चौबे, रघुवर प्रसाद, अर्जुन नायक, नीरज सिंहा, वीरेंद्र चौबे, द्वारिका सिंह मुन्ना, अक्षय दुबे, संतोष दुबे, अनिल कुमार, वैद्य गणेश साव, अभय कुमार गोलू, लक्ष्मण शर्मा, ललित कुमार, विजय गुप्ता, सतीश सिंह, शशि भूषण पासवान, उमेश मिश्र, दीपक कुमार, पप्पू चौबे, मनीष झा, मंजय सिंह, नंद कुमार पांडे सहित मंच के कई पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित हुए तथा अपने विचारों को रखा ।

## सड़क दुर्घटना में झरिया के युवक की मौत

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया के धनुडीह दुगार्पुर कुम्हार बस्ती निवासी 38 वर्षीय गौतम कुमार की धनबाद कोर्ट के समीप सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना रविवार सुबह लगभग 6 बजे की है, जब गौतम गोविंदपुर शादी समारोह से अपने रिश्तेदार योगेंद्र पंडित के साथ बाइक से से झरिया की ओर लौट रहे थे। घायल योगेंद्र के अनुसार, बाइक सवार गौतम और योगेंद्र धनबाद कोर्ट के समीप जैसे ही पहुंचे विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात बाइक के अचानक चकमा देने से गौतम की बाइक अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे स्थित पेड़ से जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में गौतम कुमार और योगेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत धनबाद पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची धनबाद पुलिस ने दोनों घायलों को दूसरे वाहन से एसएनएमएमसीएच अस्पताल धनबाद भेजा, जहां डॉक्टरों ने गौतम को मृत घोषित कर दिया। वहीं योगेंद्र का इलाज जारी है।

## हरिद्वार से आये ज्योति कलश रथ का गायत्री परिवार ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** कतरास स्थित भटमुरना शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को गायत्री परिवार की ओर से हरिद्वार से आये ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बाल गोविंदराम गुप्ता के नेतृत्व में गायत्री परिवार के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने गायत्री माता की जयकारे के साथ ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। शिव मंदिर प्रांगण रथ के पहुंचते ही जयकारे का उद्घोष पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। रथ में मां गायत्री सहित गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा और वंदनियां माताजी भगवती देवी शर्मा की सुसज्जित तस्वीर की पूजा अर्चना की। पारंपरिक वस्त्र धारण कर महिलाओं ने हाथों में आरती का थाल लेकर आरती किया। जिससे पूरा माहौल गायत्रीमय हो गया। उसके सभी इलाके का भ्रमण करते हुए श्यामडीह मोड़ पहुंचे। जहां रथ की पूजा अर्चना व आरती की गयी। संध्या बेला गुहीबांध हीरक कैंप स्थित गायत्री मंदिर प्रांगण में रथ लाया गया। जहां संध्या बेला में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित होते ही पूरा इलाका जगमगाने लगा। आस पास के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रात्रि में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पंचायत साक्षरता प्रेरक संघ ने मांगों को लेकर सांसद-विधायक को ज्ञापन सौंपा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** पंचायत साक्षरता प्रेरक संघ के प्रखंड अध्यक्ष गोविंद प्रसाद रवानी के नेतृत्व में रविवार को धनबाद सांसद ढुल्लू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो को उनके आवास पर मिलकर एक ज्ञापन सौपा गया। जिसमें झारखंड सरकार की स्कूल एवं साक्षरता विभाग में पंचायत लोक शिक्षा केंद्र के प्रेरकों को समायोजन करना, संविदा कर्मी, अनुबंधकर्मी की सूची में साक्षरता प्रेरकों के नाम को शामिल करना। 31 मार्च 2018 के पूर्व का बकाया मानदेय को अविलंब भुगतान करना तथा जिन प्रेरकों का असामायिक मृत्यु हो गया है एवं उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक हो गया है। उनके परिवार के एक व्यक्ति को संबंधी विभाग में समायोजन करना आदि मांग पत्र सौपा। मौके पर गोविंद प्रसाद रवानी, कृति वास प्रमाणिक, सुनील प्रसाद, अलख देव शर्मा, मनोज रवानी, प्रवेश शुक्ला योगेश्वर रवानी कामेश्वर महतो, पूनम शुक्ला, पूनम देवी, गीता देवी, अनीता देवी,सुनीता देवी मीना देवी आदि उपस्थित थे।

### महालक्ष्मी नारायण साधना शिविर में पहुंचे गुरुदेव अरविंद श्रीमाली, कहा

## शिष्य के जीवन में गुरु ही सर्वस्व होता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** शिष्य के जीवन में गुरु ही सर्वस्व होता है। इसलिए देवी-देवताओं की साधना करने के साथ गुरु साधना को भी जीवन में प्राथमिकता दें। हर शिष्य को गुरु शब्द का उच्चारण पूर्ण श्रद्धा भाव से करनी चाहिए। क्योंकि गुरु चरणों के अतिरिक्त शिष्य को कोई तीर्थ नहीं होता है। उसी समर्पण भाव से हर शिष्य को गुरु चरणोदक को अमृत समझकर पान करना चाहिए। यह बातें अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार बाघमारा धनबाद के तत्वावधान में डीपीएल हाइ स्कूल नावागढ़ मैदान में आयोजित महालक्ष्मी नारायण साधना शिविर में गुरुदेव अरविंद श्रीमाली ने कही। उन्होंने कहा कि संयम, श्रद्धा, आत्मविश्वास, प्रेम, निष्ठा और समर्पण ये छह गुण जब स्थापित हो जाएं तब ही मानव जीवन के सफलता का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। हर मानव को अपने जीवन में इन छह गुणों को विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में ज्ञान का पुंज को प्राप्त करना है तो तुम्हें गुरु के हर कसौटी को झेलने को तैयार रहना होगा। तुम्हें गुरु के प्रहार को मन, हृदय और प्राणों से सहन करते हुए मुस्कराना पड़ेगा। उन्होंने प्रत्येक शिष्य से कहा कि शरीर स्वस्थ रखना हमसभी का कर्तव्य है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। नवस्फूर्ति, नवचेतना व सौंदर्य प्राप्ति के लिए धनुरासन करना आवश्यक है। इससे शारीरिक मानसिक रोग का निवारण होता है। इससे पूर्व सदगुरुदेव निखिलेश्वर नंद महाराज डा नारायण दत्त श्रीमाली एवं वंदनियां माताजी भगवती श्रीमाली की तस्वीर के सामने पूजा अर्चना की गयी। गुरुदेव के आवाह्न के साथ सभी साधक अनुशासन को पालन करते हुए शिष्टाचार के साथ एकाग्रता के साथ बैठ गये। गुरुदेव को माल्यार्पण के बाद साधना शिविर का शुभारंभ हुआ। अंत में महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर श्याम किशोर सिंह, सत्येंद्र भारती, जनेश्वर प्रसाद, तरुण कुमार, मिथलेश कुमार झा, रामनाथ राउत, संजय कुमार सिंह, विक्रम पासवान, सीताराम चौहान, अरुण मुंडा, मुकेश सिंह, चंदन महतो, गोपाल नापित आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ, भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई, के पूर्वी क्षेत्र पदाधिकारी की बैठक विश्वकर्मा भवन कार्यालय पुलिस लाइन के सभागार में 22 एवं 23 नवंबर को दो दिवसीय बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता, भवन निर्माण एवं संनिर्माण कामगार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बृज किशोर राम एवं संचालन प्रदेश महामंत्री धर्मजीत चौधरी ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद, भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार एवं भवन निर्माण के झारखंड के प्रभारी अंगद उपाध्याय की उपस्थिति हुई। इस बैठक में झारखंड, बिहार, उड़ीसा एवं बंगाल के प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिति हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक चर्चा प्रदेश की बैठक की विद्यमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा, आगामी आंदोलन, विश्वकर्मा संकेत सूची, महिला सहभागिता, अभ्यास वर्ग, स्टेट वेलफेयर बोर्ड विविध आयामों पर योजना, गत दिनों में संगठन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा, अखिल भारतीय मजदूर संघ अधिवेशन आदि अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के द्वारा ले गए चार लेबर कोर्ट का अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ ने स्वागत किया है। इस बैठक में मुख्य रूप से के रूप में बाघमारा प्रखंड के पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गुड्डू घोष जी का आगमन हुआ जिनको संगठन की ओर से अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में धनबाद विधायक राज सिन्हा का आगमन भी हुई जिन्हें उत्कृष्ट विधायक होने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी गयी। साथ ही उन्हें अंग वस्त्र मोमेंटो आदि देकर स्वागत किया गया। जिसमें भारतीय मजदूर संघ झा. प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी इसीएल बीसीसीएल और सीएमपीएफ माधव सिंह एबीकेएमएस के मंत्री, केके. सिंह, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ की ओर से सुशील कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, रमेश कुमार चौबे, नवनीत कुमार सिंह राघवेंद्र पांडेय, मनोज कुमार साव, उपस्थित थे।

## प्रगति ट्रांसपोटिंग कंपनी मे रोजगार सहित अन्य मांगो को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार कोलियरी कार्यालय मे रविवार को प्रगति ट्रांसपोटिंग कंपनी मे रोजगार सहित अन्य मांगो को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता हुई। बीसीसीएल प्रबंधन सीओ कार्यालय के दंडाधिकारी झरिया थाना पुलिस व जश्रसं समर्थको के बीच वार्ता हुई। संघ की ओर से संतोष सिंह व देशराज चौहान ने कहा कि प्रत्येक दंगल असंगठित मजदूरों को कम से कम दो से तीन दिन मे एक ट्रक कोयला ट्रक लोडिंग के लिए उपलब्ध कराया जाये। इसपर प्रबंधन ने असमर्थता जाहिर की ।इसके बाद वार्ता विफल हो गई। वहीं अन्य मांगों पर भु सहमति नहीं बनी। मौके पर प्रबंधन की ओर से पीओ संजय कुमार प्रगति ट्रांसपोर्ट की ओर से तरूण सिंह यूनियन की ओर से पप्पू पासवान, चौधरी भुइया, मनोज पासवान व सुमन हांसदा थे। बता दें कि विश्वकर्मा परियोजना मे नयी कंपनी प्रगति का ट्रासंपोर्टिंग व क्रसिंग कार्य को असंगठित मजदूरों ने रोक रखा है। लोग जश्रसं के बैनर तले आंदोलन करते हुए रोजगार की मांग कर रहे हैं।

### गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में लगी वार्षिक प्रदर्शनी

## झारखंड के ग्रामीण जीवन पर आधारित थीम रही अकर्षण का केंद्र

डीसी ने छात्रों द्वारा लगायें गये विभिन्न स्टॉलों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 05 स्थित गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल (जीजीपीएस) परिसर में शनिवार को वार्षिक प्रदर्शनी सृजन 2025-26 आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विज्ञान, तकनीक, कला, भाषा और झारखंडी संस्कृति के बहुरंगी रूप देखने को मिला। आयोजन में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। साथ ही, बच्चों की वैज्ञानिक सोच, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा झारखंड-थीम आधारित सजावट की सराहना की। प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण रहा - झारखंड के ग्रामीण जीवन पर आधारित थीम। मिट्टी की झोपड़ियां, जनजातीय कलाएं, पारंपरिक लोकझचित्र, बांस और लकड़ी की हस्त-कृतियां, तथा प्राकृतिक सजावट ने पूरे परिसर को एक जीवंत झारखंडी गांव के रूप में प्रस्तुत किया। मौके पर उपायुक ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल मॉडल्स का प्रदर्शन नहीं, बल्कि छात्र झ छात्राओं की चिंतन-शक्ति, शोध क्षमता और समाज के प्रति संवेदनशीलता का परिचय है। उन्होंने विद्यालय की शोध-आधारित शैक्षणिक परंपरा की प्रशंसा करते हुए छात्रों को भविष्य का जागरूक और तकनीक समृद्ध नागरिक बताया। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किये। जिसमें वायु दाब एवं ऊर्जा आधारित मशीनें, सेंसरयुक्त उपकरण, डिजास्टर रेस्क्यू सिस्टम, स्वास्थ्य, योग एवं गणित प्रोजेक्ट, रोबोटिक्स क्लब की विशेष प्रस्तुति, रेडार सिस्टम मॉडल, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था, संसाधन प्रबंधन और व्यापार - अर्थशास्त्र आदि से जुड़े मॉडल शामिल रहे।

## विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के डीएमएफटी योजना अंतर्गत लगभग सात सौ मीटर लंबी पीसीसी पथ का शिलान्यास रविवार को टुंडी बिधायक मथुरा प्रसाद महतो ने फीता काटकर किया। यह पथ बाघमारा प्रखंड के तेतुलमारी भूली रोड स्थित कानू दा किराना स्टोर से नागरिकला पंचायत के टिंकू शर्मा के घर होते हुए राजू के घर तक है। जिसका कुल बजट 73 लाख रुपये का है। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन महतो, विकास महतो, सुमित महतो, आनंद महतो, छोटू सिंह उर्फ राममूर्ती सिंह, बसंत महतो मनोज मल्लाह, बिरजू बावरी, राजू मल्लाह, गणेश मल्लाह, संजय मल्लाह, मदेश्वर प्रसाद, अमन कुमार, कृष्णा कुमार, नागेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, सूरज कुमार, विक्रम कुमार, पप्पू कुमार आदि उपस्थित मौजूद थे।

## खुंटरी पानी टंकी के कर्मचारियों ने किया हड़ताल, जलापूर्ति ठप

**जैनामोड़/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड और चास प्रखंड को मिलाकर दश पंचायत का जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना ठप हो गयी है। इस संबंध में कर्मचारियों ने अश्रुपूर्ण नम ऑखों से कहा कि वे लगातार गरीबी, बेवसी के कारण न्यूनतम दर से भी कम मजदूरी पर काम करने पर मजबूर हैं। इसके वावजूद भी उन्हें पांच महीने से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। ऐसी परिस्थिति में घर के बाल-बच्चे, परिवार भुखे रहने को मजबूर हो गये हैं। वेतन भुगतान करने के संबंध में बात करने पर बहु पंचायत के संचालक, जरीडीह प्रमुख देवनारायण भगत, कनीय अभियंता, मुख्य अभियंता सभी लोग एक दूसरे के माथे पर ठीकरा फोड़ने का काम कर रहे हैं। कर्मचारियों को समय-समय पर वेतन भुगतान करने की पहल कोई भी नहीं कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में मजबूर हो कर खुंटरी पानी टंकी के कर्मचारियों को हड़ताल करना पड़ा हैं। इससे जैनामोड़ जलापूर्ति योजना पूरी तरह से ठप हो गयी है। इस संबंध में कर्मचारियों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिला मुख्य अभियंता, जिला उपायुक्त बोकारो को सीधे तौर पर हस्तक्षेप कर वेतन भुगतान कराने का आग्रह किया है। ताकि जलापूर्ति योजना को जल्द से जल्द नियमित कर दश पंचायत में जलापूर्ति योजना को बहाल किया जा सके।

# नेतरहाट विद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन के प्रसंग में विचार गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को नेतरहाट विद्यालय समिति के तत्वावधान नेतरहाट आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन के संदर्भ में परिचर्चा सह- विचार गोष्ठी का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, रांची परिसर में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव के द्वारा आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी संस्थापक सदस्यों, पूर्व के सभी सभापति, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षक, पूर्ववर्ती छात्र एवं कई शिक्षाविद सम्मिलित हुए। विदित हो कि चार नवंबर को कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव ने विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था के प्रसंग में विद्यालय से जुड़े सभी सदस्यों से सुझाव मांगा था, जिसमे विद्यालय के कई पूर्ववर्ती छात्रों यथा- डॉ त्रिनाथ मिश्रा, पूर्व महानिदेशक सीआरपीएफ, प्रो प्रभात रंजन, कुलपति डीवाइएन पाटिल यूनिवर्सिटी, लेफ्ट. कर्नल, बजरंग बिहारी सिंह, प्रो संजीव कुमार बिरूली, प्रयाग दुबे, राजेश कुमार राय एवं अन्य शिक्षाविदों का सुझाव प्राप्त था। प्राप्त सुझाव के आलोक में ही विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्राचार्य संतोष कुमार ने कार्यक्रम की मूल बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय शैक्षणिक क्षत्रों के अन्वेषण एवं प्रयोग के लिए जाना जाता है। अतः हमारा भी कर्तव्य शिक्षा में उत्कृष्टता को बनाये रखने का होना चाहिए। कार्यक्रम के शुभारंम के पश्चात कई पूर्ववती छात्रों ने अपने- अपने विचारों को साझा किया, विद्यालय के दूसरे बैच के छात्र एवं कार्यकारिणी समिति के पूर्व सभापति नरेंद्र भगत ने पीपीपी के माध्यम से अपने विचारों को साझा किया। परिचर्चा में उपस्थित कई पूर्ववर्ती छात्रों ने भी अपने बहुमूल्य, महत्त्वपूर्ण विचारों को साझा किया। कार्यक्रम की समाप्ति समिति के पूर्व सदस्य एवं पूर्ववर्ती छात्र प्रयाग दुबे द्वारा किया गया। उन्होंने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि शैक्षणिक अछुन्नता तथा छात्रों के समग्र विकास के लिए शिक्षकों को चिंतनशील होकर कार्य करना होगा तथा छात्रों को नैतिक मूल्यों की पहचान कराते हुए सही दिशा में लाने के लिए मेहनत करने होंगे।

कार्यक्रम के अंत में कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव ने कहा की विद्यालय का शैक्षणिक विकास हम सबका परम कर्तव्य होना चाहिए। हमें विद्यालय के प्रति राजनीतिक द्वेष नहीं पालनी चाहिए। विद्यालय को एक सकारात्मक विचार एवं वातावरण प्रदान करने होंगे, तभी विद्यालय एवं छात्रों का विकास संभव हो सकेगा। छात्रों को अनुशासन एवं कर्तव्य का बोध कराना शिक्षकों का कर्त्तव्य होना चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रो केके नाग, नरेंद्र भगत, प्रयाग दुबे, कालीचरण देवघारिया, प्राचार्य संतोष कुमार, पूर्व प्राचार्य बीके कर्ण, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, शोभा पांडेय, डॉ बीके पांडेय के अलावा ऑनलाइन माध्यम से देश विदेश के बहुत सारे सदस्य सम्मिलित हुए।

## न्यूज रील्स

### टली मंधाना और पलाश की शादी

नयी दिल्ली/सांगली। स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल की शादी टल गयी है। इसकी जानकारी भारतीय महिला टीम की उपकप्तान के मैनेजर ने रविवार को दी। मंधाना के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने मीडिया से कहा कि आज सुबह जब वह (स्मृति के पिता) नाश्ता कर रहे थे, उनकी तबीयत खराब होने लगी थी। थोड़ी देर हमने इंतजार किया कि वह ठीक हो जायें, लेकिन स्थिति थोड़ी बिगड़ रही थी। हमने इसके बाद जोखिम नहीं लिया और फटाफट एंबुलेंस को बुलाया और उनको अस्पताल ले गये। अभी वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं। मंधाना अपने पिता के काफी करीब हैं तो उन्होंने फैसला लिया है कि जब तक उनके पिता ठीक नहीं हो जाते, तब तक के लिए आज होने वाली शादी को अनिश्चितकाल के लिए टाला जाएगा। मंधाना के पिता की सेहत पर तुहिन ने कहा कि डॉक्टर के अनुसार उन्हें अभी अस्पताल में ही रहना होगा।

# ड्राइ नीडलिंग, कपिंग और आइएएसटीएम विधि पर चर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट, झारखंड शाखा के तत्वावधान में एक दो दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को रांची के कैपिटल रेजीडेंसी होटल में हुआ। इसमे देश के प्रसिद्ध वरिष्ठ खेल फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मयंक पुष्कर के द्वारा ड्राई नीडलिंग, कपिंग या आइएएसटीएम विधि पर चर्चा और अभ्यास की गयी। ये विधि खेल के चोटो में बहुत ही लाभकारी है। इसके द्वारा मरीजों की मांसपेशियों के चोटो और परेशानियों का निराकरण शीघ्र किया जा सकता है। इस कार्यशाला में राज्यभर के कुल 30 से ज्यादा फिजियोथेरेपिस्ट ने भाग लिया। झारखंड आइएपी के सचिव डॉ राजीव कुमार ने कहा कि ऐसी कार्यशाला के लिए फिजियोथेरेपिस्ट अपने ज्ञान को अपग्रेड कर सकते हैं। इसी सदस्य डॉ अभय कुमार पांडे ने कहा कि झारखंड राज्य आइएपी समय समय पर अपने सदस्यों के लिए नए सेमिनार या कार्यशाला का आयोजन करती है, जिस से रांची समेत राज्य के सभी मरीजों को उन्नत फिजियोथेरेपी चिकित्सा का लाभ मिल सके। जिसके लिए मरीजों को मेट्रो शहर या राज्य के बाहर इलाज के लिए न जाना पड़े। कार्यशाला के समन्वयक डॉ अनुवी और आयोजन सचिव डॉ अजीत कुमार के अलावा डॉ सत्यम, डॉ धर्मेंद्र, डॉ मधु, डॉ स्नेहा आदि का सहयोग रहा।

# भारत ने जीता पहला ब्लाइंड विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप

- नेपाल को 7 विकेट से फाइनल हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलंबो।** पहली बार खेले गये ब्लाइंड विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब भारत ने जीत लिया। टीम ने रविवार को कोलंबो में खेले गये फाइनल मुकाबले में नेपाल को 7 विकेट से हराया। भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराया था। पी सारा ओवल स्टेडियम में इंडिया विमेंस टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।



नेपाल की टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 114 रन ही बना सकी। भारत की गेंदबाजों ने नेपाल की बैटर्स को एक ही बाउंड्री लगाने दी। इंडिया विमेंस ने फिर 12 ओवर में महज 3 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। इंडिया विमेंस के लिए फुला सारेन ने 27 गेंद पर 44 रन की नॉटआउट पारी खेली और टीम को चैंपियन बनाया। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल भी 12 ओवर में ही जीत लिया था। तब ऑस्ट्रेलिया विमेंस ने 109 रन बनाए थे, इंडिया विमेंस ने 1 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया था। टीम इंडिया को पूरे टूर्नामेंट में एक भी हार नहीं मिली।

# विंग कमांडर का हिमाचल में अंतिम संस्कार



**कांगड़ा (आजाद सिपाही)।** दुबई एयर शो में लड़ाकू विमान तेजस क्रैश में जान गंवाने वाले विंग कमांडर नमांश स्याल को रविवार को अंतिम विदाई दी गई। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में पैतृक गांव पटियालकर में चचेरे भाई निशांत ने उन्हें मुखाग्नि दी। दोपहर में उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा था। अंतिम संस्कार के मौके पर उनकी पायलट पत्नी अफसान वर्दी पहनकर अंतिम दर्शन करने पहुंचीं। जहां उन्होंने पति को अंतिम सैल्यूट किया। एयरफोर्स के अधिकारी उन्हें संभालते हुए दिखे। इससे पहले दोपहर 1 बजे गग्गल एयरपोर्ट पर कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा, नगरोटा बगवां से विधायक आरएस बाली और शाहपुर से विधायक केवल सिंह पठानिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।

# शिव मंदिर हटिया : दक्षिणमुखी मंदिर में उत्तरमुखी शिवलिंग स्थापित हैं

## मनोकामना पूर्ति के लिए भक्तजन करते हैं पूजा-अर्चना

डॉ मोहम्मद जाकिर

**रांची।** जिस समय जगन्नाथपुर मंदिर बन रहा था, उस समय बड़का गढ़ की राजधानी हटिया हुआ करती थी, जिसे चिरनागढ़ कहते थे, तब यहां के राजा ठाकुर ऐनीनाथ शाहदेव हुआ करते थे। बड़कागढ़ की राजधानी होने के कारण राजा के राजपुरोहित को राजा द्वारा हटिया में प्रदत्त भूमि में एक मंदिर का निर्माण कराया गया था। इसमें राजपरिवार की कुलदेवी मां चिंतामणि का प्रतिमा का स्थापना किया गया था।

कालांतर में अंग्रेजों द्वारा मंदिर को ध्वज कर दिया गया, तब प्रतिमा की सुरक्षा एवं देखभाल की दृष्टि से राजपुरोहित के आवास पर प्रतिष्ठित किया गया। उसके पश्चात कुछ ग्रामीणों के सहयोग से इस मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की गयी। दक्षिण दरवाजे के मंदिर में उत्तर मुखी शिवलिंग की स्थापना की गयी। मंदिर के स्वरूप को व्यवस्थित करने का कार्य 1962 में राजपुरोहित के कुछ




किरायेदारों द्वारा जीर्णोद्धार किया गया, जो वर्तमान में भी इस प्रारूप में स्थित है। क्योंकि यह मंदिर मां चिंतामणि का हुआ करता था, इसलिए इसका द्वार दक्षिण मुखी था, वर्तमान में भी है। इसी स्वरूप में यहां शिवलिंग की स्थापना स्थापित है। ग्रामीण और आसपास के लोगों की मान्यता है कि अभी भी मां चिंतामणि की शक्ति इस मंदिर में विराजमान हैं और महादेव का आशीर्वाद बना रहता है। इसलिए इस मंदिर में लोग अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए पूजा-अर्चना करने आते हैं। यह मंदिर सरकारी व्यवस्था से मुक्त है। यह राज परिवार द्वारा दिये गये भूखंड पर राजपुरोहित के प्रांगण प्रधान में अवस्थित है और निजी संपत्ति के रूप में है।

सावन के महीने में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां जल चढ़ाने आते हैं। सावन और महाशिवरात्रि के समय रुद्राभिषेक होता है। प्रत्येक पूर्णिमा को सत्यनारायण व्रत कथा किया जाता है। यह मंदिर सुबह पांच बजे से रात्रि दस बजे तक खुला रहता है। इस मंदिर के पुजारी मिथिलेश्वर नाथ मिश्रा हैं। राजपुरोहित परिवार के वंशज अखिलेश्वर मिश्र बताते हैं कि वर्तमान में मां चिंतामणि की प्रतिमा उनके आवास के प्रांगण में स्थित है। इस परिवार के लोग प्रतिदिन मां चिंतामणि की पूजा-अर्चना किया करते हैं। मां का आशीर्वाद इस परिवार पर हमेशा बना रहता है।

# अल फलाह के पास तलाशी अभियान शुरू मस्जिद से पांच किलो सफेद पाउडर बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित डबुआ थाना पुलिस ने रविवार को की गयी चेकिंग कार्रवाई के दौरान त्यागी मार्केट स्थित एक मस्जिद से लगभग पांच किलो संदिग्ध सफेद पाउडर बरामद किया।


पुलिस ने पाउडर से भरे कट्टे को कब्जे में लेकर फॉरेनसिक लैब भेज दिया है। बरामदगी के बाद से इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं और जांच की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस टीम ने मस्जिद के अंदर मौजूद बंद कमरे, ताले लगे लॉकर और अलमारी की भी गहन तलाशी ली। अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि पाउडर वास्तव में क्या है। प्राथमिक रूप से यह भी संभावना जताई जा रही है कि यह भवन निर्माण में इस्तेमाल होने वाला कोई पदार्थ जैसे सीमेंट आदि हो सकता है। डबुआ थाने के एसएचओ रणधीर सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आयेगी।

रविवार को पुलिस ने पूरे क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें मस्जिदों के साथ अन्य धार्मिक स्थलों, साइबर कैफे, धर्मशालाओं, होटलों और गेस्ट हाउसों की भी जांच की गयी। किरायेदारों के वेरिफिकेशन दस्तावेजों से लेकर सेकंड हैंड वाहनों की खरीद-फरोख्त तक की जांच की गयी। इस दौरान दो शराब तस्कर भी पकड़े गये।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**